Love All Serve All

RNI No. RAJBIL/2013/53515

# महावीर प्रवाह

# MAHAVIR PRAVAH

Live And Let Live

A Non Religious Social Service Organization

जयपुर

Publication Date: 28th Per Month • Year 11th, May 2024, Issue 06 • Despatch Date: 28th Per Month • Total Pages: 54 • Rate: 5/-




## Governing Council Meeting

## May 2024







## Special Activities







परिंडे वितरण कार्यक्रम म.इ. उदयपुर केंद्र



भोजन वितरण कार्यक्रम म.इ. बालोतरा केंद्र

# GLIMPSES OF ACTIVITIES




महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम म.इ. मेट्रोसिटी केंद्र औरंगाबाद



सुकून की छांव कार्यक्रम म.इ. डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र



सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम म.इ. प्रियकारिणी वीरा केंद्र बागीदौरा



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम म.इ. मीरा केंद्र भीलवाड़ा

**International President**
**Vir CA Anil Jain (MIF)**
president@mahavirinternational.org

**International Secretary General**
**Vir Ashok Kumar Goyal (MIF)**
sg@mahavirinternational.org

**Editor**
**Vira Dr. Rashmi Saraswat**
Flat No.-963, Sector-9,
Malviya Nagar, Jaipur -302017
Mob.: +91 6376968501
dir.wc@mahavirinternational.org

**Advisor :**
**Vir Devi Chand Shrishrimal**
Mob.: +91 9893653441
advt@samvetshikhar.com

**Co-Editor :**
**Vir Sandeep Dangi**
Mob. : +91 9824113571
dangisandeep@gmail.com

**Vir Sunil Gang**
Mob.: +91 9414165165
sunilgang56@rediffmail.com

**Deputy Editor :**
**Vir CA Ayush Jain**
Mob. : +91 9930179585
mahaveerinternational2122@gmail.com

**Vira Sarika Agarwal**
Mob.: +91 9414388872
sarikaji1978@gmail.com

**Vir Hastimal Banthia**
Mob.: +91 9879560524
hastimallbanthia@gmail.com

**Bank Details :**
**Mahavir International Foundation Trust**
Saving Account No. 61062861475
**Mahavir International Apex**
1. Saving Account No. 61085014726
   IFS Code : SBIN0031033
   STATE BANK OF INDIA
   Branch : Tilak Nagar, Jaipur
2. Current Account No. 675705602397
   ICICI Bank
   Branch : Janta Colony, Jaipur
   IFS Code : ICIC0006757

**Website :**
www.mahavir.international

**For sending reports :**
reports@mahavirinternational.org

**To communicate with Jaipur Office :**
office@mahavirinternational.org

**Facebook :**
**Page :** https://www.facebook.com/mahavirinternationalapex
**Group :** https://www.facebook.com/mahavirintnlapex

**Instagram link :**
https://www.instagram.com/mahavir_international_apex/

**Layout & Designer :**
**SJ Creations**
+91 9911278543
sarika1_designer@yahoo.co.in

**Printer :**
Ashoka Offset, Jaipur
+91 9982292263

# Contents

अध्यक्षीय संदेश ........ 04
नए महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र सिलीगुड़ी का शुभारम्भ ........ 05
Mahavir International Gurugram Center ........ 11
रीजन-7 के 2 जोन के तीन स्थान के 4 केंद्रों का एक दिवसीय मिलन, संवाद हेतु दौरा ........ 13

**रीजन-1**
नार्थ-1 संभाग ........ 19
नार्थ-2 संभाग ........ 20

**रीजन-2**
जयपुर संभाग ........ 21
सीकर-झुंझुनू संभाग ........ 23

**रीजन-3**
अजमेर संभाग ........ 25
भीलवाड़ा संभाग ........ 27
बिजयनगर-ब्यावर संभाग ........ 30
चित्तौड़गढ़ संभाग ........ 32

**रीजन-4**
डूँगरपुर-बासंवाड़ा संभाग ........ 34
राजसमंद संभाग ........ 37
उदयपुर संभाग ........ 38

**रीजन-5**
बीकानेर संभाग ........ 39
जोधपुर संभाग ........ 41

**रीजन-6**
बाड़मेर-बालोतरा संभाग ........ 43

**रीजन-7**
भोपाल संभाग, इंदौर-उज्जैन संभाग ........ 44
रतलाम-नीमच संभाग ........ 45

**रीजन-8**
सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग ........ 45
गुजरात संभाग ........ 47
मुंबई संभाग ........ 49

**रीजन-9**
महाकौशल संभाग ........ 49
विदर्भ संभाग ........ 50

**रीजन-10**
आंध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग, तमिलनाडु-केरला संभाग ........ 50
तेलंगाना संभाग ........ 52



**वीर अनिल जैन**
अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष



**वीर अशोक गोयल**
अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव

**समस्त सेवाभावी सम्मानीय वीर एवं वीरायें,**
**जय महावीर**

आशा है आप सभी सेवा क्षेत्र में अग्रणीय रहते हुए स्वस्थ एवं परिवार सहित प्रसन्नचित्त होंगे।

सेवा के पवित्र कार्यों को विराट परिपेक्ष्य में संपन्न करने हेतु **'महावीर इंटरनेशनल'** एक सक्षम संगठन हैं। संपूर्ण विश्व के बंधुओं से, सामर्थ्यानुसार सहबन्धुत्व के जीवन्त कार्यों में सम्मिलित होने हेतु आह्वान करता हैं, ताकि जरूरतमंद पीड़ित मानवता हेतु कार्यों को विशुद्ध भाव से संचालित किया जा सके।

गत 49 वर्षों में हममें से प्रत्येक सदस्य ने इस परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा जीवन व्यतीत किया हैं। इससे अपनी पहचान बनाई हैं, समाज में प्रतिष्ठा हासिल की हैं और समाज को कुछ वापस कर पाने की संतुष्टि महसूस की हैं। आज यह हमारा नैतिक दायित्व हैं कि इस परिवार को हम और नई ऊंचाइयों तक ले जाएं और इसको देश में सेवा के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान दिलवाएं। संस्था में इस समय अभूतपूर्व जोश हैं। इसी जोश के साथ सेवा कार्य करने का आनंद लें। अपेक्स स्तर पर प्रतिदिन आयोजित ई-चौपाल एवं समय-समय पर आयोजित विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से हो रहे कार्यक्रमों में भाग ले और अपने परिचितों को भी प्रोत्साहित करें। जितना वो आपकी संस्था के बारे में जानेंगे, आपको और भी आनंद आयेगा। अब जबकि इस संस्था की स्थापना के पांच दशक पूर्ण होने जा रहे हैं तो अब वक्त आ गया हैं कि महावीर इंटरनेशनल की शाखा हर कस्बे, नगर, शहर व महानगर में नजर आए व पीड़ित मानवता की सेवा हर शहर, हर नगर तक फैले, हमारी प्राथमिकता यह हो कि महावीर इंटरनेशनल संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यो की खबरें व छाया चित्र जन-जन तक पहुंचे। इस संस्था की ब्रांडिंग पर हमें और ध्यान फोकस करना हैं। इससे जन साधारण में इस संगठन से जुड़ने व सेवा यात्रा में सहयोगी बनने की चाहत पैदा होगी।

यह सब संभव होगा तथा हो भी रहा हैं आपके प्रयास से, आपके विश्वास से और आपके सहयोग से।

हमारी यह संस्था अब एक लंबी उड़ान भरने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

5 मई को गवर्निंग कौंसिल की मीटिंग सिलीगुड़ी में सम्पन्न हुई। इस मीटिंग के साथ ही सिलीगुड़ी में एक नए वीरा केंद्र का शुभारम्भ भी हुआ तथा महावीर इंटरनेशनल सिलीगुड़ी ने अपना भव्य रजत जयंती समारोह भी मनाया। सभी उपस्थित सदस्यों के सिलीगुड़ी प्रवास के दौरान केंद्र के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आतिथ्य, सत्कार ओर प्रेम की सभी ने खुले मन से तारीफ की। हम विशेष रूप से केंद्र अध्यक्ष वीर बजरंग जी सेठिया एवं सचिव वीर रमेश जी बैद का आभार एवं अभिनन्दन करते हैं- जिनके नेतृत्व में सभी कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुए तथा सभी सदस्य अविस्मरणीय एवं सुनहरी यादों के साथ लौटे।

सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से एक संयुक्त प्रयास में, महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम ने फीडिंग इंडिया, जोमैटो गिवबैक पहल के अंतर्गत साझेदारी में 13 मई को केंद्र के सभी तीन स्कूलों में दैनिक मध्याह्न भोजन पहल का उद्घाटन किया तथा इस समारोह में शामिल होने का अवसर मिला। इसी तरह के प्रोजेक्ट्स पर सभी केंद्रों को समाज के लिए लाभकारी बड़ी परियोजनाओं की खोज व समर्थन प्राप्त कर पीड़ित प्राणी मात्र की सेवा में उपयोग करना समाज हित में लाभदायी होगा।

19 मई को रीजन-7 के 2 जोन के तीन स्थान के चार केंद्रों का एक दिवसीय मिलन, संवाद हेतु रीजन एवं जोन के पदाधिकारियों के साथ दौरा किया गया जिसमे महावीर इंटरनेशनल नागदा, महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र, महावीर इंटरनेशनल नीमच केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शनी वीरा केंद्र नीमच के सदस्यों के साथ अन्य गणमान्य महानुभावों से संवाद करने का अवसर मिला व इस रीजन में 3 नए केंद्र खोले जाने का संकल्प लिया गया।

स्वर्ण जयंती के आगाज के अवसर पर **वर्चुअल सेन्टर** के गठन पर कार्य किया जा रहा हैं एवं 1000 सदस्यों का लक्ष्य रखा गया हैं। आप सभी से निवेदन हैं कि संस्था के अभियान में सहभागिता करते हुए दुनिया भर में रहने वाले समान विचारधारा वाले लोगों को जिनमे परिवारजन, रिश्तेदार एवं मित्र आदि को संस्था से जोड़ते हुए वर्चुअल सदस्यता दिलवाने में मदद करें।

7 जुलाई को शुरू किए जाने वाले **MI "Tele-Medical Advice"** प्रोजेक्ट में सभी केंद्रों से इस प्रोजेक्ट में सक्रिय रूप से भाग लेने का अनुरोध किया जाता हैं ताकि सफल trial run के बाद 7 जुलाई को परियोजना को सफल प्रभावी ढंग से कार्यान्वित कर सकें।

आपके स्वस्थ, सुखी और सेवा भावना के जीवन की मंगल कामना के साथ।

# नए महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र सिलीगुड़ी का शुभारम्भ एवं महावीर इंटरनेशनल सिलीगुड़ी केंद्र के सदस्यों के साथ परिचय व गतिविधियों का अवलोकन
# 4 मई, 2024



4 मई को सिलीगुड़ी में महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र, सिलीगुड़ी का शुभारम्भ हुआ। शुभारम्भ के इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन, अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक गोयल, पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांतिलाल कवाड़, पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर विजय सिंह बापना, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (रीजन-5) वीर अनिल बांठिया, रीजनल सेक्रेटरी वीर रमेश चन्द बैद, जोन चेयरमैन वीर ओम प्रकाश अग्रवाल, केंद्र चेयरमैन वीर बजरंग सेठिया एवं स्थानीय गणमान्य महानुभाव एवं गवर्निंग कौंसिल सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। सर्वप्रथम अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों को शपथ दिलवाई गयी। सह निदेशक वीर सीमा शील कुमार जैन, रीजनल सचिव वीर सरोज ढेलवात आदि ने वीराओं को सदस्यता की पिन प्रदान की। तदनुपरांत अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा केंद्र के पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई एवं पदाधिकारियों को पिन प्रदान की गयी। केंद्र अध्यक्ष वीरा पुष्पा चिंडालिया को केंद्र गठन का चार्टर प्रदान किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन एवं पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति लाल कवाड़ द्वारा प्रेरणादायी उदबोधन दिया एवं सेवा कार्य करने का महत्व बताया साथ ही केंद्र के चेयरमैन के कर्तव्य व दायित्व के बारे में विस्तार से बताया। पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर विजय सिंह बापना ने नए केंद्र को शुभकामनाएं दी। जोन चेयरमैन वीर ओम प्रकाश अग्रवाल ने जोन में खुले नए केंद्र के लिए शुभकामनायें प्रेषित की एवं जोन में नए जोश व जज्बे के साथ और नए केंद्र खोले जाने का आश्वासन दिया। साथ ही निष्क्रिय हुए केंद्रों को पुन: शुरू करवाने पर भी कार्य किये जाने का भरोसा दिया। सभी मंचासीन पदाधिकारियों ने नए केंद्र के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दी। समारोह में महावीर इंटरनेशनल सिलीगुड़ी केंद्र के सदस्यों से परिचय हुआ। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इससे पूर्व दिन में महावीर सिलीगुड़ी केंद्र द्वारा आयोजित स्वरोजगार प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र एवं सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में अपेक्स पदाधिकारियों ने कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली प्रशिणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये एवं सिलाई मशीनें प्रदान की गयी। इसके बाद कुष्ठ आश्रमवासी 80 परिवारों को खाद्य सामग्री का वितरण किया गया एवं कुष्ठ आश्रम का अवलोकन किया। केंद्र द्वारा प्राणी मात्र की सेवाओं के लिए की जा रही गतिविधियों को सराहा।




वीर CA अनिल जैन


वीर CA अनिल जैन
















# गवर्निंग कौंसिल की मीटिंग सम्पन्न
# 5 मई, 2024

महावीर इंटरनेशनल की गवर्निंग कौंसिल की बैठक 5 मई, 2024 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे मर्यादा मैत्री रिसोर्ट, सिलीगुड़ी में अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें देशभर से पधारे गवर्निंग कौंसिल के सदस्य उपस्थित थे।

प्रार्थना के पश्चात् अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव द्वारा दिवंगत परमानेंट ट्रस्टी वीर धीरज जी कोठारी एवं ट्रस्टी वीर रमेश जी बाफना एवं अन्य केंद्र पदाधिकारियों एवं उनके परिजनों को श्रद्धांजलि देने के लिए 2 मिनट का मौन रखवाकर शान्ति के लिए प्रार्थना रखी गई।

अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए अपने प्रारम्भिक वक्तव्य में कहा कि संस्था 50वें वर्ष में प्रवेश कर रही हैं। यह हम सब के लिए गौरव की बात हैं। उन्होंने स्वर्णजयंती पर आयोजित कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी एवं सभी वर्ष भर प्रति माह कम से कम 5 प्रोजेक्ट्स अवश्य करें। मेरा NGO मेरा स्वाभिमान के बारे मे मार्गदर्शित किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि हम पहले एजेन्डा के बिन्दुओं पर चर्चा करेंगे उसके बाद जो भी अतिरिक्त विषय रखे जायेंगे उस पर चर्चा करना उचित रहेगा। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव को बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

सभी उपस्थित सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक गोयल ने अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से एजेंडा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की।

गवर्निंग कौंसिल की मीटिंग में सदन द्वारा विस्तार से चर्चा करते हुए मीटिंग की कार्यवाही सम्पन्न की गयी। कई अहम व निर्णायक फैसले लिए गए।

सिलीगुड़ी में आयोजित गवर्निंग कौंसिल मीटिंग के दौरान सहभागियों ने संस्था को आर्थिक रूप से सुदृढ़ व मजबूत बनाने तथा भविष्य की सेवा गतिविधियों को व्यवस्थित संचालन हेतु एक बार पुनः इतिहास रचते हुए निम्न लिखित सदस्यों ने स्वेच्छा से फेलोशिप लेने का संकल्प लिया। महावीर इंटरनेशनल की डायमंड, गोल्ड फेलोशिप व MIF सदस्य बनने के लिए एक ही दिन में लगभग रुपए 53 लाख का कार्पस फण्ड संस्था के लिए बनाया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांतिलाल जी कवाड़ और पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर नवरतन जी पारख एवं अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अनिल जी बांठिया का विशेष योगदान रहा।

### फेलोशिप लेने का संकल्प लेने वाले सदस्य

#### महावीर इंटरनेशनल डायमंड पैट्रन फेलो ( MIDPF )

वीर सुभाष जी कुम्भट, सिलीगुड़ी; वीर सतीश चोपड़ा, पुणे

#### महावीर इंटरनेशनल गोल्ड फेलो ( MIGF )

वीर पारसमल पारख (MIF)
म.इ. ग्वालियर सेन्टर

वीर शील कुमार जी जैन (MIF)
म.इ. हैदराबाद सेन्टर

वीरा सरोज जी ढेलवात
म.इ.वीरा निम्बाहेड़ा

वीरा हेमा जी जैन (MIF)
म.इ. उमंग वीरा गुरुग्राम

#### महावीर इंटरनेशनल फेलो ( MIF )

वीरा सुनीता जी जैन
म.इ. उर्विजा वीरा नई दिल्ली
संकल्प 7 और MIF बनाने का

वीरा सुमन लता जी
म.इ. उर्विजा वीरा नई दिल्ली

वीरा सरोज जी सालगिया
म.इ. उमंग वीरा गुरुग्राम

वीरा मंजू जी मनचंदा
म.इ. उमंग वीरा गुरुग्राम

वीरा माया जी जैन
म.इ. उमंग वीरा गुरुग्राम

वीर अजित बी. कोठिया जी
म.इ. डडूका केंद्र

वीर दिलीप जी दोसी
म.इ. बागीदोरा

वीर जितेश जी जैन
म.इ.अम्बाला सिटी

वीर राकेश जी नाहर
म.इ. इंदौर

वीर रमेश टी. बोहरा
म.इ.मॉडल टाउन सूरत
संकल्प 11 और MIF बनाने का

वीरा पुष्पा चिंडालिया
म.इ. वीरा सेन्टर, सिलीगुड़ी

वीर डॉ. मधु प्रकाश तिवारी
म.इ. नोखा सेन्टर

वीर रमेश चंद बैद
म.इ. सिलीगुड़ी सेन्टर
संकल्प 10 और MIF बनाने का

वीरा मंजू जी पोखरना (MIF)
म.इ. मीरा भीलवाड़ा
संकल्प 5 और MIF बनाने का

महावीर इंटरनेशनल परिवार की तरफ से इन सभी फेलोशिप संकल्पित सदस्यों का अभिनन्दन के साथ बहुत-बहुत आभार।

गवर्निंग कौंसिल मीटिंग में पधारे अधिकांश सदस्यों ने मीटिंग से पूर्व या मीटिंग के बाद के दिनों में भूटान, गंगटोक, दार्जिलिंग, मिरिक आदि स्थानों की यात्रा कर दर्शनीय स्थानों के आनंद लिए।

मीटिंग में पधारे सदस्यों के लिए प्रवास, भोजन व अल्पाहार तथा मीटिंग की शानदार, व्यवस्थित व्यवस्था के लिए केंद्र अध्यक्ष वीर बजरंग सेठिया व सचिव वीर रमेश चंद बैद एवं उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इसी दिन लंच के बाद महावीर इंटरनेशनल सिलीगुड़ी केंद्र द्वारा संचालित अपना घर (वृद्धाश्रम) का अवलोकन हेतु सभी गवर्निंग कौंसिल कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। सभी गवर्निंग कौंसिल कमेटी ने अपना घर आश्रम का अवलोकन कर वहां रहने वाले वृद्धों से बातचीत की। केंद्र के पदाधिकारी केंद्र चेयरमैन वीर बजरंग सेठिया एवं सचिव वीर रमेश चंद बैद एवं उनकी टीम के प्रति वृद्धों की आत्मीयता देखकर सभी का मन करुणा से भर गया। सिलीगुड़ी में मानवता की सेवा का अद्‌भुत उपक्रम देखने को मिला। यहां भिखारी एवं बेघर जीवन जीने वाले घुम्मकड़ लोगों के रहने हेतु आसरा भवन बनाया गया हैं जिसमें जीवन जीने सम्बन्धित सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। पक्षियों के लिए कृत्रिम घोंसले व चुग्गा स्टैंड बनाये गए हैं। अपना घर आश्रम में जिस सुव्यवस्थित तरीके से वृद्धों की सेवा की जा रही हैं- वास्तव में केंद्र की यह स्थायी सेवा गतिविधि अन्य सभी को प्रेरणा प्रदान कर रही थी। सम्पूर्ण भारत से आये हुए वीर एवं वीराओं ने इसकी बहुत सराहना करते हुए मुक्त हस्त से बड़ी बड़ी सहयोग राशि भी प्रदान की।


















# महावीर इंटरनेशनल सिलीगुड़ी ने अपना 25वां रजत जयंती वर्ष बड़े ही धूमधाम से मनाया 5 मई, 2024

महावीर इंटरनेशनल सिलीगुड़ी ने अपना 25वां रजत जयंती वर्ष बड़े ही धूमधाम से मनाया। रविवार शाम को एसएफ रोड स्थित एक निजी होटल में रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह के अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों के साथ-साथ जनसमुदाय का भी स्वागत किया गया हैं। यह एक खुशी और उत्सवपूर्ण पल था।। साथ ही यादों की बारात कार्यक्रम से पुरानी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों के मनोरंजन के लिए संगीतमय सांझ का आयोजन भी किया गया था। रजत जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन, डॉ. मलय चक्रवर्ती, मनोज सरावगी आदि मौजूद थे। संस्था की गवर्निंग कौंसिल कमेटी के सदस्य भी गवर्निंग कौंसिल मीटिंग में भाग लेने सिलीगुड़ी आये हुए थे उन्होंने भी इस समारोह में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र चेयरमैन वीर बजरंग सेठिया, केंद्र सचिव वीर रमेश चंद बैद आदि सदस्यों का अहम योगदान रहा। केंद्र द्वारा स्थायी प्रोजेक्ट के अंतर्गत माटीगाड़ा के शिव मंदिर इलाके में महावीर ग्राम बनाया गया हैं, जहां 80 कुष्ठ रोगियों के लिए मकान तैयार किये गये हैं। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज के निकट अपना घर वृद्धाश्रम में 80 वृद्धों की सेवा की जा रही हैं।





















# Mahavir International Gurugram Center
## Launches Daily Mid Day Meal Initiative in collaboration with “Feeding India, A Zomato giveback”
## Date: 13 May, 2024









In a collaborative effort aimed at social welfare, Mahavir International Gurugram, in partnership with Feeding India, a Zomato Giveback initiative, inaugurated its Daily Midday Meal Initiative across all three schools under its purview. The event, graced by Vir Anil Kumar Jain, International President of Mahavir International, witnessed the presence of esteemed dignitaries including Vira Hema Jain, Director MI Apex (Education & Skill Dev), and Vira Saroj Salgia, Zone Secretary North Zone 1, alongside other distinguished members of the MI Gurugram Center.

The event commenced with the MI Prayer and a warm welcome to the honourable guests. Vir Hitesh Jain, Chairman of Gurugram Centre, highlighted the tireless efforts put forth by the team over the past 4-5 months, especially thanking Dr. Palakh for her pivotal role in spearheading the project. He also expressed gratitude to the school staff and




















members for their unwavering support.

International President Vir Anil Kumar Jain emphasized the importance of societal contribution and efficient time management to maximize impact. He encouraged members to explore larger projects beneficial to society.

A water cooler, generously donated by the family of Vir M.K. Lodha and Vira Meenakshi Lodha, was also inaugurated during the event.

The Daily Mid Day Meal Initiative was formally launched with international President Vir Anil Kumar Jain serving the first meal to the students, expressing his delight in being part of the initiative and pledging continued support.

The event concluded with the celebration of Vir Hitesh Jain's birthday, symbolizing the spirit of dedication to social welfare. Mahavir International extends heartfelt gratitude to all members for their participation in this landmark event.

**Team Mahavir International**
**Gurugram Center**

# रीजन-7 के 2 जोन के तीन स्थान के 4 केंद्रों का एक दिवसीय मिलन, संवाद हेतु दौरा
# दिनांक: 19 मई, 2024

## अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अशोक भंडारी एवं रीजनल सेक्रेटरी वीर राजेंद्र हिंगड़ के साथ
## महावीर इंटरनेशनल नागदा केंद्र, महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र
## महावीर इंटरनेशनल नीमच केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शनी वीरा केंद्र नीमच



### महावीर इंटरनेशनल नागदा केंद्र

अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन 19 मई को प्रात: 4:00 बजे दिल्ली से नागदा पहुंचे एवं मात्र 2 घंटे आराम कर अपने सहयोगी रीजन-7 के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अशोक भंडारी एवं रीजन-7 के क्षेत्रीय सचिव वीर राजेंद्र हिंगड़ के साथ प्रात: 8:00 बजे गोपाल गौशाला पहुंचे।

महावीर इंटरनेशनल नागदा केंद्र द्वारा गोपाल गौशाला में मिलन एवं संवाद का कार्यक्रम रखा। सर्वप्रथम भगवान की पूजा अर्चना के बाद गोपाल गौशाला में गौमाता की पूजा कर अपने कार्यक्रम का प्रारंभ किया। अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा गौशाला में वृक्षारोपण किया जिसमें इंदौर-उज्जैन जोन के जोन चेयरमैन वीर राजेश गेलड़ा, जोन सचिव वीर हर्षित नागदा जोन के कोषाध्यक्ष वीरा मीना बैद एवं केंद्र चेयरमैन वीर चंद्र प्रकाश कांठेड़ केंद्र सचिव वीर सुनील सकलेचा तथा केंद्र के अनेक वीर-वीराओं ने सहभागिता की।

अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन ने संस्था के आगामी 50 वर्षों का विजन प्रस्तुत किया और 7 जुलाई को होने जा रहे गोल्डन जुबली समारोह के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि आपके पास सिर्फ संवाद करने अर्थात बातचीत करने आया हूं मेरा मकसद आपसे मिलना हैं उन्होंने कहा कि यदि पारिवारिक कार्यक्रम हो एवं इस कार्यक्रम में परिवार के कुछ सदस्य शामिल नहीं हो तो वह कार्यक्रम आधे अधूरे मन से किया गया कार्य होगा एवं इसको सफलता भी पूर्ण रूप से नहीं मिल सकेगी इसी तरह आने वाले स्वर्ण जयंती वर्ष में अपने सेंटर के निष्क्रिय रूठे भूले बिसरे सदस्यों से मिले एवं उन्हें वापस महावीर इंटरनेशनल से जोड़ने का प्रयास करें।




















मेरा NGO मेरा स्वाभिमान के वीडियो को अपने दोस्तों समाजजन व्यापारी भाई को भेजें ताकि वह भी इसके उद्देश्य को जान सके।

उन्होंने एलआईसी के स्लोगन जीवन के साथ भी एवं जीवन के बाद भी का उदाहरण देकर समझाया कि महावीर इंटरनेशनल के पदाधिकारी भी सिर्फ दो वर्ष के लिए नहीं होते हैं वह तो जीवन भर के लिए होते हैं अपने अच्छे कार्यों के लिए जब भी महावीर इंटरनेशनल का जिक्र आएगा उन्हें याद किया जाएगा। उन्होंने केंद्र का अध्यक्ष कैसा होना चाहिए और उसकी कार्य प्रणाली किस प्रकार की होनी चाहिए इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि महावीर इंटरनेशनल प्राणी मात्र की सेवा में हमेशा तत्पर रहता हैं इसके लिए सभी सदस्य तन मन धन से लगे रहते हैं यहां तक की कोई भी पदाधिकारी देश के किसी भी स्थान पर जावें प्रवास व्यय भी अपने पास से ही वहन करता हैं।

नागदा में जलपान ग्रहण कर मंदसौर की ओर प्रस्थान करते समय प्रवास के बीच में महावीर इंटरनेशनल उज्जैन सेंटर के चेयरमैन वीर सुनील दोसी ने अपने साथियों के साथ जावरा में अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन का आत्मियता के साथ स्वागत किया।

## महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र

रतलाम नीमच जोन चेयरमैन वीर राकेश जैन ने बताया महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के स्वर्ण जयंती शुभारम्भ से पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन का रतलाम-नीमच जोन के महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ मिलन एवं संवाद समारोह आयोजित किया गया।

मंदसौर केंद्र के अध्यक्ष वीर सीए आयुष जैन ने मंदसौर केंद्र की गतिविधियों से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया।

अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अशोक भंडारी ने रीजन-7 की गतिविधियों से सभी सदस्यों को परिचित कराया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन ने संस्था के आगामी 50 वर्षों का विजन प्रस्तुत किया और 7 जुलाई को होने जा रहे गोल्डन जुबली समारोह के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने महावीर इंटरनेशनल के राष्ट्रीय स्तर प्रोजेक्ट्स का भी विवरण दिया। उन्होंने केंद्र का अध्यक्ष कैसा होना चाहिए और उसकी कार्य प्रणाली किस प्रकार की होना चाहिए इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जोन चेयरमैन वीर राकेश जैन ने स्वागत उद्बोधन दिया व जोन में आगामी माह में तीन नए केंद्र खोलने की भी घोषणा की: ये केंद्र होंगे (1) वीर केंद्र दलोदा (2) नारायणगढ़ (3) वीरा केंद्र गरोठ। अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मीटिंग में पधारे नए दलोदा केंद्र के प्रतिनिधि सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन कर शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर जोन सेक्रेटरी वीर राजेंद्र नाहर, जोन कोषाध्यक्ष वीर








संजय चौधरी आदि भी मंचासीन रहे, अतिथि परिचय सीए प्रजवी जैन ने दिया। कार्यक्रम में युथ डायरेक्टर वीर राकेश चौधरी, पूर्व अध्यक्ष वीर गुणवान सिंह कोठारी, वीर लोकेंद्र जैन, वीर सुनील मित्तल आदि वीर-वीराओं सदस्य की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन वीर सीए आयुष जैन ने किया, आभार वीर अरुण अग्रवाल ने ज्ञापित किया।

मीटिंग समापन के बाद वृद्धाश्रम में फल फ्रूट वितरण का प्रोजेक्ट आयोजित किया गया, महावीर इंटरनेशनल का राष्ट्रीय स्तर प्रोजेक्ट कपड़े की थैली मेरी सहेली पोस्टर का विमोचन कर सांकेतिक रूप से आज प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई।
















## महावीर इंटरनेशनल नीमच केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शनी वीरा केंद्र नीमच

अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए वीर अनिल जैन सहित अपेक्स पदाधिकारी अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन-7 वीर अशोक भंडारी, रीजनल सेक्रेटरी रीजन-7 वीर राजेंद्र हिंगड़, जोन चेयरमैन रतलाम नीमच जोन वीर राकेश जैन, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर मनोहर लाल बम, जोन सचिव वीर राजेंद्र नाहर, जोन कोषाध्यक्ष वीर संजय चौधरी, एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नीमच पधारे। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल केंद्र नीमच तथा प्रियदर्शनी वीरा केंद्र के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण, वीर एवं वीराओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

संस्था के गोल्डन जुबली शुभारम्भ के पूर्व अवसर पर आयोजित इस यात्रा के परिपेक्ष में स्थानीय होटल श्रेष्ठा पेराडाइज में एक वृहद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर इंटरनेशनल की प्रार्थना के साथ हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनील जैन व उनके साथ पधारे अपेक्स की पूरी टीम सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। मंच पर अपेक्स पदाधिकारियों के साथ नीमच केंद्र के अध्यक्ष वीर प्रदीप बोडावत तथा वीरा केंद्र की अध्यक्ष वीरा रेखा जैन, मिडिया प्रभारी डॉ. के.के. जैन, जोन कोर्डिनेटर रतलाम-नीमच जोन वीरा आशा सांभर ने भी मंच साझा किया।

पूर्व गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर सूरजमल अग्रवाल, वर्तमान गवर्निंग कोंसिल मेंबर वीर मनोहर लाल बंब, केंद्रों के वीर एवं वीराओं ने अतिथियों एवं मंचासीन पदाधिकारियों का परंपरागत रीति से स्वागत माला दुपट्टा व पगड़ी पहनाकर किया गया। स्वागत भाषण वीरा केंद्र की चेयरपर्सन वीरा रेखा जैन ने दिया। इस अवसर पर छोटी सादड़ी केंद्र के पदाधिकारी वीर कांतिलाल दक की विशेष रूप से उपस्थित रही।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल अपनी स्थापना की 50वें वर्ष में प्रवेश की ओर अग्रसर हैं। हम आगामी समय में संस्था की स्वर्ण जयंती मनाने जा रहे हैं, अतः हम सभी का दायित्व हैं कि सेवा गतिविधियों के माध्यम से हमें इसे अविस्मरणीय बनाना है।















उन्होंने कहा कि संस्था की ख्याति देश-विदेश में व्यापक स्तर पर पहुंचना हैं। सेवाभावी व्यक्तियों को इस संगठन से जोड़ना हैं। केंद्र विस्तार पर प्रकाश डालते हुए संगठन की ख्याति को जन-जन तक पहुंचना हैं। प्रत्येक केंद्र गतिशील होकर पुरजोर प्रयास करें तथा सेवा गतिविधियों का एक नया इतिहास रचे। अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संस्था के इतिहास उपलब्धियां और कार्य योजनाओं को विस्तार से बताते हुए राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए उनके क्रियान्वयन पर भी मार्गदर्शन दिया। वीर जैन ने संस्था के बैनर पर प्रतिदिन सायंकाल आयोजित ई-चौपाल का विशेष उल्लेख करते हुए सदस्यों को उसमें सक्रिय भागीदारी की बात कही। उन्होंने कहा कि ई-चौपाल आपस में बातचीत करने और सामाजिक क्षेत्र के संचालन के नए तरीके सीखने का एक अच्छा मंच हैं। ई-चौपाल में समाज सेवा से जुड़े सम्मानित व्यक्तियों को भी जोड़ा जावे भले ही वह संस्था के सदस्य नहीं हो। वीर जैन ने अत्यंत प्रेरणादाई उद्बोधन के माध्यम से सेवा प्रकल्पों को क्रियान्वित किए जाने के सूत्र बताएं।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन-7 के वीर अशोक भंडारी ने रीजन में संचालित सेवा गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि मालवा क्षेत्र में संगठन विस्तार की व्यापक संभावनाएं विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में मानव सेवा के कार्यों में सामाजिक कार्यकर्ताओं की विशेष रूचि हैं। वीर भंडारी ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल का प्रत्येक केंद्र विविध क्षेत्रों में सेवा गतिविधियों का संचालन कर नया इतिहास रचे। कार्यक्रम को रीजनल सेक्रेटरी रीजन-7 वीर राजेंद्र हिंगड़, जोन अध्यक्ष वीर राकेश जैन आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में जरूरतमंद एक रुग्ण बालिका को उसकी माता जी की उपस्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर नारायणगढ़ केंद्र के पुनर्गठन हेतु आए वीर महानुभव का स्वागत कर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से संस्था के डिप्टी डायरेक्टर मीडिया एंड पब्लीसिटी वीर डॉ. कृष्ण कुमार जैन एवं जॉन कोऑर्डिनेटर वीरा आशा सांभर ने किया। समापन राष्ट्रगान जन गण मन से हुआ अंत में आभार जोन कोर्डिनेटर वीरा आशा सांभर ने व्यक्त किया।








## रीजन-1

### नार्थ-1 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र** द्वारा अप्रैल माह में संचालित अस्पताल में निम्न सेवाएं प्रदान की जैसे नेत्र जांच: 932, मोतियाबिंद ऑपरेशन: 65, स्पेक्स: 65, फिजिशियन जांच: 750, फिजियोथैरेपी जांच: 242, डेंटल जांच: 51, गायनोकॉलोजी: 12, ऑर्थोपेडिक: 11, ई.एन.टी.: 12, कैल्शियम जांच: 85 एवं 130 को नि:शुल्क दवाईयां दी गयी। डिजिटल एक्सरे में 130 एवं पैथोलॉजी जांच में 360 मरीजों को 30 प्रतिशत लाभ दिया गया। साथ ही केंद्र द्वारा कुछ विशिष्ट शिविर आयोजित किये गये जिसमें फ्री ब्लड शुगर जांच: 130, न्यूरोपैथी: 59, थाइराइड: 32 की जांच की गयी।



नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

### महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र** द्वारा अप्रैल माह में अपने तीन अस्पताल के माध्यम से 4686 एवं शिविरों के माध्यम से 6052 लोग नेत्र जांच से लाभान्वित हुए एवं सामान्य जांच शिविरों के माध्यम से 5319 एवं अस्पताल में 1112 लोग लाभान्वित हुए। केंद्र के अस्पतालों में सर्जरी: 148, रेटिना पेशेंट्स: 04, लैब पेशेंट्स: 3025 मरीज लाभान्वित हुए। कुल 20,346 मरीज लाभान्वित हुए। स्वस्थ सहेली प्रोजेक्ट के अंतर्गत मेंस्ट्रुअल हाइजीन: 1439, ब्रैस्ट फीडिंग: 234 हुए तथा केंद्र द्वारा नेत्रदान भी करवाया गया। 13 अप्रैल एवं 14 अप्रैल को वीरा विजन द्वारा चंद्रावली सोड्डूपधोमल अस्पताल एवं मैटरनिटी सेंटर श्री महावीर जी में खुशियों का बाजार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें इस्तेमाल किए गए कपड़े, खिलौने, घरेलू सामान जैसे क्रॉकरी आदि का एक अच्छा संग्रह था, जिसे जरूरतमंदों को मामूली कीमत पर वितरित किया गया। 1000 से अधिक लोग लाभान्वित हुए।



नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

### महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम केंद्र** द्वारा 17 अप्रैल को सिविल अस्पताल सेक्टर-10 गुरुग्राम में वात्सल्य परियोजना के तहत 200 बेबी किट (पालनहार परियोजना) वितरित किए गए। केंद्र चेयरमैन वीर हितेश जैन की पत्नी श्रीमती मीनाक्षी जैन ने कल अपने जन्मदिन पर महावीर इंटरनेशनल विद्यालय, सेक्टर-17A, सेक्टर-12 और पटौदी रोड, गुरुग्राम के छात्रों को भोजन के पैकेट वितरित किए गए।




बेबी किट वितरण कार्यक्रम

### महावीर इंटरनेशनल ऋषिकेश केंद्र मासिक बैठक का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ऋषिकेश केंद्र** द्वारा 12 मई को मासिक बैठक होटल विलाना में वीर श्रवण कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर वीर CA पीयूष जैन, वीरा CA संध्या जैन परिवार द्वारा आयोजित की गई। बैठक में सभी सदस्यों को केंद्र द्वारा भेजे गए कार स्टीकर भी दिए गए।



मासिक बैठक का आयोजन

## महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन केंद्र फरीदाबाद एक्यूप्रेशर और फिजियोथैरेपी उपचार केंद्र स्थापना कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन केंद्र फरीदाबाद** द्वारा 12 मई को नए अधिग्रहीत



**एक्यूप्रेशर और फिजियोथैरेपी उपचार केंद्र स्थापना कार्यक्रम**

परिसर G-89, SGM नगर फरीदाबाद में एक्यूप्रेशर और फिजियोथैरेपी उपचार केंद्र की स्थापना की गयी।

## महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र अलवर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र अलवर** द्वारा दिव्यांग आश्रम अलवर में मानव सेवा कार्यक्रम के तहत बालकों को एक सिलिंग फैन, 16 लीटर oil, 10 kg सर्फ, 30 साबुन नहाने वाले, 10 साबुन बर्तन धोने के, 5 लीटर फिनायल, 500 gram जीरा, 1 kg चाय पत्ती प्रदान की गई। दिव्यांग आश्रम के संचालक श्री अशोक नागर जी को उनकी कार्यकारिणी



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

सहित बालकों को सदस्याओं द्वारा बधाई दी गई। संचालित बेबी किट वितरण कार्यक्रम में सेटलाइट चिकित्सालय काला कुआं अलवर में नवजात शिशुओं को 20 बेबी किट वितरित किए गए। "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" गरिमा प्रोजेक्ट के तहत आर्य कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय अलवर में बालिकाओं को 1030 सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा लता शर्मा, सचिव वीरा रूबी सुराणा, कोषाध्यक्ष वीरा अनिता जैन, वीरा रेखा गर्ग, वीरा रचना गोयल, वीरा रूचि जैन, वीरा सुमन संचेती, वीरा अलका जैन, वीरा योगिता भारद्वाज, वीरा मान्या अग्रवाल, वीरा शशि जैन आदि वीरायें उपस्थित रही।

# नार्थ-2 संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अंबाला सिटी केंद्र दूध, ब्रेड और फल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अंबाला सिटी केंद्र** द्वारा भगवान महावीर स्वामी की जयंती के शुभ अवसर पर सिविल अस्पताल अंबाला सिटी में



**दूध, ब्रेड और फल वितरण कार्यक्रम**

100 मरीजों को दूध, ब्रेड और फल वितरित किए गए। जोन चेयरमैन वीर जितेश और जोन कैशियर वीर ललित, केंद्र चेयरमैन वीर अमन जैन, वाइस चेयरमैन वीर अनिल जैन, कैशियर वीर राजेश जैन, डायरेक्टर वीर हेमन्त जैन, वीर विनोद जैन, वीर श्रीकांत जैन, वीर अनिल जैन, वीर राजकुमार जैन, वीर संदीप जैन एवं वीर राजीव जैन सभी उपस्थित रहे। इस सेवा परियोजना का संपूर्ण लाभ यूएसए के माणिक श्रेया द्वारा प्रदान किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र** द्वारा 28 अप्रैल को एल.एस. हीरा लाल जैन की



**कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन**

स्मृति में वीर राजेश जैन पी.एच. होजरी परिवार द्वारा प्रायोजित कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया गया। 12 विकलांग व्यक्तियों को पैर, हाथ, श्रवण यंत्र मशीनें और व्हीलचेयर दी गई। इस अवसर पर चेयरमैन वीर राज कुमार जैन, उपाध्यक्ष वीर विजय के. जैन, वीर राजीव जैन, संयुक्त सचिव वीर गौरव जैन, वीर कौरा, वीर CA सुभाष, वीर फूल चंद, वीर जतिंदर उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल मोहाली केंद्र, महावीर इंटरनेशनल चंडीगढ़ केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल पंचकुला केंद्र ट्री एम्बुलेंस की शुरूआत की गई

**महावीर इंटरनेशनल मोहाली केंद्र, महावीर इंटरनेशनल चंडीगढ़ केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल पंचकुला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान** में जय मधुसूदन व जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन के साथ मिलकर पर्यावरण की रक्षा हेतु एक अदभुत प्रोजेक्ट की शुरूआत की गयी। इसमें पौंधो से संबंधित प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए एक ट्री एंबुलेंस शुरू की गई।

इस ट्री एंबुलेंस लिए ट्राई सिटी के तीनों सेंटर्स ने 1.5 लाख की धन राशि उपलब्ध करवाई। श्री राम नवमी के शुभ अवसर पर जैन सभा मोहाली में विकसित महावीर वाटिका से इस ट्री एम्बुलेंस की शुरूआत की गई। ट्राई सिटी में नए पेड़, पौधे लगाना और उनके उचित देखभाल के साथ उनके प्रभावी विकास के लिए हर संभव प्रयास तथा उपचार हेतू मेडिसिंस आदि का उपलब्ध करवाना इस ट्री एंबुलेंस




**ट्री एम्बुलेंस की शुरूआत की गई**

के मुख्य उद्देश्य हैं। महावीर इंटरनेशनल और अपने सहयोगी संस्थाओं द्वारा लगाये गये पौधों के देखरेख की पहली प्राथमिकता होगी और लोगों को पौधों के देखरेख के लिए जागरूक किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को कामयाब करने में चंडीगढ़ केंद्र से वीर अशोक जैन, वीर सुरेश जैन मोहाली, वीर रविंद्र जैन, रीजनल सेक्रेटरी, वीर सुभाष जैन, वीर विनीत जैन एवं पंचकुला केंद्र से वीर देविंदर जैन एवं वीर वीर पीयूष जैन तथा श्री प्रभु नाथ शाही संस्थापक जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन का विशेष योगदान रहा।

## महावीर इंटरनेशनल दिशा वीरा केंद्र चंडीगढ़
## सेनेटरी नैपकिन वितरित एवं व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल दिशा वीरा केंद्र चंडीगढ़** द्वारा 11 मई को वरिष्ठ डॉ. नवदीप कौर की उपस्थिति में सरकारी डिस्पेंसरी सेक्टर-38C चंडीगढ़ में गर्भवती माताओं को 25 बेबी किट और छोटी लड़कियों को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। वीरा मालविका जैन ने बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी दी।



**सेनेटरी नैपकिन वितरित एवं व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम**

डॉ. नवदीप ने महावीर इंटरनेशनल के प्रयासों की सराहना की। साथ ही वीरा मोहिनी जैन की ओर से जरूरतमंदों के लिए एक व्हीलचेयर भी दान की गई।

## महावीर इंटरनेशनल त्रिशला विंग लुधियाना केंद्र
## दोपहर का जलपान वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला विंग लुधियाना केंद्र** द्वारा हमेशा की तरह अपने उद्देश्य "मानवता की सेवा" को सर्वोत्तम संभव तरीके से पूरा करने का प्रयास करते हुए बैसाखी के अवसर पर त्रिशला विंग ने एक 'चैरिटी इवेंट' का आयोजन किया, जिसमें मंथन स्कूल, गोपाल नगर के 120 छात्रों के बीच दोपहर का जलपान



**दोपहर का जलपान वितरण कार्यक्रम**

वितरित किया गया। केंद्र के कई सदस्यों ने वहां उत्सुकता दिखाई।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र नालागढ़
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र नालागढ़** द्वारा 28 अप्रैल को प्रथम रक्तदान शिविर सिविल हॉस्पिटल नालागढ़ में सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। शिविर में (65) जन ने रक्तदान प्रदान किया तथा 20 जन ने नेत्रदान व 5 जन ने अंगदान फॉर्म भरे। 8 मई को सिविल हॉस्पिटल नालागढ़ में नवजात शिशुओं के लिए 50 बेबी किट्स वितरित किए गए। इन अवसरों पर सिविल हॉस्पिटल बी.एम.ओ. डॉ. श्रीमती मुक्ता रस्तोगी, जिला के एसडीएम श्री दिव्यांशु



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

सिंगल, केंद्र चेयरपर्सन वीरा डॉ. पूनम जैन, सचिव वीरा दीपिका जैन, उपाध्यक्ष वीरा प्रमोद जैन, वीरा अंजू जैन, कोषाध्यक्ष वीरा रेणु जैन, सह सचिव वीरा नीरू जैन, कार्यकारिणी सदस्य वीरा पूजा जैन, वीरा रीटा जैन, वीरा शिखा जैन, वीरा दीप जैन, वीरा रोजी जैन, वीरा सलोनी जैन, वीरा सिम्पी जैन, वीरा बबिता जैन, वीरा अनु जैन आदि वीरायें उपस्थित रही।

# रीजन-2
## जयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर केंद्र निःशुल्क नेत्र एवं मेडिकल जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर केंद्र** द्वारा 25 अप्रैल को भारत सरकार के उपक्रम भारत कंटेनर लिमिटेड (कॉनकॉर), गोकुलपुरा, कनकपुरा जयपुर में महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र एवं कॉनकॉर के सहयोग से निःशुल्क नेत्र एवं मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल द्वारा





**नि:शुल्क नेत्र एवं मेडिकल जांच शिविर का आयोजन**

121 व्यक्तियों की नि:शुल्क आंखों की जांच एवं इटरनल हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं उनकी टीम द्वारा 127 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच एवं ब्लड प्रेशर, शुगर, बी.एम.आई., हीमोग्लोबिन ई.सी.जी. की नि:शुल्क जांच की गई तथा जेनरेटेड जेनेरिक दवाईयां व 50 आंखों के चश्मों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर केंद्र सचिव वीर राजेश बड़जात्या, उपाध्यक्ष वीर डॉ. राजेंद्र कुमार जैन, कोषाध्यक्ष वीर धनु कुमार जैन, वीर सुरेश जैन बांदीकुई, वीर डॉ. नमोकार जैन, वीर अजीत जैन, वीरा सुशीला बड़जात्या, कॉनकॉर के एसोसिएट आफिसर संजय कुमार कुमावत आदि सदस्य उपस्थित रहे। केंद्र द्वारा इटरनल हॉस्पिटल, शंकरा आई हास्पिटल के सहयोगी डॉक्टर्स, तकनीशियन, लैब आदि का सम्मान किया गया तथा कॉनकॉर, कनकपूरा टर्मिनल का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर** द्वारा अप्रैल माह के अंतर्गत 11 अप्रैल को वीर दिनेश मोहणोत के निवास स्थान मनवाजी का बाग मोतीडुंगरी रोड जयपुर पर बोर्ड मीटिंग आयोजित की गयी। जिसमें 11 सदस्यों की उपस्थिति रही। स्थाई परियोजनाओं के तहत श्याम नगर आराधना भवन में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सालय में वीर एम.सी. लोढ़ा के सहयोग से रु.5000 दिए गए। स्वनेत्र ऑय हॉस्पिटल में नि:शुल्क मोतियाबिंद के 4 ऑपरेशन करवाए गए। जलमंदिर अजमेरी गेट पर मोहणोत परिवार द्वारा संचालित की गयी। 21 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन स्वनेत्र आई हॉस्पिटल के चिकित्सक टीम द्वारा किए गए। ब्लड शुगर, ई.सी.जी., ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। शिविर में 19 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। 135 जनरल रजिस्ट्रेशन हुए। 7 व्यक्तियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के



**रक्तदान शिविर आयोजन**

लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। वीरा माया बोथरा द्वारा हर माह की भांति एक कैंसर मरीज को कोलन बैग, नि:शुल्क दवाईयां, राशन सामग्री तथा एक कन्या के विवाह के उपलक्ष्य में घरेलु सामान, राशन सामग्री तथा नगद सहायता प्रदान की गयी। एक बच्चे की फीस की व्यवस्था भी की गयी। केंद्र द्वारा विभिन्न जगहों, स्टेडियम आदि जगहों पर 500 परिंडे लगाए गए एवं वितरित किये गए। माउंटेनरिंग क्लब झालाना पर 100 परिंडे लगाए गए। सदस्य वीर मनदीप सिंह जी का सहयोग रहा। इन अवसरों पर वीर एम.सी. लोढ़ा, वीर राजीव अग्रवाल, वीर दिनेश मोहनोत, वीर धनकुमार कोठारी, वीर पुरुषोत्तम बबेरवाल, वीर ज्ञान छाजेड़, वीर विमल जैन, वीर मनदीप सिंह, वीर सुनील अग्रवाल, वीरा कमल पनगड़िया, वीरा नीलम गुप्ता तथा वीरा माया बोथरा ने अपनी सेवाएं दी।

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र जयपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र जयपुर** द्वारा आत्म निर्भर वृद्ध आश्रम के बुजर्ग लोगों को भोजन कराया गया। वीरा इंद्रा लोढ़ा द्वारा 10 kg चावल का पैकेट आश्रम को दिया गया। मानव सेवा के तहत वीरा कविता एवं वीरा सुमित्रा के सहयोग से महावीर विकलांग संस्था में 2 जनों को जयपुर फूट लगवाए गए। यशोदा परियोजना के तहत एक गर्भवती महिला रेखा जिसको 9 माह तक राशन दिया गया उसने एक स्वस्थ लड़के को जन्म दिया उसको केंद्र द्वारा पोषण का सामान दिया गया जिसमें घी, बादाम, दलिया, दाल, मूंग, गुड़, मुड़ी, मुनक्का व गोला आदि दिया गया। गरीमा प्रॉजेक्ट के तहत अपेक्स से प्राप्त 100 पैकेट सेनेटरी नैपकिन जवाहर नगर कच्ची बस्ती की महिलाओं और लड़कियों को वितरित किए गए व उनको स्वच्छता अभियान के बारे



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

में जानकारी दी गई। इन विभिन्न अवसरों पर कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा इंद्रा लोढ़ा, सचिव वीरा रीतू चपलावत, कोषाध्यक्ष वीरा पूजा बरमेचा, वीरा सरिता बोहरा, वीरा रेखा लोढ़ा, वीरा रेणु बरडिया, वीरा मंजू चोरड़िया, वीरा विद्याजी मेहता, वीरा अनुभा जैन, वीरा आशाजी महमवाल की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा कोटा केंद्र परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा कोटा केंद्र** द्वारा जीवदया के तहत 17 अप्रैल को मूकबधिर विद्यालय एवं करनी आश्रय में वीरा ज्योति एवं वीर सुनील जैन की तरफ से परिंडे बांधे गए। 29 अप्रैल को सचिव वीरा मिथलेश जैन ने बताया कि वेद दाऊ दयाल जोशी हॉस्पिटल तलवंडी में वीरा सीमा जैन, वीर अरविंद जैन, वीरा सुलोचना, वीरा चेतन बगड़ा की तरफ से 21 गर्भवती महिलाओं को खोपरा किशमिश दलिया एवं केला आदि पोषण सामग्री भेट



परिंडे वितरण कार्यक्रम

की गयी। केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुलोचना जैन ने बताया कि डॉ. अंजना व अन्य डॉक्टर्स के सहयोग से यह कार्य संपन्न किया गया। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार एवं स्वस्थ जीवनचर्या कैसी होनी चाहिए इस पर चर्चा की गई। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुलोचना जैन, सचिव वीरा मिथलेश जैन, कोषाध्यक्ष ज्योति जैन उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र जयपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र जयपुर** द्वारा कन्यादान परियोजना के अंतर्गत खुशी एवं सीमा जिनका विवाह 17 अप्रैल को होने वाला हैं, के नवजीवन की शुरूवात में उपहार स्वरूप कन्यादान के लिए दोनों कन्याओं को 2 रेफ्रीजिरेटर, 2 कूलर, 2 अटैची, 2 हैंड



कन्यादान परियोजना के अंतर्गत सहयोग

मिक्सर दिया गया। "स्कूल चलें हम" प्रोजेक्ट के अंतर्गत 8 बालकों और बालिकाओं को उनकी शिक्षा हेतु पुस्तकों के रूप में मदद की गई। बच्चों के लिए पुस्तकों के रूप में विशेष सहयोग कुप्रज्ञा मंत्री सुपुत्री श्री राजीव मंत्री द्वारा उनके दादाजी श्री आर.एस. मंत्री की प्रेरणा से प्राप्त हुआ तथा स्कूल बैग के रूप में सहयोग श्री सी.एम. खंडेलवाल द्वारा प्राप्त हुआ। यशोदा परियोजना के अंतर्गत एक गर्भवती महिला वंदना जिनकी आयु 27 वर्ष हैं, को गर्भ के छठे महीने का राशन दिया गया तथा अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत श्रीमती ममता कुमार निवासी जमवा रामगढ़ को गोद लिया गया। जिसमें उनके जरूरत के अनुसार किराने का सामान दिया गया। इस महीने उन्हे दालें, घी, गुड़, चावल, बेसन, सूजी, चाय, चीनी, तेल, नमक और मसाले भेजे गए। इन विभिन्न अवसरों पर जोन चेयरपर्सन वीरा रश्मि आर्य, केंद्र चेयरपर्सन वीरा अल्पना ताम्बी, सचिव वीरा सुधा खंडेलवाल, वीरा अनिता गुप्ता, वीरा सुनीता गुप्ता, वीरा अनीता गुप्ता, वीरा मेघा गुप्ता, वीरा श्रुति खंडेलवाल आदि वीरायें उपस्थिति रही।

# सीकर-झुंझुनू संभाग

## महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र** द्वारा 19 अप्रैल को भीषण गर्मी को देखते हुए वीर नितिन अग्रवाल के सौजन्य से शहर के 8-बूथों पर स्काउट गाइड के बच्चों के साथ मिलकर आये हुए मतदाता एवं मतदान केंद्र पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों एवं स्काउट गाइड के सदस्यों को गन्ना का जूस पिलाकर सेवा की। 16 अप्रैल को कार सेवा के 25वें रजत वर्ष में 25 बेंच झुंझुनू के सार्वजनिक क्षेत्र में लगाने का निर्णय किया हैं वीर नवल खंडेलिया के सौजन्य से 2 सीमेंट बेंच तथा वीर हरि कुमावत की ओर से 1 बेंच लगाई गई। जिसमें एक सीमेंटेड बेंच का रोडवेज बस स्टैंड के सामने टैक्सी स्टैंड पर तथा दो सीमेंट बेंच झुंझुनू सदर थाना पुलिस स्टेशन के सामने सार्वजनिक स्थान पर लगाई गई। 20 अप्रैल को स्वर्गीय डॉ. कर्मवीर सिंह की पुण्य स्मृति में भगवान दास खेतान अस्पताल झुंझुनू के जनाना विंग के बच्चा वार्ड एनआईसीयू में उनके परिवार द्वारा दो फोटो थैरेपी मशीन, एक पेशेंट ट्राली, एग्जामिनेशन टेबल गद्दे के साथ, हॉस्पिटल बेड, गद्दा, ड्रिप स्टैण्ड तथा बेड साइड कर्टन डॉ. शांतनु एवं डॉ. श्वेता सिंह की उपस्थिति में भेंट किए गए। 21 अप्रैल को महावीर जयंती के शुभ अवसर पर जैन दादाबाड़ी परिसर में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा वीर शिखर चंद जैन के आर्थिक सहयोग से एक सीमेंट बैंच लगाई गई और 11 परिंडे परिसर में लगाए गए। महावीर जयंती पर बच्चों एवं महिलाओं ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में




सीमेंट की बेंचे लगाई गई

बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा सभी उत्तर देने वाले बच्चों को व महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। 28 अप्रैल को 25वें सेवा के रजत वर्ष पर वीर गोविंद कुमावत के आर्थिक सौजन्य से एक सीमेंट बेंच तथा एक शीतल जल प्याऊ का लोकार्पण श्री मोतीलाल कुमावत व संस्था चेयरमैन वीर सत्यदेव दड़िया ने फीता काटकर किया। श्री राधेश्याम जी गोयनका इमामी ग्रुप कोलकाता के (रु.39,000) आर्थिक सौजन्य से गांव अजाडी खुर्द, श्याम मंदिर में बच्चों को खेलने के लिए झूले व तीसल पट्टी लगाई गई। जिसका उद्घाटन अध्यक्ष वीर सत्यदेव दड़िया, श्रीमती विद्या अग्रवाल एवं वीरा शकुंतला पुरोहित, डॉ. नीरू खींचा द्वारा फीता काटकर किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर अपेक्स ट्रस्टी वीर जाकिर अली सिद्दीकी, केंद्र चेयरमैन वीर सत्यदेव दड़ियां, पूर्व चेयरमैन वीरा डॉ. नीरू खींचा, उपाध्यक्ष वीरा शकुंतला पुरोहित, MIF वीर नितिन अग्रवाल, सचिव वीर पुष्कर जांगिड़, वीर गोविंद कुमावत, वीर विनोद कुमार रोहिल्ला, वीर राजेश रेवाड़, वीर रविंद्र लाबा, वीरा प्रियंका लाबा, वीर पवन शर्मा, वीर राजेंद्र भाटी, वीर वासुदेव शर्मा, वीर रणधीर सिंह, डायरेक्टर वीर विनोद रोहिल्ला आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र, झुंझुनू
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र, झुंझुनू** द्वारा वीर श्रीमान जाहिद अली खोखर के सौजन्य से रामनवमी के पावन पर्व पर चबूतरा चौक पर शोभा यात्रियों को शीतल पेय शरबत की छबीली लगाकर शरबत एवं जल पिलाया गया साथ ही माला पहनाकर स्वागत किया गया। केंद्र द्वारा लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट श्रीमान कृपाशंकर मोदी एवं राधेश्याम ढंडारिया के सौजन्य से हर माह के तीसरे रविवार को आयोजित होने वाले उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह शिविर में 165 लोगों ने लाभ उठाया मरीजों की जांच कर एक माह की दवाईयां नि:शुल्क वितरण की गई। 21 अप्रैल को महावीर जयंती के पावन पर्व पर डॉ. एस.एन. शुक्ला साहब के सौजन्य से भीषण गर्मी को देखते हुए जीव दया के अंतर्गत गुरु कृपा स्कूल के पास पार्क में राहगीरों एवं पार्क में आने वाले लोगों को शुद्ध शीतल जल उपलब्ध करवाया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए वीर भरत कुमार तुलस्यान, वीर डॉ. उमेद सिंह, वीरा राखी आहलड़िया एवं वीरा प्रमिला शर्मा के सौजन्य से बालाजी मंदिर परिसर, ग्राम नांद स्थित फार्म हाउस, बिबाणी मुक्ति धाम एवं चुणा चौक पार्क में पक्षियों के लिए पानी की आपूर्ति हेतु 120 परिंडे लगाए गए। केंद्र एवं अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सोनी अपेक्स हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 115 महिला मरीजों की बी.पी., शुगर एवं ब्लड की जांच कर परामर्श दिया गया। गर्भवती महिलाओं की



नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरों का आयोजन

सोनोग्राफी भी नि:शुल्क की गई। स्वर्गीय श्रीमान निरंजन लाल केडिया परिवार के सौजन्य से भगवान दास खेतान अस्पताल झुंझुनू की जनाना विंग में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 52 हाइजीनिक बेबी किट संक्रमण की रोकथाम हेतु वितरण किए गए। वीरा प्रमिला शर्मा के सौजन्य से बिबाणी मुक्तिधाम परिसर में पक्षियों को ज्वार एवं पशुओं को गुड़ खिलाया गया। केंद्र एवं अग्रवाल समाज के संयुक्त तत्वाधान में अग्रसेन सेवा सदन सूरजगढ़ परिसर में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन स्वर्गीय श्रीमान गोपीरामजी ढांडनीया की स्मृति में उनके परिवार मनोज कुमार ढांडनीया द्वारा आयोजित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान ने बताया नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नंदकिशोर टिबड़ा (टिबड़ा-हॉस्पिटल) टीम द्वारा 550 नेत्र मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाईयां वितरण की गई। आधुनिक मशीनों से आंखों की जांच कर 240 चश्में नि:शुल्क वितरण किए गए। मोतियाबिंद के लिए 55 मरीजों को चयन किया गया, उनके ऑपरेशन सोमवार को टिबड़ा हॉस्पिटल में रियायती दर पर कराए जाएंगे। साथ ही अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर टीम, ऑर्थोपेडिक डॉ. कुंदन सैन एवं यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुरेश रूलानिया एवं उनकी टीम द्वारा 240 मरीजों की जांच कर उनको नि:शुल्क परामर्श दिया गया एवं उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के मरीजों की नि:शुल्क जांचे की गई। केंद्र एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के तत्वावधान में स्वर्गीय श्री केदारमल जी हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला में संपन्न हुआ, शिविरों में 815 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई गई। इन विभिन्न अवसरों पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड, रीजन ट्रेजरार वीर देवेंद्र कुमार गोड़, एन.आर.आई. वीर मुबारक अली पहाड़ियान, केंद्र चेयरमैन वीर राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षण वीर डॉ. एस.एन. शुक्ला सहित गणमान्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल वीर बहुजन सेवा केंद्र चिराना
## परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीर बहुजन सेवा केंद्र चिराना** द्वारा चेयरमैन वीर डॉ. राजेंद्र कुमावत

की प्रेरणा से गिरधारी लाल चंदोलिया एवं स्वयं के सौजन्य से पक्षियों के पानी की आपूर्ति हेतु किरोड़ी तीर्थ स्थल सहित विभिन्न स्थानों पर 11 परिंडे लगाए गये। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को बागोरिया की ढाणी स्थित शिव मंदिर परिसर में छोटूराम सैनी, बाबूलाल सैनी, मदनलाल ड्राइवर के सहयोग से शुरू हुआ तथा इसके बाद किरोड़ी धाम में जाकर निर्जनस्थानों पर परिंडे बांधे। इस मौके पर अध्यापक रामनिवास कुमावत, हरीश बाबूजी, गणेश स्वामी पुजारी ने इन्हें लगवाने में श्रम किया। मंगलवार को भी अन्य मंदिरों में 4 परिंडे लगाए गए। इस पुनीत कार्य में विजय सिंह राजावत, प्रकाश



**परिंडे वितरण कार्यक्रम**

चंद्र सैनी, बाबूलाल, रामस्वरूप कुमावत, प्रमोद, चेतन, राकेश व अजय धुहारिया ने सहयोग किया एवं हर दिन फ्रेश पानी भरकर बेजुबानों की सेवा करने का बीड़ा उठाया।

## महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र झुंझुनू भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र झुंझुनू** द्वारा महावीर प्रसाद जी हिम्मतरामका की स्मृति में हिम्मतरामका परिवार के सौजन्य से लाल पहाड़ी क्षेत्र के झोपड़पट्टियों में रहने वाले 100 गरीब लोगों को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बैठाकर भोजन कराया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा आरती मूंड, सचिव वीरा सुधा पूनिया, वीरा सरला दुगड़, वीरा सुमन देवी, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान, रीजन सेकेट्री वीर



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

महेश कुमार मुंड, वीर नरोत्तम लाल, वीरा सुधा गोयनका, वीरा सरोज जालान, वीरा सुनीता देवी, वीर सरवन कुमार एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# रीजन-3

### अजमेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र** द्वारा नियमित सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न तिथियों पर प्रति मंगलवार को अस्पताल में भर्ती 315



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

मरीजों को नमकीन-मीठे बिस्कुट, दूध एवं फल का वितरण किया गया। प्रति रविवार को संपत मल लोढ़ा धर्मशाला पृथ्वीराज मार्ग अजमेर में एक्यूप्रेशर एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 51 मरीजों ने सेवा का लाभ लिया। केंद्र द्वारा संचालित मेडिकल उपकरण का मरीजों के परिजन की मांग पर वीर प्रेम कुमार जैन द्वारा बताए अनुसार घर पर उपयोग हेतु 16 अप्रैल से 15 मई तक उपलब्ध कराए गए उपकरण जैसे सर्जिकल बेड: 48, पोट्टी चेयर: 8, व्हीलचेयर: 16, ऑक्सीजन सिलेंडर: 14, वॉकर: 15, एयर बेड-वाटर बेड: 2, मैट्रिक्स: 7, स्टिक्स: 6, अन्य उपकरण 7 इस प्रकार कुल 123 उपकरण विभिन्न व्यक्तियों को उपयोग हेतु दिए गए। अब तक कुल 5252 मरीजों को इन उपकरणों से लाभ पहुंचाया जा चुका हैं। प्रत्येक समय ब्लड की आवश्यकता होने पर मरीजों को विभिन्न रक्तदान केंद्रों से रक्त उपलब्ध कराया जाता रहा हैं। इसी क्रम में श्रीमती संध्या को B+ (बी पॉजिटिव) रक्त उपलब्ध करवाया गया। 20 अप्रैल को भगवान महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर सदस्य वीर प्रकाश चंद जैन (गंगवाल) के द्वारा मूक बधिर विद्यालय वैशाली नगर अजमेर के बालक बालिकाओं के लिए जन्म कल्याणक की पूर्व संध्या पर विद्यालय के विद्यार्थियों को विशेष भोजन प्रसादी कराई एवं आइसक्रीम का वितरण किया गया। वीर पदमचंद जैन ने हरक्यूलिस गेयर वाली एक साइकिल श्री इंदर सिंह भाटी की अनुशंसा पर लोकेश सिंह भाटी



को उपलब्ध कराई गई। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा इंदु जैन, सचिव वीर प्रभात सेठी, ट्रस्टी वीर पदमचंद जैन, वीर मनोहर गोपाल ईनाणी, वीर सुरेश जैन, वीर एस.के. अग्रवाल, वीर मनीष सकलेचा, वीर प्रकाश पाटनी, वीर एस.के. अग्रवाल, वीर दक्ष भंडारी, वीरा कीर्ति जैन आदि गणमान्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू केंद्र
## कन्यादान परियोजना के अंतर्गत सहयोग

**महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल पद्मावती केंद्र के संयुक्त तत्वावधान** में सामाजिक सरोकार कार्यक्रम के तहत हनुमान नगर अजमेर की कन्या के विवाह में एक रिस्ट वॉच भेंट करी। पद्मावती केंद्र सचिव वीरा निकिता ने बताया कि यह रिस्ट वॉच अमेरिका निवासी बी नटराज दंपति द्वारा



**कन्यादान परियोजना के अंतर्गत सहयोग**

वीर अनिल लोढ़ा व वीरा पूर्णिमा लोढ़ा के प्रयासों से कन्या के विवाह पर दी गई। इस अवसर पर पद्मावती केंद्र की संरक्षक वीरा गुंजन माथुर, भूतपूर्व चेयरपर्सन वीरा संतोष पंचोली ने कन्या के हाथ में यह घड़ी पहना कर आशीर्वाद दिया। वीरा पूर्णिमा लोढ़ा ने कन्या मूमल को माला पहना कर उसके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। वीर अनिल लोढ़ा व वीर गजेंद्र पंचोली ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल संस्था समय-समय पर इस प्रकार के समाजोपयोगी सेवा कार्य करती रहती हैं। इस अवसर पर वीरा पूर्णिमा लोढ़ा, वीरा संतोष पंचोली, वीरा गुंजन माथुर, वीरा गजेंद्र पंचोली, वीरा अनील लोढ़ा, वीरा निकिता पंचोली व अन्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल वीर केंद्र बोरावड़
## कूलर प्रदान किया गया

**महावीर इंटरनेशनल वीर केंद्र बोरावड़** द्वारा वीर ओमप्रकाश झंवर की प्रेरणा से श्रीमती राधादेवी सारड़ा निवासी नागपुर (गच्छीपुरा) ने



**कूलर प्रदान किया गया**

अपने पति स्वर्गीय श्री राधेश्यामजी सारड़ा की स्मृति मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे मरीजों के वार्ड मे गर्मी से राहत पहुंचाने के लिये एक जम्बो कूलर दिया। कार्यक्रम मे सचिव वीर सौरभ मोदी, वीर उमेश खबाणी, वीर ओमप्रकाश झंवर, वीर मनोज अग्रवाल, वीर गंगासिंह राजपुरोहित, वीर दिनेश शर्मा, वीर नेमीचंद करनावट, जोन सेक्रेटरी वीर विजय चोरड़िया उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र** द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर में एक बालिका को जो समाज सेवी श्याम सुंदर जी सैनी एल.आई.सी. वालो के जानकार को संस्था के प्रयासों से जयपुर में व्हीलचेयर दिलवाकर दिव्यांग का सहयोग किया। 24 अप्रैल को जीवदया सेवा के तहत संस्था द्वारा पानी की टंकी शाकम्बरी गेट से शाकम्बरी मंदिर तक एक टेंकर पानी से 34 टंकियां भरवाई गई। केंद्र द्वारा श्रीमती गुणमाला देवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से 18वां नि:शुल्क हड्डी, जांच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) अरिहंत हेल्थ केयर सेन्टर राजकीय चिकित्सालय के पास आयोजित किया गया। शिविर में 38 एक्सरे व 35 रक्त सम्बंधित जांचे नि:शुल्क की गई। गरिमा प्रोजेक्ट के तहत "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ों खुलकर बोलो" माहवारी (मासिक धर्म) स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत केंद्र द्वारा सोनी देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन में प्रधानाचार्य श्री लक्ष्मण शर्मा अध्यापिका शारदा लोरा, मंजुला



**व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम**

जाखड़, कमला चौधरी, शबनम द्वारा बालिकाओं को माहवारी नहीं हैं कोई संकट, माहवारी नहीं है कोई बीमारी, माहवारी महिला के सेहत का लक्षण, माहवारी की सही जानकारी, माहवारी में सावधानिया व सेनेटरी नैपकिन उपयोग व नष्ट करने के बारे में पावन संदेश देकर 100 सेनेटरी नैपकिन वितरण किए गए। 12 मई को जीवदया सेवा के तहत वीर सोहनलाल वर्मा के सहयोग से 34 पानी की टंकियां भरवाई गई। इन अवसरों पर गवर्निंग काउंसिल मेम्बर वीर सुभाष पहाड़ियां, केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार गोयल, सचिव वीर अजीत पहाड़िया, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, वीर सम्पत बगड़िया, वीर सुभाष गंगवाल, वीर तेजकुमार बड़जात्या, वीर प्रवीण पहाड़ियां, वीर अशोक गंगवाल आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल धरा वीरा कुचामन सिटी केंद्र
## परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल धरा वीरा कुचामन सिटी केंद्र** के सानिध्य में स्वर्गीय श्री प्रकाशचन्द जैन की पुण्य स्मृति में काला परिवार के सौजन्य से जैन कालोनी गार्डन में जीवदया पर्यावरण रक्षा हेतु चार फलदार पेड़ लगाए, भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए 10 परिंडे, पक्षियों प्रज्जनन हेतु पक्षी आवास 5 लगाए गए। इस



परिंडे वितरण कार्यक्रम

अवसर पर सहयोग कर्ता परिवार के वीरा मंजू, वीरा अनिता विमल, वीरा नीलम अमित काला, केंद्र चेयरपर्सन वीरा सरोज पाटनी, वीर अजित, वीर सुभाष, वीरा रेखा, वीरा कल्पना पहाड़ियां, वीरा राखी बड़जात्या, ईना, प्रिया गंगवाल उपस्थित रहे। वीर केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार गोयल ने सभी को जीवदया पर्यावरण रक्षा हेतु किए गए सेवा कार्यो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महावीर इंटरनेशनल सखी सुमंगला केंद्र किशनगढ़
## सिलाई मशीन सेंटर का शुभारंभ किया गया

**महावीर इंटरनेशनल सखी सुमंगला केंद्र किशनगढ़** द्वारा महावीर जयंती पर सुग्रीव गौशाला जाकर गायों को गुड़ एवं चारा खिलाया गया। 9 मई को महावीर कल्याण केंद्र में सिलाई मशीन सेंटर का शुभारंभ किया गया। मीडिया प्रभारी वीरा रितु मंघनानी ने बताया कि सिलाई सिखाने वाले को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया कुछ लड़कियां भी सिलाई सीखने वाली मौजूद रही सभी को अल्पाहार करवाया गया।



सिलाई मशीन सेंटर का शुभारंभ किया गया

संरक्षिका वीरा स्नेहा मेहता, चेयरपर्सन वीरा इंदू अग्रवाल, सचिव वीरा नीता मेहता, कोषाध्यक्ष वीरा सुरेखा जैन, वीरा हेमलता गर्ग, वीरा शंकुतला जैन, वीरा नीलम, वीरा सुनीता, वीरा सज्जन, वीरा सपना, वीरा उषा, वीरा मंजू बिंदल आदि वीरायें उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र अजमेर
## पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र अजमेर** द्वारा 11 मई को तेजा चौक आंगनवाड़ी में वीरा मधु मोदी के आर्थिक सहयोग से यशोदा परियोजना के अंतर्गत 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान किये गए। पोषाहार किट में मूंग की दाल 250 ग्राम, मूंग का मोगर 250 ग्राम, दलिया आधा किलो, पोहा आधा किलो, चावल 1 किलो, सूजी आधा किलो, रोस्टेड चना 200 ग्राम, साबुत मूंग ढाई सौ ग्राम, बादाम ढाई सौ ग्राम, नारियल, बिस्किट पैकेट, आंवला कैंडी दिए गए। डॉ. आशा जी द्वारा मातृत्व दिवस के अवसर पर महिलाओ को प्रेग्नेंसी के दौरान स्वच्छता, पर्याप्त पोषण एवं नियमित जांच की अहमियत बतायी गयी। कार्यक्रम में प्रेग्नेंसी टू इन्फैंसी कन्वीनर वीरा आभा लुणावत एवं चेयरपर्सन वीरा कल्पना कांसवा उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बोरावड़
## जीवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बोरावड़** द्वारा 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस या विश्व वसुंधरा दिवस के उपलक्ष्य में वीरा रंजना सोनी के सानिध्य में सखी सहेली




जीवदया सेवा कार्यक्रम

कार्यक्रम के माध्यम से वीरा मेघा देशपांडे, वीरा सुमित्रा शर्मा, वीरा विद्या वर्मा, वीरा लीला जोशी ने एक वीडियो के माध्यम से कपड़े की थैली मेरी सहेली को पर्यावरण के लिए सुरक्षित बताया और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्लास्टिक के उपयोग को बंद करना होगा आदि जानकारी दी गयी। 8 मई को गौशाला में प्रोग्राम रखा गया। सभी वीराओं द्वारा गौमाताओं को तरबूज, खीरे, केले व टमाटर खिलाएं गए। इन अवसरों पर चेयरपर्सन वीरा मंजू लता भंडारी, सचिव वीरा शांति सहित अन्य वीर सदस्याएं भी उपस्थित रही।

# भीलवाड़ा संभाग

## महावीर इंटरनेशनल पुर केंद्र
## जल मन्दिर का शुभारम्भ किया गया

**महावीर इंटरनेशनल पुर केंद्र** द्वारा 28 अप्रैल को वीर छोटू सेठिया की दुकान के



जल मन्दिर का शुभारम्भ किया गया

बाहर बंजरगपुरा पुर में 5 केन प्रतिदिन से 2 माह के लिये जल मन्दिर का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर रिटायरड तहसीलदार वीर गोरधन त्रिवेदी, रिटायर्ड फौजी वीर कन्हैया लाल पाराशर, संरक्षक व पूर्व चेयरमैन वीर सुरेश चन्द्र सिंघवी, चेयरमैन वीर शान्तिलाल सिंघवी, वीर रतन लाल सेठिया, वीर गोपाल लाल टेलर, वीर छोटू लाल सेठिया, वीर मुकेश सेठिया, वीर जगदीश कुम्हार आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र** द्वारा 21 अप्रैल को महावीर जन्म कल्याण महोत्सव पर पधारे उपाध्यक्ष वीर विनोद चोरड़िया गुलाबपुरा निवासी निदेशक छाता वितरण के द्वारा रायपुर




छाता वितरण कार्यक्रम

बस स्टैंड पर सुनील माली फल विक्रेता को छाता वितरण किया गया। केंद्र द्वारा निर्मित महावीर पार्क का अवलोकन किया। 21 अप्रैल को केंद्र एवं सकल जैन संघ रायपुर के द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव भव्य शोभा यात्रा जैन मंदिर से बस स्टैंड रायपुर से भगवान महावीर पार्क में जुलूस पहुंचा उनका स्वागत व सम्मान किया गया। संरक्षक वीर गनपत लाल डांगी के द्वारा मित्र मंडल मुंबई के अध्यक्ष वीर बाबूलाल बडोला का उपरना द्वारा सम्मान किया गया। अध्यक्ष प्रभू लाल जी मंडोत, मंत्री नरेन्द्र जी कोठरी, कोषाध्येक्ष बसंत जी सुखलेचा इनका सम्मान वीर सुनील सिसोदिया और वीर चेतन सुखलेचा द्वारा उपरना ओढ़ा कर सम्मान किया गया। प्यासे को पानी योजना में वीर गनपत लाल मंडोत द्वारा परिंडे लगाए गए। 15 मई को राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालय रायपुर में वीर कन्हैयालाल बोरदिया के पौत्र, वीर कमलेश बोरदिया के पुत्र श्री अदविक बोरदिया के 6 वर्ष आयु पूर्ण होने पर सातवें वर्ष में प्रवेश पर उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय में अध्यनरत बालक बालिकाओं को सहायक पाठ्य सामग्री वितरण की गई। इन अवसरों पर वीर विनोद चोरड़िया, संरक्षक वीर कन्हैया लाल बोरदिया, सहकोषाध्यक्ष वीर विकास चोरड़िया, संयुक्त सचिव वीर अनिल सालवी नगर पालिका पार्षद, करेड़ा शाखा के चिलेश्वर निवासी, वीर मुकेश कालिया, वीर मनोज मीणा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल कनक केंद्र भीलवाड़ा रक्तदान शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल कनक केंद्र भीलवाड़ा एवं महात्मा गांधी चिकित्सालय के ब्लड बैंक सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान** में 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय एवं केंद्र चेयरपर्सन वीरा



रक्तदान शिविर आयोजन

दीपा सिसोदिया ने बताया कि ब्लड में आई कमी के कारण रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 94 यूनिट का रक्त संग्रहण किया गया। थैलेसीमिया रिलीफ सोसायटी के महासचिव गौतम दुगड़ बताया कि शिविर का शुभारंभ अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. दीपक गोयल, जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खतवड़, सह निदेशक वीरा एकता ओस्तवाल, सहयोग फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय, वीरा दीपा सिसोदिया ने मांगलिक मंत्रोच्चार से किया। इस अवसर पर जिले अलग-अलग क्षेत्रों से थैलेसीमिया रोगी ब्लड बैंक पहुंचे जहां पर स्वागत कर हौंसला बढ़ाया साथ ही इस मौके पर सहयोग स्वार्थ फाउंडेशन एवं केंद्र के बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 16 अप्रैल को परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत ट्रस्टी वीरा बलवीर देवी चोरड़िया, उपाध्यक्ष वीरा विमला रांका एवं वीरा पूर्णमा भगता के सहयोग से सर्व मंगल संस्थान में 960 लोगों को नाश्ता व मिठाई के साथ भोजन भी करवाया गया। 20 अप्रैल को डायरेक्टर वीरा प्रतिभा मानसिंका के सहयोग से प्याऊ का स्टैंड रखवाया गया व जायंट्स ग्रुप सहेली की उपाध्यक्ष वीरा उषा के सहयोग से लगातार 4 महीने तक शास्त्री नगर शिव मंदिर के बाहर पानी की केने रखवाई जाएगी। 22 अप्रैल को जीवदया के तहत ट्रस्टी वीरा बलवीर चोरड़िया के पुत्र वधू नेहा जी के जन्म दिवस पर वृद्धाश्रम में 2 बोरी मक्की की कबूतरों का दाना डलवाया व कृष्ण गौशाला में बीमार पशुओं की दवाई के लिए 3100 रुपये की रसीद कटवाई गई। 29 अप्रैल को "झिझक छोड़ो, चुप्पी तोडो, खुलकर बोलो" अभियान के तहत अपेक्स से प्राप्त 100 सेनेटरी नैपकिन अजमेरा हॉस्पिटल में गायनिक वार्ड में महिलाओं को दिये गये। 2 मई को अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजु पोखरना के सहयोग से 15 गर्भवती महिलाओं को पोषाहार किट बनाकर दिए गए। 8 मई को गर्मी की अधिकता को देखते हुए अलग-अलग 3 स्थानों पर जल सरिता (प्याऊ) चलाई जा रही हैं जिसमें जेल के बाहर 2 पानी की केने रोजाना की वीरा रजनी जैन के सहयोग



भोजन वितरण कार्यक्रम

से बढ़वाई गई। 10 मई को परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत वीरा उषा डोसी द्वारा हर महीने की भांति निर्धन व असहाय महिलाओं को 10-10 किलो के आटे के 11 पैकिट दिये गये। केंद्र द्वारा संचालित सिलाई शिक्षिका केंद्र में अलका मुंदड़ा द्वारा 22 महिलाओं को सिलाई सिखाई जा रही हैं। साथ ही अपेक्स द्वारा प्राप्त 50 सेनेटरी नैपकिन सिलाई सीखने वाली महिलाओं को दिये गये। 15 मई को केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजु बापना ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजु पोखरना, जोन चेयरपर्सन वीरा मंजु खटवड़, ट्रस्टी वीरा बलवीर देवी चोरड़िया व वीर अशोक पोखरना की अध्यक्षता में अहिंसा भवन में ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर का उद्घाटन फीता काट कर किया गया। शिविर में प्रथम दिन 90 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। शिविर में 22 तरह के कोर्स करवाए जाएंगे। इन विभिन्न अवसरों पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजु पोखरना, जोन चेयरपर्सन वीरा मंजु खटवड़, जोन सचिव वीरा चंद्रा रांका, ट्रस्टी वीरा बलवीर देवी चोरड़िया, डायरेक्टर वीरा अर्चना सोनी, केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजू बाफना, सचिव वीरा कला कुदाल, वीरा निशा सोनी, वीरा विमला रांका, वीरा संतोष जागेटिया, वीरा प्रतिभा मानसिंहका, वीरा संध्या अग्रवाल, वीरा नीता बाबेल, वीरा रंजनी सिंघवी आदि वीरायें उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा सिलाई केंद्र का उद्घाटन किया गया

**महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा "स्वावलंबन" प्रोजेक्ट के अंतर्गत 7 मई को सिलाई केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुभ शुरुआत मंगलाचरण, दीप प्रज्जवलन एवं प्रार्थना द्वारा की गई। गुड़िया राठौर सिलाई प्रशिक्षण दंगे और उन्होंने नारा दिया कि आत्मनिर्भर बनाएंगे, देश को आगे बढ़ाएंगे एवं महिलाओं को सशक्त स्वावलंबन बनाएंगें। जिसमें महिलाओं और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



सिलाई केंद्र का उद्घाटन किया गया

केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुशीला कोठारी ने सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी लगन से सिलाई सीखोगे तो जरूर आप सभी को आर्थिक संभल मिलेगा और आगे जाकर के अपना खुद का व्यवसाय भी कर पाओगे। इस कार्यक्रम में संरक्षका वीरा प्रतिभा मेहता, वीरा संध्या आगीवाल, सचिव वीरा ललिता जैन, वीरा मनीषा अजमेरा, वीरा चंचल बुलिया, वीरा माया बिराणी, पार्टिसिपेट कर रही बालिकाओं एवं महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

## महावीर इंटरनेशनल क्वीन्स केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल क्वीन्स केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल शौर्य शक्ति केंद्र के संयुक्त तत्वाधान** में 20 अप्रैल को अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटवड़, गवर्निंग काउंसिल मेम्बर वीर हेमन्त कोठारी के मार्गदर्शन से



मासिक बैठक का आयोजन

भगवान महावीर जैन कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में 501 नि:शुल्क परिंडे वितरण का कार्यक्रम सूचना केंद्र चौराहा, भीलवाड़ा पर आयोजित किया गया। केंद्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरणा के मार्गदर्शन में एक निजी रेस्टोरेंट में मासिक बैठक हुई जिसमें चेयरपर्सन वीरा किरण बाफना ने बताया कि सत्र 2024-25 नए पदाधिकारी मार्गदर्शीका वीरा साधना भंडारी, उपाध्यक्ष वीरा अनीता सिसोदिया, वीरा ज्योति टिकलिया, सह-मंत्री वीरा दीपिका पाटनी, सह-कोषाध्यक्ष वीरा सपना जैन नियुक्त हुए। कार्यकारणी में वीरा सुमता जैन, वीरा इंदिरा पोखरणा, वीरा ममता डांगा, वीरा संगीता सोनी, वीरा आकांक्षा मोदी, वीरा नीता जैन, वीरा प्रीति सिंघावत, वीरा रीमा श्रीश्रीमाल, वीरा रेखा पोखरणा, वीरा योगिता सुराणा, वीरा अंजू भंडारी नियुक्त हुई। केंद्र में अपेक्स द्वारा प्रदत नि:शुल्क कैनोपी बड़ा छाता आदर्श नगर तिलक नगर रोड सब्जी मंडी स्ट्रीट वेंडर सब्जी बेचने वाली बहन को दिया गया। इन विभिन्न अवसरों पर कार्यक्रम में सचिव वीरा बीना जैन, कोषाध्यक्ष वीरा रानी बंब, सह-मंत्री वीरा दीपिका पाटनी, कार्यकारिणी सदस्य वीरा नीता जैन, वीरा ममता डाँगा, वीरा रीमा श्रीश्रीमाल, सदस्य वीरा आशा खमेसरा, वीरा प्रीति जैन, वीरा स्वीटी सिपानी, वीरा पूजा डूंगरवाल, वीरा प्रेम सारस्वत, वीरा शालू चपलोत आदि वीरायें उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल संकल्प केंद्र, भीलवाड़ा
## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**महावीर इंटरनेशनल संकल्प केंद्र, भीलवाड़ा** द्वारा 9 मई को अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजु पोखरणा,



**सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ**

जोन सचिव वीरा चन्द्रा रांका के सानिध्य में सिंगर इंडिया लिमिटेड के "स्वावलंबन-एक नई पहचान" प्रोजेक्ट के तहत शाम की सब्जी मंडी, सेशन कोर्ट के पास फतहलाल गुगलिया हाउस में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा उमा दुगड़, उपाध्यक्ष वीरा सुधा कांठेड़, सचिव वीरा मंजु मारू, वीरा मधु चौधरी, वीरा रितु कांठेड़, वीरा कांता जैन, वीरा कविता बाबेल, वीरा प्रमिला गोखरू, वीरा समता चौधरी व वीरा मीना बाफना, वीरा सुमन भलावत, वीरा कुशल गुगलिया व वीरा मधु गुगलिया का विशेष योगदान रहा।

# बिजयनगर-ब्यावर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर केंद्र
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर केंद्र** द्वारा उपाध्यक्ष वीर पंकज एवं वीरा दीपशिखा सखलेचा ने उनके पिताजी उत्तमचन्द सखलेचा की पुण्य स्मृति में संजय इनक्लूसिव स्कूल में दिव्यांग बच्चों को भोजन वितरित किया गया। केंद्र द्वारा पूजनीय लीलादेवी जी धर्मपत्नी स्वर्गीय



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

बाबुलाल जी भण्डारी के मरणोपरांत भण्डारी परिवार द्वारा नेत्रदान किया गया। डॉ. भरत शर्मा आई बैंक सोसायटी अजमेर की टीम द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। सदस्य वीर रवि एवं वीरा संध्या बोहरा द्वारा अपनी पुत्री माही बोहरा के बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंको से उत्तीर्ण होने की खुशी एवं जन्मदिवस के जश्न में सुभाष उद्यान स्थित महावीर अन्न क्षेत्र में जरुरतमंदों को भोजन कराकर मनाया गया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर अशोक पालडेचा, कोषाध्यक्ष वीर अभिषेक नाहटा, सहसचिव वीर योगेंद्र मेहता, वीर रूपेश कोठारी, वीर पुष्पेन्द्र चौधरी, वीर दिलीप दक, वीर बाबुलाल आच्छा, वीर प्रदीप मकाणा, वीर रोहित मुथा, वीर जितेन्द्र धारिवाल, वीर मोहित कांठेड़, वीर पदम बिनायकिया, वीर नरेन्द्र सुराणा, वीर नवलेश बुरड़, वीरा रूपा कोठारी, वीरा ममता जैन, वीरा इशिका जैन, वीरा सोनल बिनायकिया, वीरा शिल्पी डोसी, वीरा सीमा जैन, वीरा अनिता पगारिया, वीरा हेमलता नाहर, वीरा लक्षिता जैन, वीरा सीमा अजमेरा, वीरा माही बोहरा, वीरा रवि बोहरा, वीरा सन्ध्या बोहरा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर केंद्र
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर केंद्र** द्वारा 19 अप्रैल को संजय इंक्लूसिव स्कूल, मुणोत कॉलोनी, नेहरू गेट के बाहर, ब्यावर (राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चाचीयावास द्वारा संचालित) दिव्यांग बच्चों के साथ महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव एवं भोजन व्यवस्था कार्यक्रम संस्था के भामाशाह के सहयोग से आयोजित किया गया। वीर सुनील सिंघल, वीर योगेश बंसल सर्राफ, वीर मोहित सिंघल, वीर राजेश भुतडा, वीर अनुपम रूनीवाल, वीर सुशील शर्मा, वीर सुधीर जैथलिया, वीर लव नामा के सहयोग से भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव एवं भोजन व्यवस्था कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुल अनुमानित खर्च 18350 रुपए रहा। 21 अप्रैल को अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा निकाली गई। केंद्र द्वारा भव्य शोभायात्रा के दौरान सिटी डिस्पेंसरी के सामने, महावीर बाजार, ब्यावर में शीतल जल व्यवस्था की गई। वीर सुनील सिंघल ने भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव की सभी को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए उनकी शिक्षा को आत्मसात कर जीवन जीने की प्रेरणा दी एवं उपस्थित ऊर्जावान सदस्यों का हृदय से हार्दिक आभार व्यक्त किया। 8 मई को जीवदया सेवा कार्यों की श्रृंखला में श्री तिजारती गौशाला, ब्यावर ग्रीष्म ऋतुफल तरबूज (985 किलो), ककड़ी (955 किलो), खरबूजा (68 किलो), टिंडसी (256 किलो), रु.17200 फल से गौसेवा का आनंद लिया गया। 10 मई (अक्षय तृतीया) को भगवान परशुराम जन्म जयंती के उपलक्ष्य



**जीवदया सेवा कार्यक्रम**



में ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा का पुष्प वर्षा एवं जल सेवा से स्वागत एकता सर्कल, पांच बत्ती, ब्यावर के पास किया गया। प्रमुख पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। 12 मई को अध्यक्षीय स्नेह भोज कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह राधा कुंज गार्डन देलवाड़ा रोड ब्यावर आयोजित किया गया। इसके पश्चात बाहर से पधारे हुए अतिथियों का माला एवं मोमेंट से स्वागत किया गया। इन अवसरों पर जोन सचिव वीर डॉ. तारेश जी सा जैन, गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर धनराज जी सा श्रीमाल, वीर अमित बंसल, वीर सुनील सिंघल, वीर महेंद्र राका, वीर विजय राज जैन, वीर अनुपम रूनीवाल, वीर सुधीर जैथलिया, वीर लव नामा, वीर सत्यकाम दाधीच, वीर त्रिलोक अग्रवाल, वीर यशवंत राज कोठारी, वीर राजेश रांका, वीर निखिल माहेश्वरी, वीर पुलकित सिंघल, वीर जेपी शर्मा, वीर निखिल जिंदल, वीर पंकज सारडा, वीर विजय बोहरा, वीर योगेश बंसल सर्राफ, वीर मोहित सिंघल, वीर सतीश दतवानी, वीर सुनील जिंदल, वीर राजकुमार गोयल, वीर राकेश जैन, वीर अशोक लोढ़ा, वीर राजेश मंत्री, वीर ललित मकाना, वीर अंकुश बोहरा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र ब्यावर
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र ब्यावर** द्वारा 1 अप्रैल को वीर नन्द किशोर राठी के पुत्र त्रिशान राठी के जन्मदिवस पर गौशाला में गुड व चारा गौमाताओं को खिलाया गया। एक नि:शुल्क घुटना रोग प्रत्यारोपण परामर्श शिविर डॉ. स्टर्लिंग हॉस्पिटल अहमदाबाद के डॉ. हिमांशु





**जीवदया एवं नि:शुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन**

माथुर ने 30 मरीजों को परामर्श प्रदान किया। 7 अप्रैल को अपेक्स से प्राप्त 50 बेबी किट एवं केंद्र के सहयोग से 20 बेबी किट खरीदकर (कुल 70 बेबी किट) अमृत कौर चिकित्सालय ब्यावर में वितरण किया गया जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर विनोद चोरड़िया की उपस्थिति गरिमामय रही। 9 अप्रैल को वीर नन्द किशोर राठी की पुत्री आराध्या राठी के जन्म दिवस पर पक्षी आशियाना पर पक्षियों के लिए मक्की एवं बाजरा का दाना खिलाया गया। साथ ही केंद्र द्वारा संचालित महावीर चिकित्सा सेवा केंद्र में नि:शुल्क फिजियोथैरेपी शिविर सुविधा प्रारंभ की गई, इसमें वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. निशा खींचा द्वारा 300 मरीजों को सेवाएं प्रदान की गई। विभिन्न तिथियों पर नि:शुल्क रीड की हड्डी एवं स्पाइन रोग शिविर लगाया गया जिसमें डॉ. पंकज जिंदल द्वारा 96 मरीजों को स्पाइन रोग पर परामर्श प्रदान किया गया। हृदय रोग परामर्श शिविर में फोर्टिस हॉस्पिटल के डॉ. अश्विनी शर्मा द्वारा 25 मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया। 21 अप्रैल को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें महावीर कल्याणक दिवस पर निकलने वाली शोभा यात्रा का स्वागत शुद्ध जल पिलाकर किया गया तथा इसी दिन भगवान महावीर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर महावीर अन्न क्षेत्र में गरीब जन को भोजन एवं वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन कराकर मनाया गया। 4 मई को वीर समुन्दर बडोला की पुत्र वधु श्रीमति दिव्या जैन धर्म पत्नी श्री विपुल जैन के शुभ जन्म दिवस के उपलक्ष्य में गौशाला में गुड व चारा गौमाताओं को खिलाया गया। 5 मई को मासिक मीटिंग The Red Chuttney Restourant में रखी गई। जिसमें गत मीटिंग की कार्यवाही पढ़ कर सर्व सहमति से पास की गई एवं आने वाले प्रथम स्थापना दिवस को सेवा कार्य के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। 6 मई को नि:शुल्क घुटना रोग प्रत्यारोपण परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें स्टर्लिंग हॉस्पिटल के वरिष्ठ घुटने रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु माथुर द्वारा 30 मरीजों को परामर्श प्रदान किया। 11 मई को दोस्ती से सेवा की ओर कार्य क्रम के तहत सदस्य वीरा नीलम चोरड़िया संग वीर संजय चोरड़िया और वीरा विजयलक्ष्मी राठी संग वीर नन्द किशोर राठी की वैवाहिक वर्षगांठ उनके निवास स्थान पर जाकर शुभकामना दी गई। 12 मई को नि:शुल्क परिंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमति दमयंती जयपाल (प्रशासनिक अधिकारी, नगर परिषद, ब्यावर) द्वारा 300 परिंडों का घर-घर जाकर वितरण किया गया। मातृ दिवस एवं नरसिंग दिवस मनाया गया तथा महावीर चिकित्सा सेवा केंद्र पर कार्य करने वाले सभी नरसिंग स्टॉफ का माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। 13 मई को दोस्ती से सेवा की ओर कार्यक्रम के तहत सचिव श्री आशीष डोसी संग श्रीमति स्वीटी डोसी की वैवाहिक वर्षगांठ उनके निवास स्थान पर जाकर शुभकामना के साथ मनाई गई। उपरोक्त सभी सेवा कार्यक्रमों में सभी सदस्य द्वारा सहयोग किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बिजयनगर
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बिजयनगर** द्वारा राजकीय चिकित्सालय बिजयनगर में नवजात शिशुओं के बेबी किट व राजकीय विद्यालय में खारी का लाम्बा में बालिकाओं को स्वास्थ्य सामग्री का वितरण किया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुनीता सिंघवी, सचिव वीरा आशा चोरड़िया, उपाध्यक्ष वीरा पुष्पा बुरड़, कोषाध्यक्ष वीरा नेहा कासलीवाल, वीरा मधु मुकुल, सहसचिव वीरा दर्शना मेहता, वीरा तारा बोहरा, वीरा चंद्रकांता सांड, वीरा रेखा लुणावत, वीरा ललिता कोठारी, वीरा गीता



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

जागेटिया, वीरा मंजू तातेड, वीरा शालिनी शर्मा, वीरा रत्नेश सांड, वीरा लाड कोठारी इत्यादि मौजूद रही। तपस्विनी सदस्य किरण सिसोदिया का अभिनंदन भी सदस्यों ने किया। वीरा सदस्यों ने जरूरतमंद बच्चों को व राजकीय चिकित्सालय में गायनिक वार्ड आदि में सेवा कार्य निरंतर करने का संकल्प लिया। पूर्व में भी बापू बाजार प्याऊ पर केंद्र द्वारा वाटर कूलर प्रदान किया गया। केंद्र द्वारा प्रथम मीटिंग विजयनगर में आयोजित की गयी। इन अवसरों पर केंद्र की वीरायें उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल सेवा संस्थान आसींद केंद्र
## परिंडे लगवाए गए

**महावीर इंटरनेशनल सेवा संस्थान आसींद केंद्र** द्वारा 1 मई को गर्मी को देखते हुए प्रेम नगर कॉलोनी में पक्षियों के लिए परिंडे लगवाए गए एवं गांधी चौक आसींद के बाजार में एक जल सरिता का शुभारंभ संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया। संस्था के वीर पूरणमल चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी को देखते हुए पक्षियों के पानी की व्यवस्था की गई एवं आसपास के लोगों को बताया गया कि परिंडे को खाली न रखें। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर खूबीलाल सोनी, सचिव वीर रामप्रसाद मेवाड़ा, बेबी किट प्रभारी वीर प्रकाशचंद चौधरी, वीर लक्ष्मीलाल बंब, वीर पारसमल ओस्तवाल, वीर जगदीश चंद्र गर्ग, वीर सुरेश सोनी एवं काफी सदस्य मौजूद रहे।

# चित्तौड़गढ़ संभाग

## महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल हेल्थ केयर चेरिटेबल ट्रस्ट चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान** में स्टेशन रोड स्थित केसरिया जैन गुरुकुल के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ केसरिया जैन गुरुकुल के अध्यक्ष शन्ति लाल राठौर एवं जोन



**नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन**

चेयरमैन वीर सी.एम. बोकडिया व चेयरमैन वीर अभय संजेती द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। शिविर में 281 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया। कुल 48 विद्यार्थियों की दूर की नजर कमजोर पाई गई उनको आधुनिक उपकरणों एवं मशीनों पर परिक्षण कर उचित उपचार हेतु एवं चश्में के नंबर निर्धारित करने के लिए महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय में बुलाया गया। इसके साथ ही विद्यालय के 71 अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण किया गया और जरूरमन्द मरीजों को नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गयी। गर्मी में बेजुबान पक्षियों की भूख मिटाने एवं प्यास बुझाने के उद्देश्य से पक्षी मित्र अभियान के तहत परिंडे वितरण प्रकल्प के माध्यम से भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के अवसर पर मांगलिक धाम के बाहर एक स्टॉल लगाकर 1000 परिंडों का वितरण किया। परिंडे लेने में रुचि दिखाने में अधिक संख्या समारोह में भाग लेने आई महिलाओं की रही। 3 मई को जीवदया सेवा प्रकल्प की श्रृंखला के तहत स्वर्गीया श्रीमती संपत जी मोदी धर्मपत्नी श्री नवल सिंह जी सा मोदी की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्रों वीर नवनीत मोदी एवं वीर पियूष मोदी के सौजन्य से जीवदया के कुछ कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के तहत पन्नाधाय पार्क, खातर महल, गांधी चौक, कबूतर खाना एवं खरडीया महादेव में पक्षियों के लिए दाने की व्यवस्था की गई जबकि गांधीनगर स्थित गौशाला में गायों के लिए चारा वितरण किया गया। तदुपरांत सांवलिया चिकित्सालय स्थित भोजनशाला में 85 व्यक्तियों के खाने का प्रबंध किया गया। इन अवसरों पर जोन सचिव वीर प्रवीण जैन, सरक्षक वीर राजेंद्र दोसी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर सी.एम. रांका, केंद्र चेयरमैन वीर अभय संजेती, सचिव वीर सी.पी. जैन, कोषाध्यक्ष वीर पारस पोखरना, पूर्व चेयरमैन रणजीत नाहर, प्रभारी वीर नवनीत मोदी, वीर प्रवीण जैन, वीर अशोक सेठिया, वीर प्रकाश जैन, वीर प्रदीप बाबेल, वीर अशोक लोढ़ा, वीर अभय बोहरा, वीर एम.एल. सिसोदिया, वीर बसंतीलाल मेहता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल छोटीसादडी केंद्र
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल छोटीसादडी केंद्र एवं लायंस क्लब नीमच के संयुक्त तत्वावधान** में श्रीमति गीतादेवी गर्ग एवं श्रीमती सीमा शर्मा का मरणोपरांत उनके परिवार की सहमति से नेत्रदान करवाया गया। गोमाबाई नेत्रालय के वरिष्ठ ऑप्टोमोलॉजिस्ट अमरसिंह भाटी एवं सहायक



**जीवदया सेवा कार्यक्रम**

रवि शर्मा ने नेत्र उत्सर्जन किये। केंद्र द्वारा अब तक 183 नेत्रदान किये जा चुके हैं। केंद्र द्वारा विभिन्न अवसरों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से अमूल्य स्मृतियों पर 8 ट्रॉली हरी घास की गौशाला में डलवाई गयी। इन अवसरों पर वीर रिखब गोपावत, वीर शैलेन्द्र पोरवाल, वीर कांतिलाल दक, वीर श्यामसुंदर अग्रवाल, वीर अमृतलाल बंडी, वीर अशोक सोनी, वीर कैलाश गोस्वामी, वीर प्रदीप व्यास, वीर राधावल्लभ सिंहल, वीर मोतीलाल सिंहल, वीर लोकेश जायसवाल, वीर राजमल राठौड़ एवं वीर मुकेश शर्मा, वीर दिलीप शर्मा, वीर अनिल शर्मा व वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल बानसेन केंद्र परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बानसेन केंद्र** द्वारा महावीर जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में पक्षियों



परिंडे वितरण कार्यक्रम

के लिए परिंडे बांधे गए। इस कार्यक्रम में केंद्र के पदाधिकारी एवं सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

## महावीर इंटरनेशनल अहिंसा वीरा केंद्र बेगूं परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अहिंसा वीरा केंद्र बेगूं** द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में अहिंसा सर्किल पर जीवदया के तहत गर्मियों में पक्षियों को पीने के पानी हेतु 200 परिंडे वितरण किया एवं मतदान हम सब का अधिकार हैं सबसे बड़े लोकतंत्र में अपनी



परिंडे वितरण कार्यक्रम

भागीदारी निभाने में आम नागरिकों को प्रेरित किया भीलवाड़ा के वीर अमित पोखरना का नि:शुल्क परिंडे भिजवाने में सहयोग रहा। वीरा कोमल आंचलिया के सानिध्य में परिंडे वितरित किए। इस अवसर पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा किरण पगारिया, सचिव वीरा प्रमिला सुराणा, कोषाध्यक्ष वीरा सरोज कावड़िया, वीरा ललिता पोखरना, वीरा किरण कानोडा, वीरा राधा मंत्री, वीरा ममता आचलिया, वीरा शकुंतला सर्राफ, सचिव वीर कैलाश धाकड़, वीर विनोद पगारिया, वीर लोकेश भटेवरा, वीर पवन शाह, वीर मुकेश आमेटा आदि उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र चित्तौड़गढ़ मंदिर का शुभारंभ किया गया

**महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र चित्तौड़गढ़** द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए 13 मई को कुंभा नगर सब्जी मंडी के पास जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। केंद्र चेयरपर्सन



मंदिर का शुभारंभ किया गया

वीरा सुनीता सिसोदिया ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्तौड़गढ़ जोन चेयरमैन वीर चांदमल बोकाडिया, जोन सचिव वीर प्रवीण जैन, विशिष्ट अतिथि पूर्व जोन चेयरमैन वीर सी.एम. राका, पूर्व जोन चेयरमैन वीर रतन लाल मारू का स्वागत उपरना ओढ़ा कर किया गया। सभी अतिथियों ने जल मंदिर का शुभारंभ किया। जल मंदिर का संचालन वीरा सुनीता सिसोदिया के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में सचिव वीरा विनीता जैन, वीरा स्वाति छाजेड, वीरा प्रिया दोसी, वीरा रेखा डांगी, वीरा कल्पना मेहता, वीरा अनीता भड़कतिया, वीरा सीमा भड़कतिया, वीरा रितु काला, वीरा नीमा मेहता, वीरा नगीना मेहता एवं वीरा मंजू सेठी उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी केंद्र निंबाहेड़ा कन्यादान परियोजना के अंतर्गत सहयोग

**महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी केंद्र निंबाहेड़ा** द्वारा कन्यादान प्रोजेक्ट के तहत 35वां कन्यादान कार्यक्रम आयोजित किया गया। समीपस्थ ग्राम करथाना की बालिका ललिता पुत्री कालूराम भील का चयन किया गया। उपहार स्वरूप



कन्यादान परियोजना के अंतर्गत सहयोग

विभिन्न वस्तुएं प्रदान करने के दौरान बालिका के पिता कालूराम उनकी माता, भील जनजाति विकास समिति के कार्यकर्ता बालिका के मामा पवन भील सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय सचिव वीरा सरोज ढेलावत, केंद्र सचिव वीरा प्रियंका नाहर, कोषाध्यक्ष वीरा रानी सिंघवी, कन्यादान प्रोजेक्ट डायरेक्टर वीरा कल्पना संघवी, वीरा कल्पना चपलोत, वीरा प्रमिला सहलोत, वीरा चांदनी मोदी, वीरा अल्पना चपलोत, वीरा गीतू खरोदिया, वीरा ज्योति जैन, वीरा कविता जिज्ञासु आदि ने मौजूद रहकर बालिका के सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## रीजन-4

### डूंगरपुर-बांसवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर बांसवाड़ा जोन छाता वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर बांसवाड़ा जोन** द्वारा सुकून की छांव प्रॉजेक्ट में दार्जिलिंग शहर



छाता वितरण कार्यक्रम

के एक चाय बागान के फल व्यवसायी को धूप वर्षा से बचाव हेतु कैनोपी (बड़ा छाता) वितरित की गई।

### महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र** द्वारा नवसंवत्सर के अवसर पर नि:शुल्क नीम रस का वितरण चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 9 अप्रैल से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल को चैत्र शुक्ल नवमी, राम नवमी के दिन अंतिम वितरण के साथ समाप्त किया गया। केंद्र चेयरमैन वीर विजय जैन ने बताया कि प्रतिदिन दो केंद्रों पर नीम रस वितरण किया गया। जिसमें से एक केंद्र जिला कोर्ट के सामने न्यू कॉलोनी पर रखा गया जबकि दूसरा केंद्र तहसील चौराहे पर रखा गया। प्रत्येक दिन दोनो केंद्रों पर लगभग 2000 शहरवासियों ने नीम रस का सेवन कर अपने उत्तम स्वास्थ्य के प्रति सजगता का परिचय दिया। जो शहरवासी वितरण केंद्र तक नहीं पहुंच पाए उन्होंने अपने परिजनों के माध्यम से नीम रस मंगवाकर सेवन किया। नीम रस केंद्रों का संचालन महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों द्वारा ही किया गया। नीम रस वितरण के अंतिम दिन संस्था चेयरमैन द्वारा समस्त नगरवासियों को रामनवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की गई। साथ ही नीम रस वितरण कार्यक्रम में आम जनता के उत्साह एवं सहभागिता हेतु आभार व्यक्त किया। रामनवमी के अवसर पर केंद्र सचिव वीर हेमंत जैन द्वारा बी.एम.जे. मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से जिला कोर्ट के सामने मुख्य मार्ग पर वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया। 27 अप्रैल को रोग निदान केंद्र पर अस्थि रोग संबंधित एक दिवसीय जांच शिविर संपन्न हुआ। केंद्र चेयरमैन वीर विजय जैन ने बताया कि शिविर में जी.बी.एच. जनरल एवं कैंसर हॉस्पिटल उदयपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलित कर प्रार्थना के साथ हुआ। शिविर में अस्थि रोग से संबंधित 17 मरीजों की जांच की और उन्हें चिकित्सिकीय परामर्श प्रदान किया गया। अप्रैल माह का दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर 27 एवं 28 अप्रैल को रोगनिदान केंद्र पर आयोजित किया गया। इस शिविर में 2 दिव्यांगों को जयपुर फूट प्रदान



दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन

किया गया जबकि 3 दिव्यांगों को केलीपर, 3 दिव्यांगों को बैसाखी नि:शुल्क प्रदान की गई। इस तरह से शिविर में कुल 8 दिव्यांगों को नि:शुल्क सहायता सुविधा उपलब्ध कराई गई। 8 मई को केंद्र एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर तीन विभूतियों सर्व वीर बादामी लाल वखारिया (देहदान), वीर हर्षवर्धन जैन (56 बार रक्तदान) एवं वीर राजेश डेंडू (20 बार रक्तदान) को सामान्य चिकित्सालय के सभागार में पद्मश्री श्री मूलचंद जी लोढ़ा के मुख्य आतिथ्य में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, डूंगरपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। 9 मई को दैनिक भास्कर समाचार पत्र के संयुक्त तत्वावधान में 12 मई मदर्स डे के उपलक्ष्य में नि:शुल्क महिला चिकित्सकीय परामर्श एवं लैबोरेट्री जांच शिविर का आयोजन संस्थान के रोग निदान केंद्र पर किया गया। शिविर में राजकीय हरिदेव जोशी चिकित्सालय की डॉ. सुहानी जैन ने महिलाओं को उनके स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सिकीय परामर्श प्रदान किया, जबकि केंद्र की लैबोरेट्री द्वारा नि:शुल्क शुगर टेस्ट, सी.बी.सी., लिपिड प्रोफाइल एवं थाइराइड से संबंधित जांचे की गई। इन विभिन्न अवसरों पर गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर विनोद दोसी, जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन, केंद्र चेयरमैन वीर विजय जैन, उपाध्यक्ष वीर पूरणमल दावड़ा, वीर रविन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष वीर अशोक दोसी, भूतपूर्व चेयरमैन वीर संजय गांधी, सह सचिव वीर अविचल कोटडिया, पूर्व चेयरमैन वीर संजय गांधी, पूर्व सचिव वीर नीरव जैन, वीर योगेश चौबीसा, वीर विजय पटवा, वीर हेमेंद्र मेहता, वीर पद्मेश गांधी, वीर शरद सरैया, वीर राजेश डेंडू, वीर संजय गांधी, वीर हर्षवर्धन जैन, वीर जयदीप द्विवेदी, वीर अशोक सरैया, वीर अविचल जैन, वीर भूपेंद्र गांधी, वीर नीरव



जैन, वीर धर्मेंद्र वोरा, वीर पंकज कोटडिया, वीर पारस वोरा, वीर संजय मेहता, वीर सुदर्शन जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल अरथूना केंद्र छाता वितरण कार्यक्रम



छाता वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अरथूना केंद्र** द्वारा सुकून की छांव प्रोजेक्ट के तहत कैनोपी वितरित की गयी।

## महावीर इंटरनेशनल डडूका केंद्र मरणोपरांत देहदान की घोषणा की गई

**महावीर इंटरनेशनल डडूका केंद्र** की प्रेरणा से परतापुर निवासी पिता श्री अशोक कुमार दवे, मां



मरणोपरांत देहदान की घोषणा की गई

श्रीमती सुधा दवे तथा बेटी सुश्री जिम्मी दवे ने मरणोपरांत देहदान की घोषणा की। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर सुंदरलाल पटेल तथा गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर अजीत कोठिया की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल कुशलगढ़ केंद्र फोल्डिंग बेड, व्हीलचेयर, स्टिक, वॉकर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल कुशलगढ़ केंद्र** द्वारा महावीर जयंती पर नगर में सर्व समाजजनों को फोल्डिंग बेड 2, व्हीलचेयर 2, स्टिक 10, वॉकर 2 आदि उपकरण नि:शुल्क भेंट किए गए। कार्यक्रम में केंद्र चेयरमैन वीर कोमल भरड़ा, सचिव वीर अंकित सेठ, उपाध्यक्ष वीर सौरभ सेठ, कोषाध्यक्ष वीर अनुराग जैन, सह सचिव वीर रितेश दोसी, सह कोषाध्यक्ष वीर प्रितेश दोसी, मीडिया प्रभारी वीर प्रितेश कोठारी समेत केंद्र सदस्य मौजूद रहे।

## महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र परिंडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र** द्वारा राजकीय बालिका विद्यालय में इस भीषण गर्मी को देखते हुए आसमान में उड़ने वाले प्यासे पक्षियों के लिए उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को परिंडे वितरण किए गए। राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय बोडीगामा में विद्यालय परिसर में ग्रामीणों को एवं विद्यालय के छात्रों को परिंडे बांटे गये। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर सुरेश चंद्र गांधी ने सभी छात्रों को यह शपथ दिलाई कि प्रतिदिन प्रात: एक लोटा पानी जरुर डालेंगे एवं उनके दाने पानी की व्यवस्था करेंगे एवं उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए गांव-गांव



परिंडे वितरण कार्यक्रम

जाकर परिंडे वितरण किए जाएंगे एवं पशुओं के लिए जगह-जगह पानी की टंकियां रखी जाएगी। कार्यक्रमों में उपस्थित सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से दुपट्टा उड़ा कर सम्मान किया गया। इन अवसरों पर विद्या भारती बांसवाड़ा जिला सचिव ललित जी दवे, संरक्षक डॉ. अजीत गांधी, केंद्र चेयरमैन वीर सुरेश चंद्र गांधी, सचिव वीर कैलाश पंचोरी, वीर मनोज जैन, विद्यालय के स्टॉफ अखिल गांधी, जोधा सिंह जी, मनोज पाटीदार, विनोद मईडा, वरुण, मन्नालाल, रमेश मसाणी, विद्या निकेतन, विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुलदीप चौहान, भारतीय जनता पार्टी ब्लॉक मंडल अध्यक्ष ताजेग पाटीदार आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र** द्वारा 19 अप्रैल को धूप और बरसात से बचाव के लिए सड़क पर बैठकर फल और सब्जियां बेचने वाली महिला को समाज सेवी जयंत द्विवेदी श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सुहालका, पंकज मालोत, पार्षद लोकेंद्र वैष्णव व युगल उपाध्याय कृष्ण चंद्र



छाता वितरण कार्यक्रम

चौबीसा, कैलाश जायसवाल, ललित जोशी की अध्यक्षता में कैनोपी (बड़ी छाता) वितरण का कार्यक्रम शिव शक्ति मंदिर राति तलाई परिसर में आयोजित किया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि मंजूला सालिया जो राति तलाई बांसवाड़ा में सड़क किनारे बैठकर सब्जी व अन्य सामग्री बेचती हैं उन्हे कैनोपी केंद्र द्वारा प्रदान की गई। 3 मई को

विर्मदित पुनर्वास गृह कालिका माता रोड पर बच्चों के जीवन में खुशी लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप रोकडिया ने की। रोकडिया ने बच्चों के बारे में जानकारी दी। केंद्र संरक्षक वीरा आशा मित्तल और सचिव वीरा गीता चौधरी के सौजन्य से आश्रम के 70 बच्चों को टी-शर्ट व लोअर और फल वितरित किए। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा भुवनेश्वरी मालोत, सचिव वीरा गीता चौधरी, कोषाध्यक्ष वीरा संध्या लोकवानी, संरक्षक वीरा आशा मित्तल, वीरा भारती तलरेजा, वीरा संध्या रस्तोगी, वीरा कांता भाटी, वीरा ऋषि कन्या व्यास, वीरा सरोज व्यास, वीरा उषा पोरवाल, वीरा पूनम सोतानी, वीरा सुधा तलवाडिया, वीरा विमला कोठारी, वीरा प्रेमलता दोसी आदि वीरायें उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र** द्वारा 16 अप्रैल को "सुकून की छांव" कार्यक्रम के तहत केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी ने बताया कि प्रताप नगर क्षेत्र में फुटपाथ पर सब्जी बेचने वाले विक्रेता एवं एक जिला जेल के सामने रोडसाइड पर एक फल विक्रेता को कैनोपी छतरी नि:शुल्क प्रदान की गई। केंद्र द्वारा भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में राजकीय मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में बच्चों को बिस्किट वितरित किये गए। 21 अप्रैल को चार बालिकाओं के विवाह के अवसर पर कन्यादान की रस्म पूरी कर संबंधित परिवारों को संबल प्रदान किया गया। इन चारो बालिकाओं को कन्यादान में चार जोड़ी साड़ियां, बेडशीट, रसोई के बर्तन का सेट, श्रृंगार का सामान, चूड़ियां, पेंडल सेट, मांग टीका, चांदी की बिछिया इत्यादि प्रदान कर कन्यादान की रस्म को पूरा किया। 29 अप्रैल को प्रेग्नेंसी टू इन्फैंसी कार्यक्रम के अंतर्गत भोईवाड़ा आंगनवाड़ी केंद्र पर लगभग 120 महिलाओं को अपेक्स द्वारा प्रदत सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए व 8 गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार हेतु पोषाहार वितरण किया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी ने बताया कि पोषाहार वितरण वीरा पिंकी अग्रवाल की तरफ से किया गया। केंद्र एवं महिला जिला क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सुकून की छांव कार्यक्रम



कन्यादान परियोजना के अंतर्गत सहयोग

के तहत बढती गर्मी में धूप से राहत देने 18 सब्जी विक्रेताओं को कैनोपी नि:शुल्क प्रदान की गई। 13 मई को जीव दया प्रकल्प के तहत भीषण गर्मी से राहत के लिए पक्षियों के लिए बादल महल मन्दिर परिसर में परिंडे लगाए गए। 15 मई को तीनों छतरियां स्वर्गीय अनुपमा अजय मलासिया उदयपुर एंव वीरा रेखा जोशी के सौजन्य से प्रदान की गई। इन विभिन्न अवसरों पर जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन, केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी, उपाध्यक्ष वीरा कनकलता जैन, सचिव वीरा पुष्पक जैन, कोषाध्यक्ष वीरा निधि गांधी, सह उपाध्यक्ष वीरा ममता भट्ट, वीरा रेखा गोठी, वीरा श्वेता सरैया, वीरा ममता सरैया, वीरा कल्पना वखरिया, वीरा निलम दोसी, वीरा साधना जैन, वीरा प्रज्ञा जैन, वीरा रीतिका मलासिया, वीरा चन्द्रकला वोरा, वीरा पुजा जैन, वीरा हिरूषा शाह, वीरा रितु शाह, वीरा दीपिका जैन, वीरा मीना जैन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकुंतला भोई, चंदा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल प्रियकारिणी वीरा केंद्र बागीदौरा बेबी किट एवं सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल प्रियकारिणी वीरा केंद्र बागीदौरा** द्वारा सरकारी अस्पताल में बेबी किट



बेबी किट एवं सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

एवं सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। केंद्र द्वारा हरिजन बस्ती में जाकर महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरण किये गए। साथ ही महिलाओं में होने वाले इंफेक्शन व गम्भीर बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा शोभा प्रणामी व वीरा अंजू प्रणामी ने सेनेटरी नैपकिन का उपयोग करने एवं बाद में नष्ट करने के तरीके बताए। इन अवसरों पर वीरा विमला मेहता, वीरा अनिता गांधी, वीरा संगीता दोसी, वीरा प्रेमलता जैन, वीरा पूर्वा दोसी, वीरा रमिला दोसी, वीरा इंदिरा मेहता, वीरा अंजना दोसी, जोन सचिव वीर विनोदचन्द्र दोसी, वीर बसन्तकान्त शर्मा, वीर रमेश भट्ट, वीर सागरमल सोनी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल वामा वीरा सागवाडा केंद्र ट्राइसाईकल एवं सकोरा वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वामा वीरा सागवाडा केंद्र** द्वारा ट्राइसाईकल एवं सकोरा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



ट्राइसाईकल एवं सकोरा वितरण कार्यक्रम

## राजसमंद संभाग

### महावीर इंटरनेशनल दरीबा केंद्र ठंढाई वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल दरीबा केंद्र** द्वारा भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव के वरगोड़े में शामिल लोगों को गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए जल देवी सासेरा सरोवर पाल पर ठंढाई वितरण का सेवा कार्य किया। इस अवसर पर संस्था में हो रहे नेशनल प्रोजेक्ट और सेवाकार्यो की फोटोग्राफ्स, न्यूज बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया। केंद्र द्वारा जीव दया कार्यक्रम के




**ठंढाई वितरण कार्यक्रम**

तहत पशुओं की सेवा हेतु हरा चारा गुड लापसी प्रदान की गयी एवं पीड़ित पशुओं की सहायतार्थ 1 दान पेटी रखी गई जिसमें रु.30837 की राशि एकत्रित हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र चेयरमैन वीर प्रकाश सिन्याल, वीर निर्मल सिंघवी, वीर विजय सिंह सुराना, वीर रवि सिंघवी, वीर रवि कुमठ, वीर नीलम सोमानी, वीर नीरज मेहता, वीर आकाश जैन, वीर नवीन गोखरू, वीर जयेश गोखरू, वीर हिमांशु जैन आदि सदस्यो ने सहयोग किया।

### महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र बेबी किट एवं पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र** द्वारा 9 मई को नियमित प्रोजेक्ट "गर्भावस्था से शैशवास्था" के तहत राजकीय चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार के 40 पैकेट (जिसमें गुड़, नारियल का गोला एवं चना)



**बेबी किट एवं पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम**

का वितरण किया गया। अपेक्स से प्राप्त 50 हाइजीनिक बेबी किट चिकित्सालय में दिए गए। गरिमा प्रोजेक्ट के तहत चिकित्सालय के मैटरनिटी वार्ड में भर्ती महिलाओं को 25 पैकेट सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। "कपड़े की थैली मेरी सहेली" अभियान के तहत वहां उपस्थित लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई तथा बाजार जाते समय कपड़े की थैली साथ में ले जाने की अपील की गई। वीरा संतोष मारवाड़ी ने केंद्र द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक मुक्त अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजसमंद जोन चेयरमैन वीर संपतलाल लोढ़ा, राजसमंद जोन कोषाध्यक्ष वीर कांतिलाल धाकड़, केंद्र चेयरपर्सन वीरा अरुणा जैन, वीरा सीमा जैन, वीर राजेश मारवाड़ी ने भाग लिया। चिकित्सालय के डॉ. बलवीर जाखड़ एवं सिस्टर निर्मल राठौड़ ने इस कार्यक्रम में सहयोग किया।

### महावीर इंटरनेशनल वर्धमान कांकरोली केंद्र भोजन, चाकलेट, खेल सामग्री, स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वर्धमान कांकरोली केंद्र** द्वारा भगवान महावीर जन्मोत्सव मूक बधिर बच्चों के साथ मनाया गया। केंद्र द्वारा बच्चों के लिये भोजन, चाकलेट, खेल सामग्री, स्टेशनरी वितरित की गई। केंद्र द्वारा खेल सामग्री उपलब्ध कराने में सेलिब्रिटी स्टेशनरी के आशीष जैन एवं अंजू क्रिएशन के अंजू-जितेंद्र जी गोखरू का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही स्कूल संचालक राकेश परियानी एवं अनीता जी परियानी का भी



**भोजन, चाकलेट, खेल सामग्री, स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम**

आभार व्यक्त किया गया जिनके पिछले 20 साल के अथक परिश्रम से इन बच्चों का स्वयं का स्कूल बन गया। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर नवीन चोरड़िया, वीर कमलेश तलेसरा, वीर रवींद्र पगारिया, वीर ज्ञानचंद हिंगड़, वीर राकेश टूकलिया, वीर अनिल सियाल, वीरा सीमा पगारिया, वीरा मिताली सिसोदिया, वीरा निधि चोरड़िया, वीरा प्रिया पगारिया, वीरा सुशीला सियाल उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल त्रिशला राजसमंद केंद्र शीतल जल सेवा का उद्घाटन

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला राजसमंद केंद्र** द्वारा महावीर जन्म कल्याणक के तहत 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजन किया गया। मोही ग्राम की भील बस्ती के गरीब जरूरतमंद परिवार को 15 खाद्य सामग्री की पोटली दी गई। जिसमें 5 किलो आटा, 1 किलो शक्कर, 1 किलो दाल, 1 लीटर तेल, 1 किलो नमक, 1 किलो गुड़, 1 किलो चावल, 200 ग्राम चाय की पत्ती आदि सामग्री दी गई व बच्चों को बिस्किट वितरित किये गए। वृद्धाश्रम में काम करने वाली बहनों, भील बस्ती की औरतों व लड़कियों को



**शीतल जल सेवा का उद्घाटन**

स्वास्थ्य के प्रति वीरा तारा पगारिया ने किस तरह सेनेटरी नैपकिन काम में लिया जाता हैं उसकी जानकारी देते हुए 50 सेनेटरी नैपकिन का वितरण किये गए। भीषण गर्मी में पक्षियों के दाने-पानी के लिए वृद्धाश्रम परिसर में 15 परिंडे बांधे व उनको रोज पानी भरने व दाना डालने को कहा। केंद्र एवं विजयवर्गीय सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में लंगोट चौराया, कांकरोली में शीतल जल सेवा का उद्घाटन समाज सेवी श्री सुन्दरलाल जी विजयवर्गीय की अध्यक्षता में किया गया। 48 केन पानी के प्रतिदिन रखे जायेंगे क्योंकि यहां पर बसों, टेम्पों व राहगीरों का आना-जाना रहता हैं। इन अवसरों पर पूर्व जोन चेयरमैन वीरा तारा पगारिया, केंद्र चेयरपर्सन वीरा सबर चोरड़िया, सह-सचिव वीरा टीना सियाल, वीरा तारा पगारिया, वीरा टीना सियाल, वीरा मधु शोभावत, वीरा सुमित्रा, विजयवर्गीय समाज के अध्यक्ष राजेशजी विजयवर्गीय आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल हल्दीघाटी खमनोर केंद्र
## शपथ ग्रहण समारोह

**महावीर इंटरनेशनल खमनोर हल्दीघाटी केंद्र** का शपथ ग्रहण समारोह कस्बे के खेडा देवी माताजी मंदिर परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गौतम राठौड़, संभागीय चेयरमैन वीर संपत लाल लोढ़ा, सचिव वीर अनिल सिंघवी, खमनोर तहसीलदार चंदा कुंवर, खमनोर थानाधिकारी भगवानसिंह झाला, पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप कौशिक, महेश पगारिया, सुनील गांग की उपस्थिति में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ भगवान महावीर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं प्रार्थना के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत केंद्र चेयरमैन वीर प्रकाशचन्द्र माण्डोत, सचिव एडवोकेट वीर सौरभ माण्डोत, उपाध्यक्ष वीर जगदीश माली, डायरेक्टर वीर पुरुषोत्तम माली, कोषाध्यक्ष वीर चुन्नीलाल लोहार एवं सदस्यों ने किया। अतिथियों द्वारा नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद की शपथ दिलाई गई। समारोह से पूर्व केंद्र की ओर से पौधारोपण भी किया गया। समारोह का संचालन एडवोकेट वीर संजय मंदोत ने किया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य वीर तनसुख सोनी, वीर मांगीलाल माली, वीर रूपलाल गायरी, वीर हुक्मीचंद कोठारी, वीर बसंतीलाल माण्डोत, वीर किशनलाल कटारा, वीर जगदीश लोहार, वीर देवीलाल गाडरी, वीर दिनेश लोहार, वीर राजकुमार लोढ़ा, वीर उदय लाल गाडरी, वीर भीमसिंह, वीर जमनालाल वीरवाल, वीर प्रकाश लोहार, वीर भरत लोहार, वीर भगवतीलाल लोढ़ा, वीर भगवतीलाल लक्षकार, वीर गोपाललाल माली, वीर तेजपाल माण्डोत, वीर पंकज माण्डोत, वीर योगेश माण्डोत, वीर अर्जुनलाल कोठारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



शपथ ग्रहण समारोह

# उदयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र** द्वारा अप्रैल माह में आरएनटी कॉलेज, मदर मिल्क बैंक उदयपुर में महिला एवं शिशु देखभाल कल्याण सेवाओं के अंतर्गत 30 गतिविधियों के माध्यम से 880 महिलाएं लाभान्वित हुई। प्रेग्नेंसी टू इन्फैंसी प्रोजेक्ट के अंतर्गत 5 गतिविधियों के माध्यम से 165 महिलाएं लाभान्वित हुई। केंद्र द्वारा 280 बेबी किट का वितरण किया गया। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 750 महिलाएं लाभान्वित हुई। "कपड़े की थैली मेरी सहेली" प्रोजेक्ट के अंतर्गत 300 कपड़े के थैले वितरित किये गए। विज्ञान समिति उदयपुर में आयोजित चिकित्सिकीय जांच एवं परामर्श शिविर में 62 मरीज व एक्यूप्रेशर शिविर में 42 मरीज लाभान्वित हुए। अहिंसा पुरी में आयोजित फिजियोथैरेपी सेन्टर में 212 मरीज लाभान्वित हुए। थियोसोफिकल सेन्टर में 720 लोगों को फूड सामग्री वितरित की गयी। मानव सेवा समिति, थियोसोफिकल सोसाइटी, उम्मेद सेवा संस्थान, आशा धाम, संजीवनी में 3 सदस्यों के द्वारा विभिन्न अवसरो पर 450 जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया गया। ऐश्वर्य रिसोर्ट उदयपुर में साधारण मासिक बैठक के आयोजन में 124 सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। फतहसागर पर पशु/ पक्षियों को प्रतिदिन दाना पानी की व्यवस्था की गयी। 24 अप्रैल को पशुपतिनाथ गौशाला में गायों के लिए चारे की व्यवस्था की गयी। होटल सूर्यप्रकाश में कार्यकारणी की मीटिंग आयोजित हुए जिसमें 24 पदाधिकारियों ने सहभागिता की। फतहसागर पाल पर वोटिंग के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें 250 लोगों की उपस्थिति रही। पक्षियों के लिए 100 परिंडे बांटे गए। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय जनाना वार्ड एवं बच्चों के वार्ड में 30 कम्बल एवं 32 स्वेटर वितरित किये गए। स्थायी सेवाओं के अंतर्गत बॉयज हॉस्टल में पेयजल उपलब्धता हेतु 500 लीटर प्रतिघंटा की क्षमता का आर.ओ. का संचालन हो रहा हैं। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय, फतहसागर पाल एवं बाल चिकित्सालय में स्थायी जल मन्दिर (प्याऊ) का







बेबी किट एवं भोजन वितरण कार्यक्रम

संचालन हो रहा हैं। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के जनाना वार्ड में जरूरतमंदों को इस माह वितरित सामग्री में 120 पेटीकोट, 154 बाउल, 162 कटोरी, 134 गिलास, 147 चम्मच, 74 पलाडी, 32 ड्रेस, 10 केएमसी बैग, 2 किग्रा सत्तू, 416 बिस्कुट्स एवं मांग के अनुसार धूली हुई पुरानी साड़ियां व शर्ट उपलब्ध कराई गयी।

## महावीर इंटरनेशनल ऋषभदेव केंद्र ठण्डे पानी के प्याऊ का शुभारंभ किया गया

**महावीर इंटरनेशनल ऋषभदेव केंद्र** द्वारा 26 अप्रैल को भीषण गर्मी को देखते हुए पाटुना चौक में राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था के लिए ठण्डे पानी के प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर राकेश मलासिया, उपाध्यक्ष वीर वस्तुपाल दावडा,



**ठण्डे पानी के प्याऊ का शुभारंभ किया गया**

सचिव वीर मुकेश गांधी, कोषाध्यक्ष वीर संजय वोरा, वीर विष्णु वोरा, वीर महावीर गांगावत, वीर संजय मलासिया आदि सदस्य मौजुद रहे।

## महावीर इंटरनेशनल जज्बा वीरा केंद्र उदयपुर अल्पाहार वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल जज्बा वीरा केंद्र उदयपुर** द्वारा 1 मई को सेवा सप्ताह के तहत महाराणा भोपाल चिकित्सालय के बाल चिकित्सालय के वार्ड 12D, 14/15, कुपोषण से ग्रसित बच्चों को स्वर्गीय राजेश जी सेठ के जन्म दिवस पर सेठ परिवार की ओर से पोषित करने वाले



**अल्पाहार वितरण कार्यक्रम**

एम.टी.सी. वार्ड आदि के 130 बच्चों को जिनकी उम्र जन्म से लेकर 17 वर्ष तक हैं, को केले, भुने चने, परमल, बिस्किट, ग्लूकोज का पैकेट, पेस्ट आदि वितरित किये गये। कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा हंसा हिंगड़, सचिव वीरा सुमन भण्डारी, वीरा ललिता बापना, वीरा सपना मेहता, वीरा मीना पोखरना, वीरा उमा सेठ, श्रेयांश-हिना, श्रेया सेठ आदि का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाराणा भोपाल चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. आर.एल. सुमन, डॉ. भीमराज, डॉ. मोहम्मद आसिफ, डॉ. नीतेश, डॉ. मेघवाल, डॉ. मृदुल, डॉ. अनिता, डॉ. संतोष रोत, नर्सिंग ऑफिसर अंजुम मंसूरी, विमला, प्रियंका, मीनाक्षी, श्रवण सेन आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

# रीजन-5

## बीकानेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र** द्वारा निवासी स्वर्गीय श्रीमान टीकमचंद जी बैद की धर्मपत्नी श्रीमती किशनी देवी के परिजनों की स्वीकृति से मरणोपरांत नेत्रदान करवाया गया। रतन नेत्र ज्योति संस्थान द्वारा सरदार पटेल नेत्र कोष, बीकानेर से संपर्क कर इस कार्य में अहम योगदान दिया। रतन नेत्र ज्योति संस्थान की ओर से बाबूलाल जी महात्मा, अशोक जी बोथरा, अरिहंत जी डागा व उनकी टीम द्वारा दिवंगत के दोनों कार्निया लिए गए। केंद्र द्वारा जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिव्यांग बच्चों के पैरा स्पोर्ट में भारत सरकार द्वारा आयोजित ट्रायल कैम्प के लिए चार खिलाड़ियों सहित ग्यारह व्यक्तियों, बच्चों को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ रवाना किया गया। 11 जनों की जयपुर आने जाने की टिकट और साथ में अल्पाहार की



व्यवस्था दी गयी। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर टोडरमल चोपड़ा, उपाध्यक्ष वीर रिधकरण सेठिया, वीर त्रिलोकचंद बाफना, वीर चंद्र कुमार राखेचा, सचिव वीर भरत गोलछा, वीर एडवोकेट के.एल. बोथरा, कोषाध्यक्ष वीर विनोद कुमार डागा और पैरा स्पोर्ट की पूरी टीम मौजूद रही।

## महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र फिजियोथैरेपी, होम्योपैथी व मनोपरामर्श, नेत्र जांच शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र** द्वारा अप्रैल माह में संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर, होम्योपैथी व मनोपरामर्श, नेत्र जांच एवं एम्बुलेंस में बीपीएल एवं निशक्त जनों को निःशुल्क सेवा प्रदान की गई। शिविर में फिजियोथैरेपी: 926, एम्बुलेंस: 19, होम्योपैथी व मनोपरामर्श: 21, निःशुल्क दवा: 21 मरीजों को दी गयी।

## महावीर इंटरनेशनल श्रीविजयनगर केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल श्रीविजयनगर केंद्र** द्वारा



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

21 अप्रैल को महावीर जयन्ती के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, श्रीविजयनगर में पधारकर नवजात शिशुओं के लिए 50 बेबी किट उपलब्ध करवाई गई।

## महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र** द्वारा रामनवमी की पूर्व संध्या पर विशाल शोभायात्रा में श्रद्धालुओं को जलजीरा पिलाया गया। 28 अप्रैल को स्थाई सेवा कार्य के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ में नवजात शिशुओं के लिए 200 हाइजीनिक बेबी किट प्रदान की गई। संस्था चेयरमैन वीर दिलीप मिश्रा ने बताया कि केंद्र द्वारा लगभग 12 वर्षों से सात कपड़ों की यह किट अस्पताल में जन्म लेने वाले प्रत्येक शिशु को संक्रमण से बचाने के लिए प्रदान की जाती हैं और अब तक लगभग 16000 बेबी किट प्रदान की जा चुकी हैं। केंद्र द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ के होम्योपैथी विभाग को लोहे की दो अलमारी प्रदान की गई। इसके अलावा सदस्य वीर पवन जैन के आर्थिक सहयोग से लगभग रु.13000 की दवाईयां भी होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक वर्मा को प्रदान की गई। केंद्र चेयरमैन वीर दिलीप मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में कुछ दवाईयों की कमी महसूस की जा रही थी तथा दवाईयों को सुरक्षित रखने के लिए आयुष विभाग में अलमारी का भी अभाव था। संस्था को निवेदन करने पर यह दोनों मांग पूरी कर दी गई। केंद्र द्वारा नंदीशाला में शेड के निर्माण के लिए नंदी शाला द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वीर पवन जैन के प्रथम वर्षीतप के पारने तथा महा तपस्विनी कमलाबाई राखेचा सूरतगढ़ के 33वें वर्षीतप के पारने के उपलक्ष्य में दोनों तपस्वियों को समिति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया और इस कठोर तप की अनुमोदना की गई। केंद्र द्वारा पुराने अखबारों को एकत्रित करने के अभियान के अंतर्गत 1113 किलो गत्ते, अखबार व कॉपी एकत्रित किए गए। इन अवसरों पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मांगीलाल लेघा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हनुमान प्रसाद सहित डॉ. लोकेश अनुपाणी, डॉ. सुभाष महर्षि, डॉ. नीरज सुखीजा, डॉ. कैलाश सारस्वत, डॉ. दीपेश सोनी, डॉ. अमृतलाल, डॉ. दीपक



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

वर्मा, नर्सिंग कर्मी बबीता, मंजू, मारवाड़ी युवा मंच के पवन सोमानी सहित संभागीय चेयरमैन वीर संजय बैद, संभागीय कोषाध्यक्ष वीर रमेश कुमार शर्मा, सदस्य वीर ओमप्रकाश कारगवाल, वीर कालूराम बिश्नोई, वीर सुरेश सिडाना, वीर नथूराम कलवासिया, वीर रामपाल रोकना, वीर नीरज डांग, वीर रतन लाल चोपड़ा, वीर कालूराम बिश्नोई, वीर पूर्ण राम कारगवाल, वीर विकास परीक आदि सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र बीकानेर बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र बीकानेर** द्वारा 15 अप्रैल को गंगाशहर स्थित राजकीय चिकित्सालय में कोषाध्यक्ष वीरा मिथिला भूरा एवं वीरा सुमन बोथरा ने नव निर्मित प्रसूती विभाग में हुई प्रथम डिलीवरी के अवसर पर प्रसूता महिला को नवजात शिशु के उत्तम स्वास्थ्य एवं जन्म के समय होने वाले इन्फेक्शन से बचाने के लिए 2 बेबी किट प्रदान किए गए एवं हाइजीन से सम्बंधित जानकारी प्रदान की गई। 30 अप्रैल को निरंतर चल रही जल सेवा जो सर्दी के कारण जरूरत ना होने से




**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

3 महीने बंद कर दी गई थी को पिछले महीने से पुनः शुरू कर दिया गया। इस माह की जल सेवा का लाभ वीरा चारु नाहटा द्वारा लिया गया। 9 मई को दिव्यांग सेवा संस्थान बीकानेर के सहयोग से संचालित दिव्यांग शैक्षणिक स्कूल गंगा शहर बीकानेर में गुप्त दानदाता ने स्वर्गीय श्रीमती चंद्रकांता बोथरा की पुण्य स्मृति में 55 इंच का स्मार्ट टीवी भेंट किया गया। इस अवसर पर केंद्र सचिव वीरा मनीषा डागा एवं वीरा नीलम दफ्तरी ने संस्था की ओर से प्रेरणात्मक भूमिका निभाई।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा नोखा केंद्र मासिक बैठक आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरा नोखा केंद्र** द्वारा 27 अप्रैल को सामाजिक सरोकारों से जुड़ा एक सेवा कार्य करने वाली संस्था हैं जोकि आमजन की आवश्यकताओं के मद्दे नजर अपने संसाधनों की पूर्ति करने का प्रयास करता रहता हैं जिससे आमजन के उपयोगार्थ सेवा कार्य किये जा सके, ये विचार गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर डॉ. एम.पी. तिवाड़ी ने केंद्र द्वारा एक व्हीलचेयर वीर केंद्र को भेंट करने के अवसर पर व्यक्त किये। केंद्र की बैठक संरक्षिका वीरा कमला मरोठी की अध्यक्षता में प्रार्थना से प्रारम्भ हुई। वीरा पार्वती सोनी का स्वर्गवास 24 अप्रैल को हो गया था उनके लिए 2 मिनट का मौन रख





मासिक बैठक आयोजन

कर तथा भावों से सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्तर्राष्ट्रीय सचिव वीर राजेन्द्र राठौड़ ने सिलीगुड़ी में मीटिंग में हुई गतिविधियों की जानकारी दी तथा MIF सदस्य बनने को प्रेरित किया। महावीर जन्मकल्याणक पर केंद्र द्वारा वीर केंद्र को एक व्हीलचेयर भेंट की गयी। जीवदया सेवा प्रकल्प की श्रृंखला में केंद्र द्वारा पक्षियों को दाना डालने हेतु बर्ड फीडर बांटे गए। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजू बैद, सचिव वीरा संजू चांडक, कोषाध्यक्ष वीरा प्रिती मरोठी, वीरा कमला मरोठी, वीरा जयश्री भुरा, वीरा किरण झंवर, वीरा उर्मिला तापड़िया, वीरा जयश्री भूरा, वीरा सरला अग्रवाल, वीरा सीमा मिश्रा, वीरा सुनीता संखलेचा, वीर केंद्र चेयरमैन वीर सुरेन्द्र हिरावत, वीर ईश्वर चन्द दुग्गड़, रीजनल सचिव वीर राजेंद्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष वीर रामेश्वर लाल छींपा, वीर निर्मलकुमार भूरा, वीर कन्हैया लाल सुराणा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा सूरतगढ़ केंद्र पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा सूरतगढ़ केंद्र** द्वारा 23 अप्रैल को यशोदा परियोजना के अंतर्गत वार्ड नं 15 के आंगनवाड़ी केंद्र को गोद लिया



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

गया 14 गर्भवती महिलाओं को पोषाहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा अंजना सिंह व आंगनवाड़ी की संयोजिका प्रीति व चांदनी उपस्थित रही।

# जोधपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र** द्वारा अप्रैल माह में स्थाई सेवा प्रकल्प के तहत एक्यूप्रेशर महामंदिर सेंटर एवं एक्यूप्रेशर सोजती गेट सेंटर जोधपुर में कुल 523 मरीजों को सेवा देकर राहत पहुंचाई गई। महावीर इंटरनेशनल धर्मशाला



भोजन वितरण कार्यक्रम

का संचालन व रखरखाव महावीर इंटरनेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा हैं जहां पर मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ आने वालों के लिए रहने की व्यवस्था की जाती हैं इस माह में कुल 790 व्यक्तियों की ठहरने की व्यवस्था की गई। 3 अप्रैल को 223 प्रभुजनों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गयी। 7 अप्रैल को आनंद राज मेहता की स्मृति में सोल फाउंडेशन एवं किंग्स हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 179 मरीजों की जांच की गयी। जिसमे मरीजों की TMT, 35 की T3, T4, TSH 100 लोगों की ब्लड शुगर तथा हीमोग्लोबिन की जांचे की तथा सभी को नि:शुल्क दवाईयां दी गयी। 57 मरीजों की हड्डियों की जांच की गयी। 28 अप्रैल को केंद्र की साधारण सभा की मासिक बैठक महावीर इंटरनेशनल धर्मशाला में केंद्र चेयरमैन वीर डॉ. जे.सी. गांधी की अध्यक्षता में की गयी। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र जोधपुर नि:शुल्क नेत्र/लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र जोधपुर एवं तारा बाई देसाई आई हॉस्पिटल जोधपुर** द्वारा 11 मई को शनि मंदिर प्रताप



नि:शुल्क नेत्र/लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

नगर जोधपुर में नि:शुल्क नेत्र/लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल आउटडोर 22, ऑपरेशन के लिए चयनित 04 किए गए। तारा बाई देसाई नेत्र चिकित्सालय जोधपुर में डॉ. संजीव देसाई, डॉ. राजीव देसाई द्वारा ऑपरेशन किये जायेंगे। इस अवसर पर

वीर जे.एम. कुम्भट, वीरा सुधा गर्ग, वीर राजीव सक्सेना, वीर आर.के. डागा उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र** द्वारा अप्रैल माह में सेवा गतिविधियों के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल रोग निदान केंद्र में संचालित सभी प्रकार की चिकित्सीय जांच सेवायें केवल लागत मूल्य पर उपलब्ध करवाई गई जिसमें लैब



नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन

टेस्टिंग: 932 केस, सोनाग्राफी: 308, ई.सी.जी.: 42, डीजीटल एक्सरे: 228 व जरूरतमंद व निर्धनों को नि:शुल्क सेवाएं भी दी गयी। वीर पारसमल परिहार द्वारा 24 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई जिसमें रु.7220 की राशि वहन की गई। संस्था द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर में आधुनिक मशीनों द्वारा 232 मरीजों को डॉ. अमित परिहार द्वारा लागत मूल्य पर थैरेपी प्रदान की गई। कृष्णा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 4 नि:शुल्क जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जनरल फिजिशियन डॉ. सिद्धार्थ भारती द्वारा 200 से अधिक मरीजों की जांच की गयी। शेल्बी अस्पताल के सहयोग से 5वां हड्डी रोग जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. मनीष वैष्णव द्वारा 60 मरीजों को आवश्यकतानुसार परामर्श दिया गया। 29 अप्रैल को आयुर्वेद पंचकर्म सेंटर ब्यावर के संयुक्त तत्वावधान में 16वां विशाल आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं जांच परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. अमित शर्मा द्वारा 20 से अधिक मरीजों की जांच करके आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। मेडिपल्स अस्पताल में दूसरा नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. राहुल गर्ग द्वारा हड्डी व हड्डियों की विभिन्न बिमारियों के 50 से अधिक मरीजों की जांच की तथा 10 मरीजों को आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। केंद्र द्वारा रोग निदान केंद्र में भामाशाह शिवकुमार राव ने रु.51000 का सहयोग किया। केंद्र द्वारा रोग निदान केंद्र नागौर में भामाशाह सरदारमल, संतोषचंद व शांतिचंद सिंघवी की ओर से 2 व्हीलचेयर, 1 कूलर, 1 गुलकोमीटर व फिजियोथैरेपी उपलब्ध करवाया गया। 28 अप्रैल को 2 कैम्प आयोजित हुए कृष्णा हॉस्पिटल जोधपुर के डॉ. सिद्धार्थ सोनी ने फिजिशियन के रूप में सेवाएं दी। 35 मरीजों को परामर्श दिया गया। वहीं दूसरी ओर शेल्बी हॉस्पिटल जयपुर के डॉ. मनीष वैष्णव ने 32 पेशेंट को औथों व ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के बारे में अपनी सेवाएं दी। केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल रोग निदान केंद्र द्वारा रतन बहन बालिका विद्यालय में 10 छत पंखे भामाशाह द्वारा दिए गए। इन विभिन्न अवसरों पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अनिल बांठिया, पूर्व चेयरमैन वीर नरेंद्र गोयल, वीर विमल चंद नाहटा, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर प्रमिल नाहटा, केंद्र चेयरमैन वीर गौतम कोठारी, वीर राजेश रावल, वीर नवरत्न मल बांगनी, वीर सरदार मल डागा, वीर महेश चंद चोरड़िया, वीर हिम्मत सिंह चौहान, प्रधानाचार्य संगीता भाटी, एसडीएमसी सचिव मंजू सिरोहीवाल, रतन बहन स्कूल का स्टॉफ एवं विद्यालय एसडीएमसी के सदस्य मनीष बंसल उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल अहिछत्रपुर वीरा केंद्र जीवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अहिछत्रपुर वीरा केंद्र** द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में नागौर में जीवदया के तहत गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया। कार्यक्रम में वीरा नेहा संकलेचा,



जीवदया सेवा कार्यक्रम

वीरा संगीता डागा, वीरा सुमन सुराणा, वीरा नीतू बोथरा, वीरा विजिया लालवानी, जतन जी दोसी आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर** द्वारा 21 अप्रैल को वीरा चंद्रा मेहता द्वारा लव कुश संस्थान में बच्चों को भोजन कराया गया। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में कला पूर्णम अस्पताल एवं केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में खीचन (फलोदी) में नि:शुल्क नाक, कान, गला शिविर आयोजित किया गया। इसमें डॉ. के.सी. जैन, डॉ. धारीवाल, डॉ. गोविंद नारायण पुरोहित व डॉ. दिलीप शुक्ला की सेवाएं प्राप्त हुई। वीरा जयशांता मेहता द्वारा 10 श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) दिए गए। वीरा सीमा भंडारी द्वारा दिग्विजयनगर आस्था वृद्धाश्रम में भोजन करवाया गया। 23 अप्रैल को पूर्णिमा और हनुमान जयंती के अवसर पर वीरा शीतल सुराणा द्वारा निंबा निंबड़ी कुष्ठ आश्रम में 45 लोगों को दाल, चावल, चाय की पत्ती, शक्कर और केले वितरित किए गए। वीरा सीमा भंडारी द्वारा नवजीवन संस्थान में 12 किलो चावल और 2 किलो लाल मिर्च दी गई। 28 अप्रैल को वीरा कंचन सर्राफ द्वारा प्रज्ञा निकेतन में एक समय का खाना, कपड़े बिस्किट और सूखा मेवा दिया गया। वीरा अनीता मेहता द्वारा महावीर राम रसोड़ा टाउन हॉल के पास 150 व्यक्तियों को भोजन करवाया गया। गुरुकृपा मानसिक आंगनवाड़ी माता का थान में जोन चेयरपर्सन




**जीवदया सेवा कार्यक्रम**

वीरा वंदना बक्शी, वीरा कंचन सर्राफ, वीरा मधु मेहता के सहयोग से सभी 150 बच्चों को सूखा मेवा, नमकीन व बिस्कुट के पैकेट दिए गए। सभी लड़कियों को ड्रेस वीरा कंचन सर्राफ की तरफ से दी गई। वीरा कंचन सर्राफ द्वारा जोधाणा वृद्धाश्रम में भोजन करवाया गया। 4 मई को एक विकलांग व्यक्ति को कृत्रिम हाथ लगवा कर और दो व्यक्तियों को कृत्रिम पैर लगवाया। वीरा राजलक्ष्मी भंडारी ने एक विकलांग महिला को कृत्रिम पैर लगवाया। 5 मई को वीरा कंचन सर्राफ द्वारा गायों के लिए सब्जी की व्यवस्था की गई। वीरा माया भंसाली द्वारा वशिष्ठ राजकीय स्कूल में इनवर्टर व 2 बैटरी दी गई। बच्चों की पढ़ाई में किसी तरह की दिक्कत न आए उसके लिए इनवर्टर दिया गया। वीरा शान्ता मेहता द्वारा 7 मई को गंगानी स्थित संपर्क अनाथाश्रम में मिठाई, नमकीन व शरबत की बोतलें भिजवाई। वीरा माया भंसाली द्वारा गायों को सूखा चारा दिया गया। इन अवसरों पर केंद्र की वीरायें उपस्थित रही।

## रीजन-6

### बाड़मेर-बालोतरा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र** द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में केंद्र द्वारा जीवदया के अन्तर्गत राजकीय नाहटा हॉस्पिटल में जवेरीलाल श्रीपालकुमार हैप्पीकुमार पुर्वित मेहता परिवार के सहयोग से कुल 235 लोगों को भोजन नि:शुल्क करवाया गया। 23 अप्रैल को हनुमान जयंती एवं पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में भीषण गर्मी को देखते हुए जिला मुख्य अतिथि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप देवात के सानिध्य मे राजकीय नाहटा चिकित्सालय परिसर में 10 परिंडे लगाए गए। कार्यक्रम प्रभारी वीर हीरालाल प्रजापत ने कहा कि भीषण गर्मी में 125 परिंडे लगाए जा चुके हैं। शीघ्र ही अन्यत्र 75 और परिंडे लगाए जाएंगे। केंद्र द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा IAS में देश भर में 75वीं रेंक से पास होने वाले श्री अक्षय डोसी सुपुत्र श्री महेश जी डोसी चौहटन वाले का बहुमान किया गया। राजस्थान टैक्स बोर्ड के पूर्व चेयरमैन एवं केंद्र संस्थापक अध्यक्ष वीर महेंद्र पारेख का विभिन्न संस्थाओं द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर ओम प्रकाश बांठिया के सहयोग से भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों एवं परिजनों के



**शीतल पेयजल की व्यवस्था की गयी**

लिए मई एवं जून माह में शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई, शीतल पेयजल योजना का शुभारंभ पर्यावरण निदेशक जवाहरलाल हुंडिया, जे. हुडिया परिवार जवाहरलाल, रतन लाल, अशोक कुमार हुंडिया परिवार के सौजन्य से किया गया। संरक्षक वीर पारसमल भंडारी ने हुंडिया परिवार द्वारा सतत सेवा कार्यों के लिए योगदान देने के लिए सराहना की एवं विशेष रूप से गर्मी में लोगों को शीतल पेयजल से राहत मिलेगी। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र पुर्व नगर चेयरमैन वीर पारसमल भंडारी, जोन चेयरमैन वीर पवन नाहटा, जोन सचिव वीर जवेरीलाल मेहता, उपाध्यक्ष वीर अशोक चोपड़ा, कोषाध्यक्ष वीर महावीर बोकडीया, संगठन मंत्री वीर हिरालाल प्रजापती, वीर भवरलाल भंडारी, वीर गौतमचंद चोपड़ा, पर्यावरण निदेशक वीर जवाहरलाल हुडिया, वीर गौतम चंद दांती, वीर भंवरलाल भंडारी, संयोजक वीर हीरालाल प्रजापति, समाजसेवी वीर सुरेश मेहता सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केंद्र** द्वारा 7 मई को श्रीमती मंजू देवी धर्म पत्नी कोषाध्यक्ष वीर सतीश कुमार छाजेड़ की प्रेरणा से स्वर्गीय श्री मेवाराम जी छाजेड़ की पुण्य तिथि पर



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

उनके पोते श्री निखिल कुमार सुपुत्र वीर सतीश कुमार छाजेड़ द्वारा मानव धर्म ट्रस्ट बाड़मेर में जरूरतमंद बन्धुओं के लिए एक समय का भोजन प्रसाद का आयोजन किया गया। साथ ही सुमैर गौशाला में गौमाताओं के लिए हरा चारा एवं गुड़ खिलाने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में वीर सतीश कुमार, वीर निखिल कुमार, मंजू देवी छाजेड़, गिरधारी जी, भवानी जी शर्मा, भरत कुमार शर्मा, गंगा मां उपस्थित रहे।

## रीजन-7

### भोपाल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल विदिशा केंद्र जल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल विदिशा केंद्र** द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर सदस्यों द्वारा नगर में आयोजित चल समारोह में जल सेवा की।



जल वितरण कार्यक्रम

### महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल केंद्र सिलाई सेंटर प्रारम्भ किया गया

**महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल केंद्र** द्वारा 9 मई को LIG 2, गंज पर एक सिलाई सेंटर प्रारम्भ किया गया। संचालक वीरा पूनम को इस क्षेत्र का 18-20 साल का अनुभव हैं। महावीर इंटरनेशनल अपेक्स और सिंगर इंडिया लिमिटेड द्वारा दी गयी 2 मशीनें सेंटर मे दी गयी। इस अवसर पर वीरा पूनम, वीरा जूली, वीरा सुनंदा, वीरा वंदना, वीरा अर्चना, वीरा राजुल, वीरा सपना, वीरा नीला, वीरा सुनीता उपस्थित रही। वीरा पूनम ने महावीर इंटरनेशनल संस्था के बारे में और वीरा जूली ने संस्था के महिला सशक्तिकरण प्रोजेक्ट के बारे मे उपस्थित महिलाओं को समझाया। सभी ने संस्था के उद्देश्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। संचालिका वीरा पूनम ने संस्था का तथा सिंगर इंडिया लिमिटेड को धन्यवाद प्रेषित किया।



सिलाई सेंटर प्रारम्भ किया गया

### इंदौर-उज्जैन संभाग

### महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र एक दिवसीय पारिवारिक यात्रा का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र** द्वारा एक दिवसीय पारिवारिक यात्रा टॉरनेडो वाटर पार्क, इंदौर भ्रमण के लिए आयोजित की गई। यात्रा की शुरुआत सेमलिया जी जैन तीर्थ पर देव दर्शन कर प्रारंभ हुई। इसके पश्चात मध्य भारत का सबसे बड़ा वाटर पार्क टॉरनेडो के लिए प्रस्थान किया गया। महाकाल लोक उज्जैन का भ्रमण किया गया। यात्रा में संस्था सदस्य वीर राकेश जैन, वीर संजय चौधरी, वीर राकेश चौधरी, वीर गुणवान सिंह कोठारी, वीर विपिन कोटीफोड़ा, वीर सुनील मित्तल, वीर आयुष जैन, वीर पीसी कुमावत, वीर अरुण अग्रवाल, वीर ऋषभ फाफरिया, वीर अनिल बाफना, वीर अरविंद कुदार, वीर अनिल खाबिया, वीर दिलीप मेहता, वीर शुभम चौधरी, वीर शुभम जैन एवं संस्था की वीरा सदस्य उपस्थित रही।



भोजन वितरण कार्यक्रम

### महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र** द्वारा सरकारी चरक अस्पताल उज्जैन में निर्धन परिवार के जन्में बच्चों को इंफेक्शन से बचाव हेतु बेबीकिट का नि:शुल्क वितरण किया गया। संचालित भोजनशाला में विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से अमूल्य स्मृतियों पर जरूरतमंद लोगों को भोजन सेवा दी गयी। श्री राकेशजी बोहरा एवं परिवार (बिछड़ोद वाला) की ओर से आजीवन भोजन सेवा के लिए स्थाई तिथि के रुप में 108000/ की राशि प्रदान की गई। उनका भोजनशाला स्टॉफ का बहुमान भी किया व उन्हें भेंट प्रदान की। केंद्र द्वारा स्वर्गीय शांतिलालजी सा. सेठिया की पुण्य स्मृति में वीर प्रकाशजी गौतमजी सेठिया के सौजन्य से निर्मित व संचालित होने वाली शीतल जल की प्याऊ का संचालन किया गया। जल मंदिर का शुभारंभ महावीर जयंति के पावन अवसर पर दशहरा मैदान रोड़ पर श्री ओम जैन अध्यक्ष फार्मेसी कौंसिल एवं श्री सुनील जैन संपादक दैनिक अक्षर विश्व के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। वीर कैलाश-कृष्णाजी तोतला परिवार के सौजन्य से रामघाट पर क्षिप्रा नदी में स्नान के पश्चात् अंतिम दिवस लगभग पचास हजार श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। 12 मई को राष्ट्रीय पर्व मतदान की पूर्व संध्या पर एक दिन पूर्व उनके स्वयं के द्वारा मतदान करने के साथ साथ घर के आसपास के रहने वाले पड़ोसियों का अधिकतम मतदान कराने का संकल्प लिया। इस हेतु सभी



भोजन वितरण कार्यक्रम

ने प्रातः जल्दी निकलकर उनके आसपास के मतदाताओं का अधिकतम मतदान पूर्ण कराने का सुनिश्चय किया। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर सुनील जैन दोसी, सचिव वीर प्रमोद कोठारी, संयोजक वीर रमणलाल सोनी, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अशोक भंडारी, वीर राजेन्द्र हिंगड़, वीर श्रेणीक लुणावत, वीर प्रमोद जैन एडवोकेट, वीर सतीश जैन, वीर अशोक चौहान, वीर निर्मल गादिया, वीर मनोहर सिंह मेहता, वीर संजय जैन बीमा, वीर प्रकाश फागनीया, वीर राजेंद्र सिरोलिया, वीर प्रकाश सेठिया, वीर गौतम सेठिया, वीर गजेंद्र सकलेचा, वीर मनोहर सिंह मेहता, वीर संजय जैन, वीर बसंत सुराणा, वीर रविन्द्र कटारिया एवं अनेक वीरा सदस्य उपस्थित हुई।

### महावीर इंटरनेशनल उद्भव केंद्र इंदौर
### एक अत्याधुनिक वाटर कूलर स्थापना कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उद्भव केंद्र इंदौर** द्वारा 23 अप्रैल को शहर के सबसे बड़े सभागार




**एक अत्याधुनिक वाटर कूलर स्थापना कार्यक्रम**

(अभय प्रशाल) के केंद्र में एक फिल्टर के साथ एक अत्याधुनिक वाटर कूलर स्थापित किया। 29 अप्रैल को एमआई वात्सल्य क्षेत्र समन्वयक वीरा अनीता टोंगिया एवं वीर प्रदीप टोंगिया की उपस्थिति में पीसी सेठी सरकार में 50 बेबी किट वितरित किए गए।

## रतलाम-नीमच संभाग

### महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र
### महावीर इंटरनेशनल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र** के रजत जयंती वर्ष में इस वर्ष की थीम मैत्री से सेवा को सार्थकता प्रदान करने हेतु संस्था द्वारा पहली बार महावीर इंटरनेशनल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। संस्था चेयरमैन वीर CA आयुष जैन ने बताया कि नेशनल फिटनेस



**महावीर इंटरनेशनल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन**

डे के अवसर पर सदस्यों में फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने हेतु महावीर इंटरनेशनल प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में सदस्यों द्वारा टीम बनाई गयी, टूर्नामेंट में महावीर इंटरनेशनल रॉयल और महावीर इंटरनेशनल टाइटंस के बीच मुकाबला हुआ, दोनों टीमों के प्रायोजक वीर कैलाशचंद अग्रवाल और वीर मुकेश गर्ग ने टूर्नामेंट प्रारंभ में टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत मंदसौर CA ब्रांच के अध्यक्ष CA दिनेश जैन, टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश पारीक, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष सुधीर लोढा, संस्थापक अध्यक्ष CA वीरेंद्र जैन, रतलाम नीमच जोन चेयरमैन वीर राकेश जैन, जोन कोषाध्यक्ष वीर संजय चौधरी, यूथ डायरेक्टर वीर राकेश चौधरी के आतिथ्य में हुई। पंद्रह ओवर के मैच में महावीर इंटरनेशनल रॉयल विजेता हुए। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष वीर प्रकाश सिसोदिया और वरिष्ठ पत्रकार शाहिद चौधरी ने विजेता टीम को और सभी खिलाड़ी साथियों को सहभागिता पुरस्कार प्रदान किया। मैन ऑफ द मैच वीर अनिल बाफना रहे, बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड वीर मोहित पाटनी को दिया गया और बेस्ट बॉलर का अवार्ड अपूर्व दोसी को दिया गया। कार्यक्रम में कमेंट्री ललित जी गुप्ता ने की और अंपायरिंग सचिन जी काले एवं दर्पण जी ऊंटवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन केंद्र सचिव वीर अरुण अग्रवाल ने किया और आभार उपाध्यक्ष वीर पीसी कुमावत ने व्यक्त किया, कार्यक्रम में सहसचिव वीर विकास गोदावत, कोषाध्यक्ष वीर भागचंद खंडेलवाल, प्रवक्ता वीर ऋषभ फाफरिया और संस्था के अनेक वीर एवं वीरा सदस्य उपस्थित रहे। केंद्र द्वारा नर्स डे के अवसर पर जिला चिकित्सालय में उत्कृष्ट सेवायें दे रही वरिष्ठ नर्सों का संस्था द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्य संस्था के वरिष्ठ सदस्य वीर नरेंद्र ललिता चौधरी के सहयोग से किया गय। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस चौहान, सिविल सर्जन डॉ. डी.के. शर्मा, जैन ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शशि मारू, अ.भा. शांत क्रांत महिला संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अंजना कोचट्टा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था सदस्यों द्वारा माला और दुपट्टे से अतिथियों और लाभार्थी परिवार का अभिनंदन किया गया। अतिथियों द्वारा सभी नर्स को शील्ड प्रदान कर और माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया।

## रीजन-8

## सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग

### महावीर इंटरनेशनल जालना केंद्र
### जल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल जालना केंद्र** द्वारा महावीर भगवान के जन्म कल्याणक उत्सव में पानी वाटप का कार्यक्रम रखा गया जिसका उद्घाटन हिंगोली पीपल बैंक के डायरेक्टर श्री नरेंद्र जी मोदी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र चेयरमैन वीर सुगनचंद भंडारी, सचिव वीर अरुण लाहोटी, कोषाध्यक्ष वीर हरेश केनीया, वीर डॉ. गौतम रूणवाल, वीर किशोर



**जल वितरण कार्यक्रम**

गुल्लापेल्ली, वीर मनोज लोणकर, वीर किरण रायबागकर उपस्थित रहे।

## महावीर इंटनेशनल मैजस्टिक केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटनेशनल मैजस्टिक केंद्र** द्वारा जन्म कल्याणक महोत्सव पर सेवा सप्ताह में "व्हीलचेयर और वॉकर डिस्ट्रीब्यूशन" कार्यक्रम आयोजित किया गया। 16 अप्रैल को यश टावर खोकडपुरा, पारस ट्रेडर्स गजानन महाराज मंदिर के पास गारखेडा पर 'पाणपोई' का उद्घाटन किया गया। घाटी हॉस्पिटल में अन्नदान कार्यक्रम



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

आयोजित किया गया। इन अवसरों पर वीर अनिल जैन, वीर निलेशं पहाड़े, वीर रवी लोढा, वीर निलेश जैन, वीर अक्षय मूगदिया, वीर अमित लोढ़ा, वीर चेतन मुथा, वीर शैलेश रायसोनी, वीर संजय जैन, वीर विक्रम बजाज, वीर आशीष सुराणा, वीर अजीत सुराणा, वीर गौतम सेठिया, वीरा नीता सेठिया, वीरा सपना गांधी, वीरा पल्लवी जैन, वीरा शिल्पा बजाज, वीरा नेहल मुथा, वीरा मयुरी सुराणा, वीरा नेहा मुगदीया, वीरा रंजू जैन, वीरा मौनी गांधी, वीरा सिद्धि मुगदीया, वीरा परिधि मुगदीया सभी की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल मेट्रो सिटी केंद्र छत्रपति संभाजीनगर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मेट्रो सिटी केंद्र छत्रपति संभाजी नगर** द्वारा सकल जैन समाज छत्रपति संभाजीनगर एवं श्री भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति (2024) के सेवा सप्ताह की कड़ी मे (7 सेवा कार्य) के अंतर्गत 16 अप्रैल को भारत नगर इलाके में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एक जरूरतमंद महिला को स्वयं रोजगार हेतु पूर्व चेयरमैन वीर नरेश बोथरा द्वारा एक पिको मशीन का वितरण किया गया। 17 अप्रैल को 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, राजा बाजार, छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) वहां पर स्थित सामाजिक उपयोगी सर्जिकल बैंक को केंद्र द्वारा 2 नग व्हीलचेयर दी गयी। जिसमें से एक व्हीलचेयर का सहयोग चेयरमैन वीर पीयूष झांझरी एवं उनके परिवार की ओर से किया







**व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम**

गया। 21 अप्रैल को श्री भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में निकले हुए रैली का एसबी कॉलेज ग्राउंड पर समारोह के पश्चात महाप्रसादी में छाछ एवं शरबत का वितरण किया गया। 24 अप्रैल को शहर के चिकलथाना एरिया में स्थित गौशाला में गौमाता को चारा और गुड का वितरण किया गया। वीर महावीर छलानी इनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर छलानी परिवार की ओर से इस सेवा कार्य के लिए सहयोग किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर शैलेश चांदीवाल, संभागीय चेयरमैन वीर अनिल जैन, जोन सचिव वीर संदीप काठेड़, गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर विकास पाटनी, वीर पूनम सुराणा, वीर संजय गादिया, वीर महेंद्र अजमेरा, वीर पंकज झांझरी, वीर महावीर छलानी, वीर प्रांजल पाटनी, वीर आकाश मुक्कीरवार, वीर नरेश बोथरा, वीर प्रवीण आचलिया, वीर विवेक बागरेचा, वीर मनोज बोरा (मामाजी), वीर विनोद गंगवाल, वीर पवन धोका, वीर तेजस कमानी, वीर राजेंद्र पगारिया, वीर अतुल पांडे, वीरा सुप्रिया सुराना, वीरा रचना अजमेरा आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र छत्रपति संभाजीनगर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र छत्रपति संभाजीनगर** के अंतर्गत 16 अप्रैल को चिकल थाना गौशाला में जो तुलादान का आयोजन किया गया। उसमें गौसेवा निमित्त वीराओं का तुलादान करके उतना घास, चारा, गुड आदि सामग्री गायों को खिलाई गयी। भगवान महावीर स्वामीजी के 2623वें जन्मकल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर संभाजीनगर के विभिन्न विभागों मे कडी धुप, बारिश में सब्जी बेचने वाले, मौची फुट विक्रेता आदी को सुकून की छांव के लिए 125 छाताओं का वितरण का एक अविस्मरणीय ऐतिहासिक उपक्रम महावीर भवन में सकल जैन समाज तथा भ. महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के पदाधिकारी के गरिमामय उपस्थिति में किया गया। प्रभु की पाठशाला बच्चों का पांच दिवसीय संस्कार शिविर 14 अप्रैल से 19





**नोटबुक्स एवं छाछ वितरण कार्यक्रम**

अप्रैल तक बहुत ही सुंदर ढंग से आयोजन किया गया। प्रभु की पाठशाला में लगभग 75 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को प्रभु भजन, सात कुव्यसन का त्याग, मोटिवेशनल स्टोरी आदि कई चीजे सिखाई गई। वीरा रूपाली, वीरा तृप्ति तथा वीरा प्रिया द्वारा बच्चों को मोटिवेट किया गया, डिवोशन से सबको पढ़ाया गया। 21 अप्रैल को पीर बाजार दरगाह रोड पर छाछ और छाता वितरण किया गया। सकल समाज की रैली में सम्मिलित होकर महावीर इंटरनेशनल का प्रचार प्रसार किया। 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर वीरा रंजू एवं वीरा भाविका के सहयोग से बाल सदन अनाथालय के एचआईवी ग्रसित नन्हे मुन्ने बच्चों को ढेर सारे फल और मिठाइयां बांटी गयी। जोहरीवाडा गौशाला में 25 दर्जन केले, गुड़, चना, दाल आदि गौमाता को खिलाया गया। साथ में वहां पर गायों को पानी की कमी होने से 5 टैंकर पानी उपलब्ध कराकर दिया गया। केंद्र द्वारा एक जरूरतमंद महिला तथा उसकी एक विधवा बहन उनके 4 बच्चें जिनका उदर निर्वाह का कुछ भी साधन नहीं था। उनको उपयोगी सामग्री और काफी सामान देकर एक छोटी सी दुकान चालू कर दी। बढती हुई गर्मी को देखते हुए वॉकिंग प्लाजा, स्टेशन रोड, शनि मंदिर, हनुमान मंदिर, दशमेश नगर, हेडगेवार हॉस्पिटल के पास, पाठक स्टूडियो के पास मंदिर तथा आसपास की पूरी जगह में लगभग 700 ग्लास छाछ का वितरण किया गया। साथ ही चाय बिस्कुट तथा राजगीरा के लड्डू, वीरा लुब्ना ने वितरण किए। बाल सदन अनाथ आश्रम में चॉकलेट तथा आइसक्रीम का वितरण किया गया। रेकी ग्रैंडमास्टर वीरा जोयत्स्ना पारख इनका बहुत ही शानदार ऐसा हीलिंग सेशन बच्चों के लिए रखा गया। साथ में उन्हें चॉकलेट्स भी दिए गए। बच्चों को कपड़े की थैली मेरी सहेली और प्लास्टिक के दुष्परिणाम इस बारे में अवेयरनेस स्पीच भी दी गयी। 2 मई को घाटी हॉस्पिटल में जरूरतमंद नवजात बच्चों को 100 बेबी किट वितरण किये गए। वीएलसीसी सेंटर की ब्यूटी कोर्स ट्रेनिंग का जो प्रोजेक्ट लिया गया। उसमें 3 बालिकाएं बहुत अच्छे से ट्रेनिंग ले रही हैं। 8 मई को अमावस्या निमित्त नारेगांव गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया। वीरा रंजू, वीरा पुष्पा तथा दीपिका इनकी तरफ से गायों को चारा दिया गया। थैलेसीमिया डे, निमित 70 थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों के लिए खाना तथा स्टेशनरी वितरण किया गया। जिसमें 6 नोटबुक्स, 2 पेन और कंपोज दिए गए। इन विभिन्न अवसरों पर संभागीय चेयरमैन वीर अनिल जैन, सचिव वीर संदिप काठेड, वीर विकास पाटणी, केंद्र चेयरपर्सन वीरा वैशाली देवडा, सचिव वीरा रुपाली चोरड़िया, कोषाध्यक्ष वीरा वंदना संचेती, वीरा रंजू जैन, वीरा रीता पुरवार, वीरा सारिका चंडालिया, वीरा आशा जैन, वीरा दीपिका भंडारी, वीरा सुरुचि मुगदिया, वीरा प्रियंका जैन, वीरा अमिता मुथा, वीरा राजेश्री, वीरा पूर्णिमा, वीरा रश्मि, वीरा निशा, वीरा शैला, वीरा प्रियंका, वीरा प्रभा आदि गणमान्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल मरुधर अहमदाबाद केंद्र
## भव्य फ्रूट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मरुधर अहमदाबाद केंद्र** द्वारा महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के उपलक्ष्य में सिविल हॉस्पिटल में भव्य फ्रूट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्रीमती लीला देवी की स्मृति में बाबूलाल जी, जागेश कुमार जी, ललित कुमार जी, रिषि कुमार जी कवाड़ परिवार डिसा, अहमदाबाद एवं शा लुणचन्दजी की स्मृति में तनसुख कुमार जी, गुणवंत कुमार जी, कमलेश कुमार जी सालेचा परिवार बालोतरा अहमदाबाद के सौजन्य से लगभग 1400 से 1500 फ्रूट किट वितरण किए गए। इस अवसर पर अहमदाबाद महानगरपालिका के चेयरमैन श्रीमती प्रतिभा बैन जैन, आसारवा विधानसभा के धारासभ्य दर्शना बैन वाघेला, तेरापंथ सेवा समाज के प्रधान ट्रस्टी सज्जनलाल संघवी, सेवा समाज के अध्यक्ष नानालाल जी कोठारी, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष प्रकाश जी धिंग, अणुव्रत समिति के पूर्व अध्यक्ष जवेरीलाल संकलेचा, RJWS के अध्यक्ष राजेंद्र जी कोठारी, BJS के अध्यक्ष नरेशजी सालेचा, जैन समाज के युवा शक्ति विजय राज जी ढेलरिया, प्रोजेक्ट चेयरमैन कनमल गोगड़, पदम जी तालेरा, जय कुमार सालेचा, निलेश जी कांकरिया एवं केंद्र उपाध्यक्ष वीर सुरेश भंसाली, कोषाध्यक्ष वीर स्वरूप भंसाली विजय मालू, वीर हितेश श्री श्रीमान, वीर जितेंद्र, वीर पृथ्वीराज चोपड़ा, वीर जगदीश, वीर मुकेश श्रीमाल, वीर विक्रम, वीर विनोद संकलेचा, वीर दिलीप भंसाली आदि गणमान्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



**भव्य फ्रूट वितरण कार्यक्रम**

# गुजरात संभाग

## महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र** द्वारा 21 अप्रैल को महावीर जयंती के शुभ अवसर पर वांझ

प्राथमिक शाला, वांझ ग्राम में शाला के छात्रों को स्पोर्ट्स किट, PT ड्रेस एवं नोटबुक वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला के विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही सुन्दर एवं लयबद्ध महावीर प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शाला के पूर्व प्रिंसिपल श्री महेन्द्र सिंह जी द्वारा स्वागत वक्तव्य एवं शाला के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा ग्राम के इतिहास के बारे में बताया कि नमक सत्याग्रह के समय महात्मा गांधी ने दांडी यात्रा पर एक रात्रि विश्राम इसी ग्राम में किया। कार्यक्रम में शाला के प्रिंसिपल श्री शैलेशभाई परमार, श्रीमती जिगिशाबेन



**स्पोर्ट्स किट, PT ड्रेस एवं नोटबुक का वितरण कार्यक्रम**

परमार, कल्पनाबेन परमार, श्री श्यामभाई पाटिल, श्री नर्मदभाई पटेल, श्रीमती टीनाबेन पटेल एवं श्री दिपेशभाई पटेल की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा में और भी अभिवृद्धि हो गई। शाला के छात्र छात्राओं द्वारा महावीर इंटरनेशनल के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, फाउंडर चेयरमैन डॉ. वीर रोशन बापना द्वारा संस्था का परिचय दिया गया। वीर शांतिलाल डांगी द्वारा छात्र छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। संस्था चेयरमैन वीर अनिल बरडिया ने महावीर इंटरनेशनल की सेवा प्रवृत्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। केंद्र द्वारा छात्र छात्राओं को स्पोर्ट्स किट, PT ड्रेस एवं नोटबुक का वितरण किया गया जिसमे 60 PT ड्रेस, 640 नोटबुक, फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट किट, रिंग, जंपिंग रोप आदि सामग्री दी गयी। इस अवसर पर वीर संदीप डांगी, वीर नरेश ललवानी, वीर जयंतीलाल कोठारी, वीर सुनील गुप्ता, वीर मुकेश जैन, वीर अशोकभाई डूमसवाला, वीरा कामिनीबेन डूमसवाला, वीरा कमलेश रोशन बापना, वीरा समता अनिल बरडिया की उपस्थिति सराहनीय रही।

## Mahavir International Vadodara Centre
## Organizing various service activities during the months of March-April

**1. Meetings**

During March and April 2024, MI Vadodara Centre conducted two significant meetings on 3rd April and 7th April respectively. notable visit by Mr. Neil Choudhury from the USA; Holi Celebrations hosted by the Jain family on 25th March.

**2. Sewing Training Program**

Launched a Sewing Training Program in collaboration with M/S Collaboration Technologies on 8th March. 20 attendees praised the program.

**3. Rocket Launch**

Dr. Aroh Barjatya launched three rockets on 8th April in the USA, marking a proud moment for MI Vadodara.

**4. Aasha Deep Centre**

Inauguration of a new center on 14th April; Solex Group Chairman's encouraging visit to Gorwa center on 12th March.

**5. Other Activities**

Regular programs like Marg Darshan Counselling continued; Sangini Group pledged to distribute 25 ration kits monthly for a year, contributing to community welfare.



## महावीर इंटरनेशनल गांधीधाम यूथ केंद्र
## वार्षिक मीटिंग एवं स्नेह मिलन समारोह का

**महावीर इंटरनेशनल गांधीधाम यूथ केंद्र** द्वारा 21 अप्रैल को महावीर जयंती के दिन अष्टमंगल उपकरण समस्त जैन समाज गांधीधाम को वितरण किया। 12 मई को केंद्र की वार्षिक मीटिंग एवं स्नेह मिलन समारोह का कार्यक्रम



**वार्षिक मीटिंग एवं स्नेह मिलन समारोह का**

आयोजित किया गया। जिसमें केंद्र के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर मुकेश तातेड, सचिव वीर मुदित बालड, वीर निकुज लुंकड, वीर नितिन लुंकड, वीर मुकेश भंशाली, वीर जितेंद्र तातेड, वीर मनीष ओस्तवाल, वीर प्रदीप कंकरिया, वीर मनीष मेहता, वीर मनीष लुंकड, वीर अनिल चौपड़ा, वीर विरल चौपड़ा, वीर गौरव धोका, वीर नीरज लुंकड, वीर हर्षित भंशाली, वीर रितेश भंशाली, वीर राजीव संखलेचा, वीर रमेश ओसतवाल, वीर सतीश नाहटा, वीर अनिल सालेचा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा अभिलाषा केंद्र सूरत
## भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा अभिलाषा केंद्र सूरत** द्वारा 21 अप्रैल को सिविल हॉस्पिटल, मजुरा गेट पर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में नि:शुल्क भोजन, शीतल पेय, आम पन्ना का वितरण किया गया। जिसमें लगभग



भोजन वितरण कार्यक्रम

400 लोगों आम पन्ना से लाभान्वित हुए। केंद्र एवं नेहा फाउंडेशन आयोजक टी डी श्रीसरस्वती विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान से "स्वावलंबन" प्रोजेक्ट 1 मई से शुभ शुरुआत की गई। जिसमें "आत्मनिर्भर बनाएंगे, देश को आगे बढ़ाएंगे" के स्लोगन से "स्वावलंबन" का शुभारम्भ किया गया। जिसमें सिलाई, कढ़ाई एवं मेहंदी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम की शुभ शुरुआत मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना द्वारा की गई। 30 के करीब विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा सरिता कुकड़ा, वाइस चेयरपर्सन वीरा शिखा चपलोत, सेक्रेटरी वीरा कविता दक, जॉइंट सेक्रेटरी वीरा राजश्री बांठिया, ट्रेजरार वीरा प्रेम लोसर, मोटिवेशनल स्पीकर वीरा वनिता गोलेच्छा, वीरा कमला चोरड़िया, वीरा शशि डांगी, वीरा हेमा बम्ब, वीरा चंदा बम्बकी, वीरा रानी बांठिया, वीरा मीनाक्षी जैन, वीरा काजल चंडालिया, वीरा हेमा चोरड़िया, वीरा विमला सूर्या, वीरा अनीता बाबेल आदि वीरायें उपस्थित रही।

### महावीर इंटरनेशनल दृष्टि वीरा केंद्र सूरत
### विभिन्न सेवा गतिविधि का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल दृष्टि वीरा केंद्र सूरत** द्वारा चेयरपर्सन वीरा निशा सेठिया, सचिव वीरा सुमन जैन, उपाध्यक्ष वीरा मीनाक्षी जैन, वीरा डॉक्टर फाल्गुनी शाह, वीरा मनीषा रांका की उपस्थिति में मंगल गीतों एवं सफा खेस से अभिनंदन किया गया। सभी पारिवारिक जनो के साथ प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान को मोमेंटो भेंट किया गया। धार्मिक चर्चा के साथ वर्षीतप अनुमोदना कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मुंबई संभाग

### महावीर इंटरनेशनल पवई केंद्र
### छाता वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल पवई केंद्र** के सदस्य मुरबाद तालुका के दो आदिवासी गांवों में गए और आदिवासी महिलाओं और बच्चों को सेनेटरी पैड, पैंटी के लगभग 100 पैकेट, बेबी किट के 10 पैकेट, नोटबुक और पेन के 30 सेट और कपड़े वितरित किए गए। 5 मई को





छाता वितरण कार्यक्रम

पदाधिकारियों व सदस्यों ने चाँदिविली तथा पवई इलाके में सुकून की छांव कार्यक्रम के तहत 13 छतरियों का जरूरतमंद लोगों को वितरण किया गया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर अमित जैन, सचिव वीर विनोद कूमट, वीर मुकेश शर्मा, वीर अमित जैन, वीर नरेश बिलाला, वीर रजनीश कुमार, वीरा इशिका जैन, वीरा सरिता कूमट, वीरा शुचि शर्मा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## रीजन-9

## महाकौशल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र बालाघाट
### नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र बालाघाट** द्वारा प्रतिमाह आयोजित नि:शुल्क मोतियाबिंद



नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

जांच शिविर बहेला, लांजी, भानेगांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर मे 20 मरीज चयनित किए गए।

### महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र परसवाडा
### रक्तदान शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र परसवाडा** द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 32 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। साथ ही गौशाला में चारा वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्र



रक्तदान शिविर का आयोजन

चेयरमैन वीर दर्शन जैन, कोषाध्यक्ष वीर अवतार अवधिया, वीर पियूष कोचर, वीर सिद्धार्थ जैन, वीर ऋषभ जैन, वीर दक्ष जैन, वीर दर्शील जैन, वीर हुकुमचंद जैन, वीर अमित लूनावत, वीर राकेश कोचर, वीर विमल कोचर, वीर चुन्नीलाल मुनोट व समस्त युवा एवं महिला बच्चें उपस्थित रहे।

## विदर्भ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल नागपुर केंद्र व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नागपुर केंद्र** द्वारा महावीर इंटरनेशनल ट्रस्ट, नागपुर में आत्मदीपम सोसाइटी




व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम

के नेत्रहीन कैदियों को एक व्हीलचेयर दान की गई। जिसने वर्धा जिले के सवांगी मेघे में अंबेडकर कॉलेज ऑफ सोशल वर्क में डिजिटल साक्षरता लैब की एक नई शाखा शुरू की हैं।

## रीजन-10

## आँध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल लेडीज क्लब विशाखापटनम केंद्र छाछ वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल लेडीज क्लब विशाखापटनम केंद्र** द्वारा 19 अप्रैल को बुजुर्ग लोगों के लिए सौंदर्य प्रसाधन और 3 महीने का



छाछ वितरण कार्यक्रम

प्रावधान सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कुल 20 सदस्यों का सौंदर्यीकरण किया गया। प्रियदर्शिनी वृद्धाश्रम में छाछ भी वितरित की गयी। 1 मई को महावीर विशाखापटनम चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से वीणा के बुटीक में 500 पैकेट बटर मिल्क का वितरण सफलतापूर्वक पूरा किया। परियोजना में कुल 29 सदस्यों ने भाग लिया। 'दूसरा प्रोजेक्ट' प्रियदर्शिनी वृद्धाश्रम में सफलतापूर्वक पूरा हुआ। बिजली कटौती के दौरान सहायता करने और वातावरण को ठंडा और आरामदायक बनाए रखने के लिए एक इन्वर्टर बैटरी दान की गई।

## तमिलनाडु-केरला संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से निम्न स्थानों पर नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में अग्रवाल आई एवं एम.एन.आई. अस्पताल की चिकित्सिकीय टीम द्वारा 767 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिनमें से 75 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए जिनका नि:शुल्क ऑपरेशन कराने के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। 433 मरीजों की आंखें जांच में कमजोर पाई गई जिनको चश्में बनाकर दिए





नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

जाएंगे। 216 मरीजों की मधुमेह व रक्तचाप की जांच की गयी। डॉ. राजकुमार इण्डियन वॉलंटरी ब्लड बैंक द्वारा लोगों को परीक्षण करके 36 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। डॉ. ज्योति जैन जननी डेण्टल क्लिनिक द्वारा 83 मरीजों को देखकर नि:शुल्क दवा दी गयी। डॉ. धनलक्ष्मी धनम फिजियो रेहब क्लीनिक द्वारा 89 मरीजों को चिकित्सा दी गयी। डॉ. अभीरामी प्रेमनाथ द्वारा C2H नेचुरोपैथी का इलाज 45 लोगों का नि:शुल्क किया गया। एक अपंग का नि:शुल्क पांव बनाने के लिए कारखाने भेजा गया तथा आये हुवे सभी लोगों को अन्नदानम के अंतर्गत भोजन के पैकेट दिये गये। जरुरतमंदों को 4 श्रवण यंत्र, कमर पट्टा, 60 आई ड्रॉप्स, घुटने के मोजे, सर्वाइकल कालर, जरूरतमंद को बुढापे की लाठी, पेन बाम, पेन स्प्रे, कूल पैक, आयुर्वेदिक पेनबाम, हाथ के दस्ताने, क्रेप बैंडेज दिये गए। 21 अप्रैल को श्रमण भगवान महावीर जी के 2623 जन्म कल्याणक महोत्सव श्री जैन महासंघ के सानिध्य में श्री जैन दादावाडी अयनावरम चेन्नई 600023 में मनाया गया। श्री मान के सुभाषचंद जी कस्तूरीबाई रांका गोपालपुरम वालों के सहयोग से आये हुए 600 लोगों कों पर्यावरण के अन्तर्गत "कपड़े की थैली मेरी सहेली" के नारे के साथ सभी कों नि:शुल्क बांटी गयी। जरूरतमंदों को 216 मॉनिसन बाम, 348 जैल, 98 स्प्रे, 59 घुटने के मौजें, 37 गरम पानी की थैली, श्रवण यंत्र, कमर के पट्टे, गले के पट्टे, हाथ के पट्टे,

बुजर्गो की लट्टी अन्य कई चीजे लोगों ने ली। इन विभिन्न अवसरों पर वीरा इंदिरा निरंजन सोलंकी, वीर हीरालाल कोठारी, वीर प्रवीण छाजेड, वीर ललित रांका, वीर महेंद्र गुणवंती पगारीया, वीर महेंद्र बोहरा, वीर महेश खिवसरा, वीर संपतराज ओसवाल, वीर ज्ञानचंद कटारिया, वीर घेवरचंद नामदेव, वीर पदमचंद मुथा, वीरा उषाबाई खिवसरा, वीरा ललिता गुलेछा, वीर प्रवीण हिंगड़ आदि गणमान्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र
## नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 1478 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 138 मरीजों की आंखो में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 920 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। 638 मरीजों की रक्तचाप व मधुमेह जांच की गई। 228 मरीजों को आंखों की दवाई का वितरण किया गया। वीर सुरेश सिंघवी द्वारा 61 लोगों ने एक्यूप्रेशर का लाभ लिया। 21 अप्रैल को भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में 'एक शाम भगवान महावीर के नाम' भक्ति संध्या का आयोजन चेतपेट स्थित चिन्मया हेरिटेज ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नेत्र चिकित्सा शिविरों में सहयोग करने वाले सभी का अभिनंदन शॉल व स्मृति चिन्ह से आई कैम्प डायरेक्टर वीरा पुनमचंद मंडोत, सह-डायरेक्टर वीर महावीर खाबीया व कन्वेनर वीर राजेन्द्र खारीवाल ने किया। कार्यक्रम के सहयोगी जीतेन्द्र, राकेश, डॉ. कैलाश मंडोत का सम्मान वाइस चेयरमैन वीर दिनेश भलगट व विजयराज गांधी ने किया। 8 मई को बुधवार साधर्मिक परिवार के सहयोग से पिंजरापोल गौशाला ओटेरी में गौमाताओं को पालक व हरी घास वितरण किया गया। चेंगलपेट कैम्प से 22 साल के एस. विजयकुमार को कॉर्निया में दिक्कत के कारण नौकरी पर नहीं जा सकने के कारण व मरीज की मां एकल माता हैं और मजदूर के रूप में काम करती हैं। उनकी खराब स्थिति के कारण, डॉ. अग्रवाल के नेत्र अनुसंधान केंद्र द्वारा एक जटिल C3R कॉर्निया सर्जरी नि:शुल्क की गयी। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी, सचिव वीर दिलीप मेहता, सह सचिव वीर गौतमचंद चोरड़िया, वीर राजेश खटेर, वीर मुकेश चुत्तर, वीर राजेश बालेचा, वीर अजीत नागोरी, वीर राजेन्द्र बेताला, वीर मनोज गुप्ता, वीर पूनमचंद मांडोत, वीर अशोकनाहर, वीर पंकज, वीर गिरिश मरलेचा, वीर नरेश खीचा, वीर पारसमल तोलावत, वीरा उषा परमार आदि गणमान्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।



नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नॉर्थ टाउन केंद्र
## मास्टर हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नॉर्थ टाउन केंद्र व महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र के संयुक्त तत्वावधान** में 28 अप्रैल को श्रीमती प्रेम कंवर पुखराज जी खीचा एंड संस नॉर्थ टाऊन परिवार के सहयोग से क्लब हाउस, नॉर्थ टाउन में मास्टर हेल्थ चेकअप कैम्प संपन्न हुआ। जिसमें 59 लोगों का कोलेस्ट्रॉल, थाइराइड, डायबिटिस, ईसीजी आदि जांच लैब टेक्नीशियन विजयकुमार व टीम द्वारा किया गया। चेयरमैन वीर दिलखुशराज धोका, वाइस चेयरमैन वीर शांतिलाल चौधरी ने शॉल ओढ़ाकर महावीर, हार्दिक खींचा का स्वागत किया। सचिव वीर रमेश नाहटा ने संचालन किया। कमला सज्जनराज मेहता, श्रेणीक नाहार, बबीता बैद विशेष अतिथि पधारें। चेन्नई मेट्रो केंद्र चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कैम्प में सह-सचिव वीर महावीर सबदडा, वीर गौतमचंद मुथा, कोषाध्यक्ष वीर बुधप्रकाश डोसी, वीर अनिल मेहता, वीर पारस रांका, वीर मनोज कोठारी, वीर सुरेश बैद, वीर निर्मल तातेड, वीर विकास मरडिया, वीर भावेश जैन, वीर कुणाल बाफना आदि ने सेवाएं प्रदान की।



मास्टर हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन

## महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र
## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र के संयुक्त तत्वावधान** में नवरंग ट्रेडर्स चेंगलपेट के सहयोग से चेंगलपेट स्थिति जैन भवन में 24 अप्रैल को 2624वां नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अग्रवाल आई अस्पताल की चिकित्सिकीय टीम ने 115 मरीजों की आंखों की जांच की जिनमें



नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

से 33 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 71 जनों को चश्में बनाकर दिए जाएंगे। 54 मरीजों की रक्तचाप व मधुमेह जांच भी की गई, 19 मरीजों को आंखों दवाई दी गई। शिविर में वीर अजीत चोरड़िया, वीर पदम सिंघवी, वीर सुमति सिंघवी, वीर मोहनलाल गड़वानी, वीर जितेन्द्र मकना, वीर दिलीप जैन एवं अन्य सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

## महावीर इंटरनेशनल हेरिटेज केंद्र चेन्नई
## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल हेरिटेज केंद्र चेन्नई** द्वारा 5 मई को लिटिल ड्राप्स अनाथाश्रम की सोमनमंगलम चेन्नई की शाखा में 430 स्त्री पुरूषों को स्वादिष्ट भोजन मिष्ठान सहित खिलाया गया। सभी इनमेट्स को चाय के साथ बिस्किट व नमकीन भी दिये गये। उस अनाथाश्रम को एक घंटे में 500 इडली बन सके वैसा इडली कुकर भी प्रदान किया जायेगा। अनाथाश्रम को चावल, दाल, चायपत्ती, शक्कर, आदि अनेक जरूरी सामान भी दिये गये। 12 मई को श्री रेख चंद जी बाघमार एंड सनस व त्रिवेणी जैन संघ चेन्नई वालों के सहयोग से श्री अमृत जैन भवन विल्लीवाकम के प्रांगण में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर मे एमएन आई अस्पताल की चिकित्सिकीय टीम ने 60 मरीजों की आंखों की जांच की जिनमें 9 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। साथ ही 28 मरीजों को चश्में बनाकर दिए जाएंगे। बुजुर्गो को घुटने के मौजें व पेन जैल भी दिए गए। शिविर में पर्यावरण को बचाने के लिए भी जानकारी दी गई। इन अवसरों पर अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर समदरिया फतेह चंद, केंद्र चेयरमैन वीर प्रकाश बोहरा, सचिव वीर विमल बोहरा, कोषाध्यक्ष वीर कमल ओस्टवाल, वीर अशोक शर्मा, वीर सुरेश कोठारी, वीर महावीर सिंघवी, वीर ताराचंद तातेड़, वीर माणक चंद, वीर प्रमोद गोठी, वीर सोहनलाल, वीर महावीर सोनी, वीर सुशील नाहर, वीर अमित खिवसरा, वीर प्रसन्न सेठिया, वीर उत्तम दुगड, वीर गौतम बाघमार, वीर बसंत कँवर, वीर केवल चंद संचेती, वीर अमर चंद, वीर अशोक कुमार छाजेड़ आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई लेडिज नॉर्थ टाऊन केंद्र
## भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नॉर्थ टाऊन लेडिज केंद्र** द्वारा तमिलनाडु ब्लाइंड एसोसिएशन, तंडियारपेट में अन्नदानम के तहत 29 अप्रैल को नाश्ता श्रीमती त्रिशलाबाई सबदडा की स्मृति में सबदडा परिवार के सहयोग से करीब 50 नेत्रहीन व्यक्तियों को करवाया गया। 5 मई को केंद्र द्वारा महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र शिविर एसपीआर सिटी में श्री हुकमीचंदजी खिवंसरा की स्मृति



भोजन वितरण कार्यक्रम

में सुरेंद्र कुमार, सिद्धार्थ, अभिषेक खिवंसरा, नॉर्थ टाउन निवासी के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अग्रवाल नेत्र अस्पताल की टीम द्वारा 190 मरीजों की नेत्र जांच की गई। जिसमें करीब 97 जरूरतमंदों को चश्में बना कर दिए जाएंगे। साथ ही एसपीआर सिटी में पर्यावरण की सुरक्षा हेतु 'कपड़े की थैली मेरी सहेली' का आयोजन किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर चेयरपर्सन वीरा ललिता सबदडा, सचिव वीरा शीतल पिपाडा, कोषाध्यक्ष वीरा प्रेमलता भंडारी, वीरा पुष्पा चोरड़िया, वीरा सरीता ललवानी, वीरा सकुंतला खारीवाल, वीरा ममता कोठारी, वीरा नीर्मला खींवसरा आदि वीरा सदस्याओं की उपस्थिति रही।

# तेलंगाना संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर जीएचएमसी कर्मी बस्ती, गांधी अस्पताल एवं श्याम मंदिर काचीगुडा में श्रेया कोठारी, वीरा मनीषा पांडे, वीर रिखब पगारिया एवं वीर महावीर चाणोदिया के सहयोग से 711 लोगों को भोजन परोसा गया। 10 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर लुनिया एस्टेट सुल्तान



गन्ने का रस वितरण कार्यक्रम

बाजार के पास गन्ने का रस वितरित किया गया। 28 अप्रैल को जीएचएमसी कर्मचारी बस्ती अमीरपेट में किताबों के उपहार के साथ युवा दिमागों के लिए नई दुनिया खोली, और आवश्यक सैनिटरी पैड एवं कपड़े के बैग प्रदान करके, स्वास्थ्य और गरिमा को बढ़ावा देकर महिलाओं को सशक्त बनाया। 4 मई को हिमायतनगर में मिशा जैन के सहयोग से प्रोजेक्ट ट्रीट्स ऑन द स्ट्रीट्स के माध्यम से बच्चों को स्टील के टिफिन, पानी की बोतलें, वड़ा पाव,

चॉकलेट, स्नैक्स, माजा, आइसक्रीम, गुब्बारे और स्टेशनरी देकर अपना जन्मदिन दिल छू लेने वाले अंदाज में मनाया। इन अवसरों पर परियोजना संयोजक वीर मोहित सुराणा, वीर रोशन जैन, वीर अरिहंत नाहर, केंद्र चेयरमैन वीर आयुष कोठारी, सचिव वीरा पूजा पितलिया, संयुक्त सचिव वीरा प्रेरणा जैन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर कोठी में प्रोजेक्ट रिलीव द हंगर के तहत अन्नदान प्रसादम का आयोजन



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

किया गया। कार्यक्रमों में विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से करीब 600 जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। 1 अप्रैल 2023 के बाद से यह 59वां भूख निवारण कार्यक्रम रहा, जिसमें कुल 9000 से अधिक जरूरतमंद लोगों की सेवा की गई और परियोजना की कुल लागत लगभग रु.2,95,000/- रही। केंद्र द्वारा एक स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता वॉक और टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र ने 300 से अधिक सूती बैग, 2 छाते वितरित किए और प्रकृति की रक्षा के लिए पार्क में टहलने वालों से प्रतिज्ञा पत्र के माध्यम से प्रतिज्ञा ली। 5 मई को रजत जयंती वर्ष समारोह के तहत नरसापुर वन में एक जानवर (बंदरों) को भोजन देने की गतिविधि आयोजित की। बंदरों को केला, गाजर, टमाटर, बिस्कुट, चना, पानी आदि खाना खिलाया गया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर विनोद संचेती, सचिव वीर अनुप बडेरा, वीर अजय नाहटा, वीरा राखी बाफना, वीर अनिल भोरा, वीर अरुण खिंवासरा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल अतुल्यनारी वीरा केंद्र, हैदराबाद छाछ वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अतुल्यनारी वीरा केंद्र, हैदराबाद** द्वारा 28 अप्रैल को कोटि महिला महाविद्यालय के पास रॉबिन हुड आर्मी के



**छाछ वितरण कार्यक्रम**

सहयोग से 5000 छाछ के पाउच और 500 किलोग्राम तरबूज वितरित किए गए। 2 मई को एक छात्रा को उसके चौथे सेमिस्टर की कॉलेज फीस 38055/- रुपये का भुगतान करके उसके भविष्य के प्रयासों के लिए समर्थन दिया गया। 12 मई को स्टेलर रेजीडेंसी, नारायणगुडा में 1000 छाछ के पाउच वितरित किये गए। इन अवसरों पर वीरा राजकुमारी श्रीश्रीमाल, वीरा साक्षी श्रीश्रीमल, वीरा चांदनी बाफना, वीरा आरती गदिया, वीरा मोनिका लुक्कर, वीरा मोनिका सुराणा, वीरा बबीता श्रीश्रीमाल, वीरा सीमा लोढ़ा, वीरा शैला मोला, वीरा गीता बाम्बोली, वीरा प्रेक्षा बाम्बोली, साक्षी जैन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



महावीर प्रवाह 28 मई 2024 (मासिक पत्रिका) RNI No. RAJBIL/2013/53515

# महावीर इंटरनेशनल सुर्खियों में


शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन


महावीर इंटरनेशनल शाखा नोगामा ने वितरित किए परिंडे


एक शाम भगवान महावीर के नाम भक्ति संध्या का आयोजन
तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है, ओ मां...


महावीर इंटरनेशनल बिजयनगर की वीरा बहनों ने वाटर कूलर किया प्रदान


हनुमान जयन्ती पर गरीबों को कराया भोजन


कपड़े की थैली मेरी सहेली अभियान का हुआ आगाज
महावीर इंटरनेशनल राज श्री वीरा केंद्र की नई पहल


पहले दिन मोहाली के महावीर वाटिका पहुंची ट्री एंबुलेंस


जरुरतमंदों को 125 छातों का किया गया वितरण


महावीर इंटरनेशनल मीरा द्वारा सेनेट्री नैपकिन वितरण


उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वीरा का किया सम्मान
महावीर इंटरनेशनल विजय वीरा केंद्र बोरावड़ द्वारा किया गया सम्मान


महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू व पद्मावती केंद्रों द्वारा कन्या के विवाह में आशीर्वाद

स्वत्वाधिकारी **महावीर इंटरनेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट** के लिए प्रकाशक, मुद्रक सम्पादक डॉ. रश्मि सारस्वत द्वारा अशोका ऑफसेट, 5-6, लक्ष्मीनारायण मन्दिर कॉम्पलेक्स, गुरुनानकपुरा, राजा पार्क, जयपुर से मुद्रित एवं एस-10, महावीर इन्टरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर से प्रकाशित

**प्रेषक: एस-10, महावीर इंटरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर**